# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शुक्रवार, 1 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 76 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1914:** प्रथम विश्व युद्ध शुरू।

**1920:** महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन की शुरुआत की।

**1957:** नेशनल बुक ट्रस्ट की स्थापना।

**1960:** पाकिस्तान की राजधानी कराची से बदलकर इस्लामाबाद कर दिया गया।

**1920:** विद्वान, गणितज्ञ, दार्शनिक और भारतीय राष्ट्रवादी नेता बाल गंगाधर तिलक का निधन।

देवघर एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति, छात्रों को दिया मेडल और डिग्री

# एम्स में प्रवेश पाना कुशल डॉक्टर बनने की गारंटी : राष्ट्रपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** डायग्नोसिस और सर्जरी में आप पूरी तरह से क्लिनिकल बनिये लेकिन व्यवहार में क्लिनिकल मत बनिये। ये बातें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार 31 जुलाई को बाबानगरी देवघर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान देवघर के प्रथम दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि अच्छा डॉक्टर बनना बड़ी बात है, लेकिन अच्छा इंसान बनना, उससे भी बड़ी बात है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि एम्स देवघर के विकास से उनकी विशेष स्मृतियां जुड़ी हैं। वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा से इस संस्थान का ऑनलाइन उद्घाटन किया था। उस समय वह (द्रौपदी मुर्मू) झारखंड की राज्यपाल की हैसियत से यहां मौजूद थीं। आज जब प्रथम दीक्षांत समारोह हो रहा है तो भी वह यहां मौजूद हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आशा करती हूं कि आज के दीक्षांत समारोह के साथ कल्चर और एक्सलेंस का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने दीक्षांत समारोह में उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को बधाई दी। साथ ही उनके परिजनों, एम्स देवघर के प्राध्यापकों की भी सराहना की। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता जतायी कि दीक्षांत समारोह में पदक पाने वाले स्टूडेंट्स में बेटियां अधिक हैं। उन्होंने कहा कि एम्स देवघर में छात्र-छात्राओं की संख्या लगभग समान हो गयी है। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा कि एम्स में प्रवेश पाना और शिक्षा हासिल करना इस बात की गारंटी मानी जाती है कि आप एक कुशल डॉक्टर बनें। आपको अच्छा डॉक्टर बनना है। अच्छे डॉक्टर में सेंसिटिव कम्युनिकेशन की क्षमता भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा किहमने ऐसे डॉक्टर भी देखे हैं जिनसे मिलने के बाद मरीज और उनके परिजन बेहतर महसूस



करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि डायग्नोसिस और सर्जरी में आप पूरी तरह क्लिनिकल रहिये लेकिन व्यवहार में क्लिनिकल मत रहिये। सौहार्द के साथ सलाह दीजिए। राष्ट्रपति ने कहा कि हम भगवान को मानते हैं। बाबा बैद्यनाथ को मानते हैं लेकिन उनके हाथ-पैर नहीं हैं। आप भगवान के प्रतिनिधि हैं। इसलिए आप जीवित भगवान हैं। उन्होंने कहा कि एक अच्छा डॉक्टर बनना बड़ी बात है। एक अच्छा इंसान बनना और भी बड़ी बात है। आप अनगिनत लोगों के जीवन में उजाला कर सकते हैं। प्रकृति और परिस्थितियों और आपकी कुशलता और परिश्रम ने आपको समाज में जो स्थान दिया है उसका सदुपयोग करके आप समाज निर्माण में भी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं चाहूंगी कि आप प्राथमिक चिकित्सा में भी अपना योगदान दें। एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने हाथों 48 एमबीबीएस में चार को मेडल और पांच को उपाधि दिया। इसमें डॉ. अश्मित अग्रवाल को स्वर्ण पदक, डॉ. तनिष्क को रजत, डॉ. हर्षविन को कांस्य पद दिया। प्रथम बैच की एमबीबीएस डॉ. ऋचा जायसवाल को सबसे अधिक उपस्थिति के लिए सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने इसके अलावा पांच एमबीबीएस को उपाधि दिया। इसमें डॉ. अंजनी कुमारी, डॉ. गौतम शंकर, डॉ. सुमिता सिन्हा, डॉ. शिक्षा सिंह और डॉ. ओम शंकर शामिल हैं। इस मौके पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रपति के झारखंड के राज्यपाल के रूप में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सादगी, मृदु स्वभाव एवं जनसरोकारों के प्रति समर्पण ने उन्हें झारखंडवासियों के हृदय में विशिष्ट स्थान दिलाया है। उन्होंने राष्ट्रपति को देश की लाखों बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। राज्यपाल ने कहा कि यह केवल एक शैक्षणिक आयोजन नहीं बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक नई सामाजिक जिम्मेदारी के आरंभ का क्षण है। उन्होंने नवस्नातकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि चिकित्सा का मार्ग मात्र एक करियर का चयन नहीं है, बल्कि संवेदना, सेवा और नैतिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने एम्स, देवघर की स्थापना के लिए भारत के प्रधानमंत्री का विशेष आभार प्रकट किया और कहा कि यह संस्थान न केवल झारखंड, बल्कि बिहार और बंगाल जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए भी स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बन चुका है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से जुड़ा हुआ कदम बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### बंद पत्थर खदान में तैरता मिला शव

**पाकुड़ (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के महारो गांव में स्थित एक बंद पड़े पत्थर खदान में बुधवार देर रात एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ पाया गया। पानी से भरे इस खदान में शव को सबसे पहले गांव के कुछ लोगों ने देखा जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए और तुरंत इसकी सूचना हिरणपुर थाना को दी गई।

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी झड़प

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के देवरी थाना क्षेत्र के खोजाटोल गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी झड़प हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई और लाठी-डंडे के साथ तलवार और भाले भी चले। इस हिंसक घटना में पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों में कुनी महथा, सुखनी देवी, संजय महथा, कौशल्या देवी और गुंजा कुमारी शामिल हैं।

### नक्सलियों ने रेलवे ट्रैक पर लगाया बैनर

**चाईबासा (नबिटा ब्यूरो)।** चक्रधरपुर रेल मंडल के किरीबुरु-करमपदा रेलवे ट्रैक पर बुधवार की रात नक्सलियों ने बैनर लगा दिया। इस कारण रातभर इस मार्ग पर रेल परिचालन पूरी तरह से ठप रहा। यह मार्ग मुख्य रूप से मालगाड़ियों के परिचालन के लिए उपयोग किया जाता है। भाकपा माओवादी नक्सलियों द्वारा लगाए गए बैनर की सूचना मिलने के बाद पुलिस और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। जांच पूरी होने के बाद ही इस मार्ग पर रेल परिचालन फिर से शुरू किया गया।

### पत्नी पर पति की हत्या का आरोप

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** ओकनी मोहल्ले में बुधवार को फांसी से झूलते मिले राजा के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन गुरुवार को लोहसिंघना थाना ले गए। परिजनों ने थाने के सामने शव रखकर सड़क जाम कर दिया और न्याय की मांग की। मृतक राजा की मां आशा देवी ने थाना में दिए आवेदन में कहा कि राजा की मौत फांसी लगाकर नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजा को मारकर फांसी पर लटका दिया गया है। उन्होंने हत्या का आरोप राजा की पत्नी रानी पर लगाया है।

### ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत

**मेहदनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना अंतर्गत नावाडीह गांव में गुरुवार को एक दुखद घटना में ट्रैक्टर के नीचे दबने से 45 वर्षीय किसान अभिनय सिंह उर्फ अनुज सिंह की मौत हो गई। घटना उस समय हुई, जब अभिनय का ड्राइवर ट्रैक्टर लेकर खेत में काम कर रहा था। ट्रैक्टर खेत में फंस गया और ड्राइवर उसे निकालने में असफल रहा। सूचना मिलने पर अभिनय मौके पर पहुंचे। काफी प्रयास के बाद ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में अभिनय ट्रैक्टर के नीचे दब गए।

# राज्यहित में सभी दलों को मिलकर काम करना चाहिए : हेमंत

## झारखंड विधानसभा मानसून सत्र को लेकर सर्वदलीय बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के सुचारू और सफल संचालन को लेकर गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, भाकपा माले विधायक अरूप चटर्जी, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के विधायक तिवारी महतो, निर्दलीय विधायक जयराम महतो और राजद विधायक सुरेश पासवान समेत विभिन्न दलों के विधायक शामिल हुए। बैठक के दौरान आगामी मानसून सत्र को शांतिपूर्ण, गरिमामय और व्यवस्थित ढंग से संचालित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी दलों से आग्रह किया कि वे सदन की मर्यादा बनाए रखें और प्रश्नकाल के दौरान सरकार की ओर से दिए जाने वाले जवाब स्पष्ट और संतोषजनक हों। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों पर गंभीर और सार्थक चर्चा ही लोकतंत्र की असली पहचान है, इसलिए सभी सदस्यों को संयम और जिम्मेदारी के साथ भागीदारी निभानी चाहिए।



बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले हर मुद्दे और सवाल का तर्कसंगत और तथ्यों पर आधारित जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि सदन में सभी दल सकारात्मक और रचनात्मक ढंग से अपने विचार रखें, ताकि कार्यवाही सुचारू रूप से चल सके। मुख्यमंत्री ने यह भी उम्मीद जताई कि इस मानसून सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच जनहित, विकास और कल्याणकारी योजनाओं को लेकर सार्थक बहस होगी जिससे ठोस निर्णय लिए जा सकें। उन्होंने विपक्ष से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि राज्यहित में सभी दलों को मिलकर काम करना चाहिए। सर्वदलीय बैठक में उपस्थित सभी दलों के नेताओं ने विधानसभा सत्र को शांतिपूर्ण और प्रभावी ढंग से चलाने में सहयोग का भरोसा दिया।

# चार अगस्त को पेश होगा अनुपूरक बजट : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 से 7 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 4 अगस्त को राज्य सरकार की ओर से सदन में अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह सत्र पूरी तरह से किसानों को समर्पित रहेगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष झारखंड में मानसून मेहरबान रहा है। अच्छी बारिश के चलते खेतों में तेजी से काम हो रहा है जिससे किसानों को राहत मिली है। हालांकि कई जिलों में अधिक वर्षा के कारण फसलें प्रभावित हुई हैं, किसानों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और कई ग्रामीण इलाकों में पुल-पुलिया और सड़कों को भी नुकसान पहुंचा है। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि हाल ही में आयोजित सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी दलों से अपील की कि मानसून सत्र में किसानों की समस्याओं पर विशेष चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि यह सत्र किसानों के मुद्दों को प्राथमिकता देने और उनके समाधान के लिए ठोस पहल करने का अवसर बने। विपक्ष को सलाह देते हुए श्री किशोर ने कहा कि सत्र का समय सीमित है, ऐसे में विपक्ष को इसका सदुपयोग करना चाहिए। छोटा सत्र होने की बात दोहराने के बजाय किसानों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर रचनात्मक बहस में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने भरोसा जताया कि सरकार चाहती है कि मानसून सत्र के प्रत्येक दिन का उपयोग जनता के हित में हो। न केवल किसानों की समस्याएं बल्कि जनसरोकार से जुड़े अन्य अहम विषयों पर भी गंभीरता से विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह मानसून सत्र बेहद सार्थक और फलदायी साबित होगा।

# दूध टैंकर में पानी मिला खपाने की योजना विफल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** टैंकर से दूध निकाल कर डेयरी फार्म में खपाने का मामला सामने आया है। बुधवार की शाम को रामगढ़ रांची फोरलेन बाईपास में रॉबिन होटल के पास टैंकर से दूध निकाल कर पिकअप वैन में लदे टंकी और ड्रम में भरा जा रहा था। दूध में मिलावट की सूचना मिलने पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री और रामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। यहां पदाधिकारी ने दूध टैंकर और पिकअप बोलेरो की जांच की। इस दौरान पदाधिकारी ने पाया कि टैंकर से दूध निकाल कर पिकअप में लदे टंकी व ड्रम में भरा जा रहा है। वहीं, पानी भरा कई ड्रम भी पाया गया। घटना के बाद दोनों गाड़ी के चालक व खलासी फरार हो गए। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री ने जांच के दौरान बताया कि टैंकर में करीब 30 हजार लीटर दूध लदा था। संदेहास्पद गतिविधियों को देखते हुए उन्होंने दूध के सैंपल जांच के लिए संग्रहित किया है जबकि टैंकर के दूध को नष्ट करने की प्रक्रिया की जाएगी। उन्होंने बताया कि खाद सामग्री के साथ किसी तरह की मिलावट लोगों की सेहत के लिए गंभीर खतरा है। दूध के सैंपल को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। इसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह दूध टैंकर ओडिशा से यूपी जा रहा था। रास्ते में रॉबिन होटल के पास टैंकर को रोका गया और यहां से दूध निकाल कर दूसरी गाड़ी में रखे करीब 4 हजार लीटर की टंकी व ड्रम में भरा जा रहा था। निकाले गए दूध के बदले टैंकर में पानी मिलाने की तैयारी थी। इसके लिए मोटर पंप और पानी से भरे ड्रम पहले से तैयार रखे गए थे। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी की शिकायत पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# मतदान केंद्रों के मैप में सेक्शन बनाना अनिवार्य : के. रवि कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन और आवश्यक तैयारियों की समीक्षा हेतु आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की। बैठक के दौरान श्री कुमार ने निर्देश दिया कि प्रत्येक मतदान केंद्र के क्षेत्र में मतदाता पहचान पत्र में दिया गया पता सही ढंग से अंकित हो, इसके लिए मतदान केंद्र के मैप में सेक्शन बनाना अनिवार्य है। इससे मतदाताओं की पहचान और सूची निर्माण में अधिक सटीकता आएगी। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान केंद्र के विखंडन के समय यह विशेष ध्यान रखा जाए कि एक ही परिवार या एक ही टोले



के मतदाताओं को अलग-अलग मतदान केंद्रों पर न जाना पड़े ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और मतदान प्रक्रिया में अधिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके। बैठक में श्री कुमार ने सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने जिलों में पुनरीक्षण कार्य हेतु टीमों को सक्रिय करें और प्रगति की नियमित समीक्षा करें। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अपर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी (रामगढ़) रविन्द्र कुमार उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए।

# कोडरमा-कोवाड़ रेलमार्ग पर मालगाड़ी बेपटरी

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में गुरुवार की सुबह लगभग आठ बजे कोडरमा-कोवाड़ रेल मार्ग पर एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। यह हादसा कोवाड़-सलैया रेलवे स्टेशन के बीच पोल नंबर 9/10 और ब्रिज नंबर 207 के पास हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। अधिकारियों ने बताया कि मालगाड़ी को पटरी पर वापस लाने का काम युद्ध स्तर पर जारी है। इस घटना के कारण कोडरमा-कोवाड़ रेलवे लाइन पर ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह से बाधित हो गया है। रेलवे की टीम सुबह से ही मरम्मत कार्य में जुटी हुई है। अभी तक मालगाड़ी को पटरी पर लाने का काम जारी है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही परिचालन बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

नीति आयोग के संपूर्णता अभियान में बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को डीसी ने किया सम्मानित

# सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित करना सुखद अहसास : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में गुरुवार को जिला प्रशासन की तरफ से संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जुलाई 2024 से सितंबर 2024 तक संचालित किए गए संपूर्णता अभियान के दौरान स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस, उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, सहायक समाहर्ता हिमांशु कुमार समेत अन्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया किया गया। तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में किए गए



कार्यों से संबंधित स्क्रीन पर वीडियो दिखाया गया। समारोह में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, वित्तीय समावेशन, बुनियादी ढांचा, आजीविका और कौशल विकास जैसे कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, हरिहरगंज, छत्तरपुर, एवं तरहसी बीडीओ समेत मनरेगा व आवास कोऑर्डिनेटर, शिक्षा विभाग के कई बीआरपी, सीआरपी, कृषि विभाग के एटीएम, बीटीएम, प्रधानाध्यापक नरेन्द्र पांडेय समेत अन्य को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि जुलाई से सितंबर 2024 तक जिले में नीति आयोग के निर्देशानुसार संपूर्णता अभियान का क्रियान्वयन किया गया था जिसके तहत शिक्षा स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, वित्तीय समावेशन, बुनियादी ढांचा, आजीविका और कौशल विकास जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लक्ष्य आधारित कार्य किए गए थे। उन क्षेत्रों में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति कर भारत सरकार और नीति आयोग के सूचकांकों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की, यह हमारे लिये गर्व का विषय है। इसी निमित आज इस कार्यक्रम के जरिये उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों के प्रति प्रतिबद्ध सेवा भाव को मान्यता देने का एक विनम्र प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि समाज के समग्र विकास में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित करना सुखद अहसास कराता है। उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्य रुकना नहीं चाहिये। उन्होंने कहा कि पलामू एक आकांक्षी जिला व हरिहरगंज आकांक्षी प्रखंड है जहां सूचकांकों पर कार्य किया जाता है। उन्होंने सभी से इसी तरह विकास की गति को बनाये रखने की अपील की। इस अवसर पर उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, एएसपी, सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक, हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश पांडे, विश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि धनंजय पासवान समेत विभिन्न पदाधिकारी, सेविका व सहायिका उपस्थित रहे।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## एग्जाम देकर हॉस्टल से घर लौट रहे थे, खड़े ट्रक में जा घुसा ऑटो

# लखीसराय में इंजीनियरिंग के 3 छात्रों की मौत: 2 स्टूडेंट पटना रेफर




**लखीसराय, एजेंसी।** लखीसराय-जमुई बॉर्डर पर नोनगढ़ चेक पोस्ट के पास गुरुवार सुबह सड़क हादसे में इंजीनियरिंग के 3 छात्रों की मौत हो गई। हादसे में 2 छात्र गंभीर रूप से घायल हैं। सभी शिव सोहना इंजीनियरिंग कॉलेज में तीसरे सेमेस्टर के छात्र थे। बुधवार को परीक्षा खत्म होने के बाद गुरुवार सुबह सभी हॉस्टल से घर लौट रहे थे। छात्रों से भरा ऑटो सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। घटना की सूचना मिलते ही तेतरहाट और जमुई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद ड्राइवर ऑटो लेकर फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### एग्जाम के बाद घर लौट रहे थे सभी

पुलिस के अनुसार, सभी शिव सोहना इंजीनियरिंग कॉलेज में तीसरे सेमेस्टर के छात्र थे। बुधवार को परीक्षा खत्म होने के बाद गुरुवार सुबह सभी हॉस्टल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ऑटो ट्रक से जा टकराया। हादसे में समस्तीपुर निवासी पंकज कुमार, सरोज कुमार और नालंदा के चंडी निवासी साहिल कुमार की मौत हो गई। सभी की उम्र 19 से 22 साल के बीच बताई जा रही है। वहीं, सीवान निवासी अंकित गुप्ता और अजीत यादव गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों को पटना रेफर किया गया है।

### पोस्टमॉर्टम के लिए शव जमुई भेजे गए

सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण जमुई पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जमुई अस्पताल भेज दिया है। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही शिवसोना इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल समेत कई लोग घटनास्थल पर पहुंचे। हादसे में साथियों की मौत के बाद छात्रों में गुस्सा है।

### घायल छात्र पटना रेफर

जमुई ट्रैफिक इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष आर एन अकेला ने बताया, मंझवे चेक पोस्ट से आगे एक ऑटो ट्रक से टकरा गया था। इसमें 3 इंजीनियरिंग छात्रों की मौत हुई है। 2 छात्र घायल हैं। जिसमें एक छात्र को पटना रेफर किया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल जमुई लाया गया। परिजनों की सूचित किया गया है। आगे की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### 6 छात्र हॉस्टल से घर के लिए निकले थे

शिव सोहना इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ विमलेश कुमार ने बताया, कल यानी बुधवार को थर्ड सेमेस्टर का एग्जाम खत्म होने के बाद 6 छात्र घर जाने के लिए निकले थे। लखीसराय रेलवे स्टेशन से सवा 6 बजे उनकी ट्रेन थी, इसलिए ऑटो से स्टेशन जा रहे थे। इसी बीच ऑटो खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसे में एक स्टूडेंट को मामूली चोट आई है, उसका एक हाथ फैक्चर हुआ है। उसी ने हमें फोन कर हादसे की जानकारी दी। सीवान के छात्र अंकित गुप्ता की हालत गंभीर है, उसे पटना रेफर किया गया है। 3 छात्रों की मौत हो गई है। हमने परिजनों को सूचना दी है।

# पूर्णिया में मेडिकल दुकान संचालक को मारी गोली

## लूट का विरोध करने पर अपराधियों ने दागी बुलेट, भतीजे के साथ गांव जा रहे थे

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में अपराधियों ने लूटपाट के दौरान मेडिकल दुकान संचालक को गोली मार दी। हथियारबंद 6 अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया है। गोलीबारी के बाद हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घटना कसबा थाना क्षेत्र के खगजना गांव के पास की है। स्थानीय लोगों ने पूर्णिया जीएमसीएच में एडमिट कराया। युवक की नाजुक हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घायल की पहचान अमौर के बड़ा ईदगाह हक्का निवासी जावेद आलम (48) के तौर पर हुई है। पत्नी सरकारी शिक्षक हैं। जावेद पेशे से मेडिकल प्रैक्टिसनर और मेडिकल शॉप संचालक हैं।



### बदमाशों ने घेरकर मारा

घायल के बहनोई मोहम्मद अशरफ ने बताया जावेद अपने भतीजे के साथ पूर्णिया स्थित घर से बाइक लेकर हक्का गांव जा रहे थे। गांधीनगर धर्म कांटा के पास हथियार से लैस 6 बदमाशों ने घेर लिया। जब तक कुछ समझ पाते उससे पहले कमर से पिस्टल निकालकर तान दिया। बाइक की चाभी, मोबाइल और कैश निकालकर देने को कहा। जावेद ने डटकर सामना किया। विरोध करने पर गुस्से में बदमाशों ने गोली सीधे गले में मार दी। फायरिंग के बाद भतीजे ने किसी तरह भागकर जान बचाई। जबकि वारदात के बाद बदमाश आसानी से हथियार लहराते हुए भाग निकले।

### ग्रामीणों ने पहुंचाया अस्पताल

मोहम्मद अशरफ ने आगे कहा, बदमाशों के जाते हो भतीजा वहां पहुंचा। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुटे।

फिर आनन-फानन में जावेद को कसबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच रेफर कर दिया। यहां से डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### जांच में जुटी पुलिस

वहीं, कसबा थानाध्यक्ष ज्ञान रंजन ने बताया कि बदमाशों ने लूटपाट के दौरान एक व्यक्ति को गोली मार दी है। बयान के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घायल से पूछताछ की जा रही है।

# रामदयालु को जाम से मिलेगी मुक्ति, मधुरपट्टी की दशकों की पीड़ा मिटेगी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान किए गए अपने विकास कार्यों की आधारशिला रखने गुरुवार को मुजफ्फरपुर आ रहे हैं। इस दौरान वे रामदयालुनगर में बननेवाले रेल ओवरब्रिज सहित सड़कों के चौड़ीकरण, उच्च स्तरीय आरसीसी पुल सहित कई अन्य योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री दस बजे शहर के भगवानपुर चौक के पास बनाए गए शिलान्यास स्थल पर पहुंचेंगे। यहां से वे 574.16 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल सात योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार सीएम नीतीश कुमार रामदयालुनगर को जाम से मुक्ति दिलानेवाले आरओबी के निर्माण कार्य के अलावा रामदयालुनगर-चांदनी चौक और चांदनी चौक-बखरी सड़क के चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इनका निर्माण कार्य पूरा होने के साथ शहर को जाम से पूरी तरह से मुक्ति मिल जाएगी। इसके अलावा शहर के भीतरी इलाकों के जाम की समस्या को दूर करने के लिए चंदवारा ब्रिज के एप्रोच पथ के निर्माण कार्य की भी आधारशिला रखेंगे। इसका निर्माण पूरा होने के साथ शहर के अखाड़ा घाट पुल पर दबाव कम हो जाएगा। साथ ही शहर के अंदरूनी और पूर्वी इलाकों के लोगों को चंदवारा पुल होते हुए दरभंगा फोरलेन (एनएच 57) से जुड़ने में आसानी हो जाएगी। इससे शहर के मध्य और पश्चिमी इलाके में यातायात का भार कम होगा।

### मधुरपट्टी में गई थी 11 बच्चों की जान:

मुख्यमंत्री गायघाट प्रखंड के मधुरपट्टी में उच्च स्तरीय आरसीसी पुल के निर्माण कार्य की शुरुआत के लिए आधारशिला रखेंगे। इस पुल के बन जाने से बाढ़ के दिनों में अब लोग नाव की जगह अपने वाहन से दरभंगा के लिए एनएच 57 और समस्तीपुर के लिए आसानी से सालों भर आवागमन कर सकेंगे। यह वहीं जगह हैं जहां दो साल पहले नाव से नदी पार कर स्कूल जा रहे 11 बच्चों की मौत नाव पलटने से हो गई थी। इसके अलावा सीएम शिवहर-मीनापुर-कांटी पथ के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के कार्य का शिलान्यास करेंगे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में आवेदन प्रक्रिया जारी



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा जिले के केवटी प्रखंड स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय पचाढ़ी में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6, 9 और 11 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्राचार्य विजय कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 13 अगस्त कर दी गई है। इसके साथ ही कक्षा 9 और कक्षा 11 में प्रवेश के लिए भी ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 26 जुलाई से शुरू हो चुकी है, जो 23 सितंबर 2025 तक चलेगी। केवल दरभंगा जिले के मूल निवासी छात्र-छात्राएं ही आवेदन करने के पात्र होंगे।

### ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते

कक्षा 9 में नामांकन के लिए विद्यार्थी का 01 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के बीच जन्म होना चाहिए। वह सत्र 2025-26 में कक्षा 8 में किसी सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालय में पढ़ रहा हो। कक्षा 11 में नामांकन के लिए विद्यार्थी का जन्म 01 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होना चाहिए। सत्र 2025-26 में कक्षा 10 में पढ़ रहा हो।

# बेगूसराय में एबीवीपी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष की श्रद्धांजलि सभा

## रामकुमार सिंह के योगदान पर की चर्चा, जीडी कॉलेज में प्रतिमा लगाने की मांग

**बेगूसराय, एजेंसी।** एबीवीपी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और जीडी कॉलेज के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह के निधन पर एबीवीपी की ओर से बुधवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें बिहार सरकार के राजस्व मंत्री-सह-जिला प्रभारी मंत्री संजय सरावगी, पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री शिवनारायण महतो और उत्तर बिहार के क्षेत्रीय संगठन मंत्री राकेश मौर्या सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। एबीवीपी के पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री शिवनारायण महतो ने कहा कि जिस प्रकार एक शिक्षक होते हुए यशवंत राव केलकर ने एबीवीपी को स्थापित करने के लिए काम किया था। ठीक उसी प्रकार बेगूसराय के रामकुमार बाबू यशवंत राव केलकर थे। जमींदार परिवार के होते हुए एबीवीपी के लिए कार्यकर्ता की तरह काम किया था। यही वजह है कि एबीवीपी के हर एक कार्यकर्ता के लिए रामकुमार सिंह अभिभावक, मित्र और शुभचिंतक की तरह थे। श्रद्धांजलि सभा में पुरातन कार्यकर्ता सत्यदेव ने एबीवीपी को जिले में खड़ा करने में रामकुमार सिंह के योगदान को विस्तार से रखा।



**मौन धारण के साथ कार्यक्रम संपन्न :** वक्ताओं ने प्रभारी मंत्री से इसके लिए सरकार से एनओसी लेने के लिए पहल करने की मांग की है। अगले वर्ष रामकुमार सिंह की श्रद्धांजलि सभा एबीवीपी की ओर से खुद के कार्यालय में मनाने के संकल्प और मौन धारण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्रद्धांजलि सभा का संचालन एबीवीपी के प्रदेश मंत्री पुरुषोत्तम कुमार और धन्यवाद ज्ञापन शिल्पी गौतम ने किया। सभा को जीडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चंद्रभूषण प्रसाद सिंह, एसबीएसएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अवधेश कुमार सिंह, आरसीएस कॉलेज मंझौल के प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. कांतिमोहन सिंह, मधुबनी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राम अवधेश कुमार, आरएसएस के जिला संघ संचालक मनोरंजन वर्मा, प्रो. अंजनी कुमार, डॉ. शशिकांत पांडेय और प्रो. अशोक कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

# बिहार में 15 दिनों तक पुलिस चलाएगी ऑपरेशन नया सवेरा



## डीजीपी बोले- मानव तस्करी में कुछ साल में 7 हजार बच्चे लापता, 3 हजार का नहीं चल पाया पता

**पटना, एजेंसी।** मानव तस्करी के बढ़ते मामलों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से बिहार पुलिस ऑपरेशन नया सवेरा की शुरुआत करने जा रही है। इस ऑपरेशन के तहत मानव व्यापार, बाल श्रम, रेड लाइट एरिया और ऑर्केस्ट्रा ग्रुप से पीड़ित लड़कियों, महिलाओं और बच्चों का रेस्क्यू किया जाएगा। उनके पुनर्वास के लिए काम किया जाएगा। यह ऑपरेशन पूरे 15 दिनों तक चलेगा।

बुधवार को पटना में इसकी घोषणा डीजीपी विनय कुमार ने की। ऑपरेशन नया सवेरा की शुरुआत 31 जुलाई से होगी और 14 अगस्त तक चलेगी। डीजीपी ने घोषणा की है कि इस ऑपरेशन में बेहतर काम करने वाले दो जिलों की पुलिस को मुख्यालय की तरफ से पुरस्कृत किया जाएगा। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय मानव व्यापार निरोध दिवस पर पुलिस मुख्यालय में वीकर सेक्शन की तरफ से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। डीजीपी इसी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### बाल उत्पीड़न के खिलाफ होना चाहिए आंदोलन

मौके पर डीजीपी ने कहा कि सफेदपोशी की आड़ में बाल उत्पीड़न जैसा घीनौना काम हो रहा है। कुछ लोग इसी काम में लगे हुए हैं। इसके खिलाफ लोगों को बढ़ चढ़कर आंदोलन करना चाहिए। मगर, ऐसा होता नहीं है। इन्हें रोकने के लिए काम कर रही पुलिस के खिलाफ ही समाज में लोग आंदोलन करने लगते हैं। डीजीपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि नारकोटिक्स के बाद मानव तस्करी दूसरा बड़ा ऑर्गनाइज्ड क्राइम है। इस मामले में कार्रवाई को लेकर बड़े स्तर पर मंथन की जरूरत है। क्योंकि, 2 से 3 हजार बच्चों का कुछ पता नहीं चल पा रहा है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में 7 हजार बच्चों के लापता होने के मामले आए। इनमें 4500 से 5 हजार के करीब बच्चों को बरामद किया गया। बाकी बच्चों का कुछ पता नहीं चल रहा है। इन्हें बाल श्रम, भीख मांगने और वेश्यावृति के धंधे में धकेल दिया जा रहा है। इस साल अब तक में मानव तस्करी के धंधे से जुड़े 150 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बिहार पुलिस के मुखिया ने एक बात और मानते हुए कहा कि पहले गुमशुदगी के मामले तीन हजार के करीब दर्ज होते थे। जो अब बढ़कर 10 से 12 हजार तक हो गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिंदालाल गुप्ता को न्याय के लिए धरना

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** कलक्ट्रेट में बुधवार को जन सुराज ने धरना-प्रदर्शन किया। नेताओं ने कहा कि कांटी के बिंदा लाल गुप्ता के आत्मदाह किए हुए एक वर्ष बीतने के बाद भी उनके परिवार को जमीन, पक्का मकान और आर्थिक मुआवजा नहीं दिया गया। प्रशांत किशोर बिहार के गरीबों को अधिकार दिलाने के लिए वचनबद्ध हैं। अगर जरूरत पड़ी तो डीएम से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय का घेराव किया जाएगा। एक महीने के भीतर बिंदालाल के परिवार को तीन डिसमिल जमीन, पक्का मकान और सरकारी नौकरी नहीं मिली तो सड़क से सदन तक आंदोलन होगा। इस मौके पर जन सुराज के जिला मीडिया प्रभारी अनय राज, जिला संगठन महासचिव सुदर्शन मिश्र, कांटी के प्रभारी गुड्डू शुक्ला, नगर अध्यक्ष रोहित ठाकुर, गौरव सिंह, रूपेश पांडे, पार्वती देवी, कंचन देवी, राजकुमार, ऑटो रिक्शा यूनियन संघ के जिलाध्यक्ष एआर अन्नू, सचिव इलू, चंदन ठाकुर, मुन्ना कुमार गुप्ता, किशोरी देवी, नागेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, सोनू ठाकुर, रंजन कुमार, दिवाकर सिंह, प्रदीप कुमार, कुमकुम देवी, मजहर आलम, मुन्ना कुमार, हरेंद्र पंडित थे।

### मेयर ने कहा, सबसे ज्यादा काम किया

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** दिनभर की हलचल के बाद बुधवार शाम मेयर निर्मला साहू विरोधियों पर जमकर बरसीं। केदारनाथ रोड स्थित आवास पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि यह विकास नहीं बल्कि विरोध की राजनीति हो रही है। बोर्ड की पिछली बैठक में हंगामा कर रद्द करवाने की कोशिश की गई थी। कहा, आज तक इतना काम नहीं हुआ है, जितना मैंने किया है। 250 योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। हर वार्ड में काम हो रहा है। 25-25 लाख के प्रोजेक्ट का टेंडर निकाला गया। कुछ में रिटेंडर हुआ है। मेरा काम योजना पास करना है। उसे करवाना नगर आयुक्त की जिम्मेवारी है। स्टैंडिंग के तीन सदस्यों के बगावत के सवाल पर कहा कि मुझे सूचना तक नहीं दी और धरना पर बैठ गए।

### बालू घाटों को टुकड़ों में बांट कर नीलाम करें, राजस्व नुकसान के बाद डिप्टी सीएम का फरमान



**पटना, एजेंसी।** बिहार के अनिलामित और प्रत्यर्पित बालू घाटों की छोटे-छोटे भाग में बांटकर नीलामी होगी। बालू घाटों के खाली रहने से हो रहे राजस्व नुकसान को देखते हुए खान एवं भूतत्व विभाग ने नयी योजना तैयार की है। उप मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री विजय सिन्हा ने इसको लेकर जिला खनन पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बंदोबस्तधारियों ने बालू घाटों की बंदोबस्ती लेने के बाद उसे सरेंडर (प्रत्यर्पित) कर दिया है। जमुई जिले के 45 में छह घाट सरेंडर कर दिए गये हैं। साथ ही औरंगाबाद के 61, जहानाबाद के 12, रोहतास-नालंदा के आठ-आठ, भोजपुर के छह घाट समेत कुल 147 बालू घाट की नीलामी विभिन्न कारणों से लंबित है। इसके बावजूद इन घाटों से अवैध खनन जारी है। उन्होंने कहा कि अगर इन घाटों की बड़े स्तर पर बंदोबस्ती संभव नहीं हो पा रही हो, तो इनके छोटे-छोटे भाग कर बंदोबस्ती की जा सकती है। उन्होंने अगले महीने में यह प्रक्रिया पूरी कर लेने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने प्रत्यर्पित बालू घाटों पर हो रहे खनन पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि कई बंदोबस्त धारियों ने तीन-चार घाट की बंदोबस्ती ली, मगर उनमें से एक-दो सरेंडर कर दिया। ऐसे लोगों को नोटिस दिया जाना चाहिए कि जब वे दो घाट चलाने की स्थिति में नहीं है, तो बाकी घाट कैसे चलायेंगे।

### मेयर ने कराई पार्षदों की परेड, मंत्री के फोन पर टूटा आमरण अनशन

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** नगर निगम में सियासी खींचतान बुधवार को दिनभर जारी रही। बीती रात से बेमियादी धरना पर बैठक आंदोलनकारी पार्षदों ने आमरण अनशन की घोषणा कर दी। इधर, मेयर ने अपने समर्थन में 22 पार्षदों की परेड करा दी। इन 22 पार्षदों में तीन वे पार्षद भी थे जो मंगलवार रात भर आंदोलनकारी पार्षदों के साथ बेमियादी धरना पर बैठे थे। दिनभर की खींचतान के बाद देर शाम नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश कुमार का फोन आने के बाद आंदोलन मंद पड़ गया। मंत्री का फोन आने के बाद नगर आयुक्त विक्रम ने जूस पिलाकर पार्षदों का अनशन तुड़वा दिया। इस बीच आदर्श विकास पार्षद समिति ने 11 अगस्त को निगम बोर्ड की विशेष बैठक बुलाने की मांग की है। इससे पहले बुधवार की शाम चार बजे 22 पार्षदों के समर्थन के दावे के साथ मीडिया के सामने आई मेयर निर्मला साहू ने विरोधी आंदोलनकारी गुट पर पलटवार किया। उनके साथ वार्ड पार्षद संजय केजरीवाल, मो. सज्जाद, जफीर फरियादी, मीरा देवी, सनत कुमार, अजय ओझा, शिवशंकर महतो के अलावा चंदा कुमारी, सीमा झा, वर्षा सिंह, शबनम आरा, पिंकी कुमारी व अन्य के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें आधे से अधिक पहले मेयर के विरोधी थे। इसके अलावा सशक्त स्थायी समिति के चार सदस्य केपी पप्पू, अमित रंजन, सुरभि शिखा और कन्हैया गुप्ता भी मौजूद रहे।

# वन विभाग ने लाखों की कीमत वाली बेलपत्र लदी बस की जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** चौपारण वन विभाग ने वन प्राणी आश्रयणी क्षेत्र के अंतर्गत बेलपत्र की अवैध तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बीती रात्रि एक यात्री बस को भारी मात्रा में बेलपत्र के साथ जब्त किया है। जब्त की गई बस से बेलपत्र के कई बंडल बरामद किए गए हैं, जिनकी बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, वनपाल दल रात्रि गश्ती पर था, तभी सिमरन नामक यात्री बस जो सामान्यतः सवारी ढोने के लिए प्रयोग में लाई जाती है, को शक के आधार पर रुकने का संकेत दिया गया। परंतु चालक ने बस को तेज रफ्तार में भगाने की कोशिश की। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए वन विभाग ने तुरंत चौपारण थाना को सूचना दी और पुलिस की सहायता से बस को थाना क्षेत्र के पास पकड़ लिया गया। बस रुकते ही उसमें सवार कर्मी बेलपत्र के बंडल को सड़क पर फेंकने लगे ताकि सबूत न बच सके, लेकिन वन विभाग की मुस्तैदी से पूरा माल जब्त कर लिया गया। अब सवाल उठ रहे हैं कि इतनी बड़ी मात्रा में बेलपत्र की तस्करी किस उद्देश्य से की जा रही थी? क्या यह धार्मिक मांग की आड़ में कोई बड़ा व्यावसायिक षड्यंत्र है? क्योंकि बेलपत्र का सामान्यतः उपयोग पूजा-पाठ में होता है, लेकिन इस प्रकार की तस्करी कई संदेहों को जन्म देती है। वन विभाग ने इस मामले में विस्तृत जांच शुरू कर दी है। वनपाल कुलदीप महतो ने बताया कि तस्करी से जुड़े लोगों की पहचान की जा रही है और जल्द ही पूरे नेटवर्क का

## रफ्तार के कहर ने ली बुजुर्ग महिला की जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भेलवारा सड़क 522 एनएच पर बाइक सवार के धक्के से एक बुजुर्ग महिला की मौके पर मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के मुताबिक भेलवारा निवासी महिला मीना देवी पति तुलो महतो अपने पड़ोस के श्राद्ध कार्यक्रम के तीन कर्मा में घाट के लिए निकली, सड़क पार कर रही थी कि इसी बीच तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार के चपेट में आ गई, जिससे सड़क पर ही उसकी मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना से उनके परिजन सदमे में है और घरवाले रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। इस घटना से आहत होकर पंचायत मुखिया लक्ष्मी कुमारी मृत महिला के घर पहुँचकर शोक व्यक्त किया और उनके परिजनों को ढाढस बढ़ाया। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो, महेंद्र कुमार, खूबलाल भारती समेत काफी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थे।

# रांची में होगी सर्व सेवा संघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी 8-9 अगस्त 1925 को झारखंड के रांची पधारे थे। कार्यक्रम की शताब्दी के अवसर पर सर्व सेवा संघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक आदित्य पटनायक की अध्यक्षता में झारखंड की राजधानी रांची में हो रही है। सर्व सेवा संघ द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में प्रबंधक ट्रस्टी महादेव विद्रोही ने कहा है कि इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी प्रदेश सर्वोदय मंडलों के अध्यक्ष, सेवाग्राम आश्रम प्रतिष्ठान के अध्यक्ष आबा काम्बले, खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष तथा हरिजन सेवक संघ के उपाध्यक्ष लक्ष्मीदास, मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार रामावतार गुप्त, अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. मनोज, आदिवासियों के संगठन और उनके अधिकारों के लिए संघर्षरत कार्यकर्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता विशेष रूप से शिरकत करेंगे। आचार्य विनोबा के आह्वान पर देश के विभिन्न राज्यों के लोगों ने करीब 48 लाख एकड़ जमीन दान में दिए। उसमें से अकेले झारखंड में करीब 15 लाख एकड़ भूमि मिली। यह चिंता का विषय है कि भूदान आंदोलन के 74 वर्षों के बाद भी झारखंड में करीब 11 लाख भूदान भूमि का वितरण बाकी है। महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर भूदान की जमीनों के खरीद फरोख्त हो रहे हैं। तेलंगाना में तो आई ए एस, आई पी एस सहित अनेक उच्च अधिकारियों ने अवैध रूप से भूदान की जमीन हस्तगत कर लिए हैं। शुक्र है कि इन अधिकारियों के विरुद्ध केस दायर किये गए हैं। कमोबेश यही हाल सभी राज्यों के हैं। असम की हिमंत बिस्वा शर्मा सरकार ने तो भूदान अधिनियम को ही समाप्त कर दिया।

# प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग को लेकर शिक्षकों का उन्मुखीकरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अम्बा (औरंगाबाद)।** बीआरसी अम्बा में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (पीबीएल) कार्यक्रम में सभी मध्य विद्यालयों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यशाला में कुटुम्बा प्रखंड के विद्यालय प्रभारी, गणित एवं विज्ञान विषय के शिक्षक और प्रखंड टेक्निकल टीम के सदस्य शामिल हुए।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीइओ) शिशिर कुमार रंजन ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में प्रोजेक्ट आधारित गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाए और पीबीएल पोर्टल पर परियोजनाओं के साथ-साथ मासिक इनोवेशन प्रोजेक्ट (एमआईपी) को शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उन्होंने तकनीकी जानकारी की कमी से जूझ रहे शिक्षकों को हरसंभव सहायता देने की बात कही। जिला टेक्निकल टीम के चंद्रशेखर प्रसाद साहू और राजीव रंजन सिंह ने बताया कि कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों के लिए गणित और विज्ञान विषयों में प्रत्येक माह एक प्रोजेक्ट पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि कई शिक्षक तकनीकी जानकारी के अभाव में कार्य पूरा नहीं कर पाते, ऐसे शिक्षकों की सहायता कर उन्हें फाइनल सबमिशन तक पहुंचाना टीम की प्राथमिकता है। प्रखंड स्तर पर गठित तकनीकी टीम में संजीत कुमार, आराधना दीक्षित, अनिमेष कुमार और पप्पू कुमार शामिल हैं। इन्हें संकुलवार दायित्व सौंपा गया है।

संजीत कुमार को बैजाबिगहा, झखरी, तेलहारा, बैराव, चिंतावन बीघा।

आराधना दीक्षित को डुमरी, किशुनपुर, गंगहर, रिसियप, कुटुम्बा।

अनिमेष कुमार को चौखड़ा, तुरता अम्बा, महाराजगंज, पिपरबगाही।

पप्पू कुमार को दधपा, कुसुमा बसडीहा, घेउरा, पोला गोरडीहा, खैराजीवा बीघा।

कार्यशाला में शिक्षकों ने पीबीएल से जुड़ी तकनीकी समस्याएं साझा कीं, जिनका समाधान ऑनस्पॉट टीम द्वारा किया गया। साथ ही सभी विद्यालयों से इंस्पायर अवार्ड हेतु कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्रों के विज्ञान आधारित आइडिया अनिवार्य रूप से नामित करने के निर्देश दिए गए।

# युवक लापता, परिजनों ने जताई अपहरण की आंशका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विष्णुगढ़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भुताही मुरगावों निवासी सुधीर नायक का पुत्र 19 वर्षीय युवक सौरभ नायक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है, परिजनों का आरोप है कि युवक को बहला फुसलाकर गायब किया गया है, और उसे किसी संस्था में भेजने की साजिश की गई है। सौरभ नायक 28 जुलाई 2025 की दोपहर करीब 3:00 बजे अपने घर से अचानक लापता हो गया। सौरभ नायक का कद लगभग 05 फीट 02 इंच है, परिजनों के अनुसार युवक को एक व्यक्ति द्वारा कथित रूप से 05 दिनों से उसे बहलाया जा रहा था और उससे 35000 हजार की राशि भी ठग ली गई थी, सुधीर नायक का आरोप है कि उसके बेटे को जानबूझकर गुमराह किया गया है, इसके अलावे 02 साल पहले भी उसका बेटा इसी तरह से गायब हुआ था। जिसे बाद में गोरंग सेवा फाउंडेशन हजारीबाग से किसी व्यक्ति द्वारा इस्कॉन संस्था के तहत ले जाया गया था। पीड़ित परिवार ने विष्णुगढ़ थाना में आवेदन देकर बेटे की बरामदगी का मांग की है, साथ ही इस मामले में त्वरित कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# डीलर संघ पांच सूत्री मांगों को लेकर आज देगा महाधरना

**सत्येंद्र गुप्ता के नेतृत्व में बड़का गांव से भारी संख्या में डीलर होंगे शामिल**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव।** राज्यव्यापी आंदोलन के तहत फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसियेशन अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर आज शुक्रवार को हजारीबाग में एक दिवसीय महाधरना प्रदर्शन करेंगे। हजारीबाग जिला मुख्यालय में संघ के द्वारा महाधरना 11 बजे दिन से 3 बजे तक दिया जाएगा। धरना के बाद उपायुक्त को ज्ञापन सौंपी जाएगी। कार्यक्रम में बड़कागांव डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता एवं प्रखंड सचिव बालेश्वर महतो के नेतृत्व में भारी संख्या में डीलर शामिल होंगे। इस राजव्यापी आंदोलन में पांच सूत्री मांग में डीलर का कमीशन की राशि समय पर भुगतान एवं बकाया कमीशन की राशि को शीघ्र भुगतान करवाने, वितरण किया गया, चावल, चना, दाल, नमक के लगभग 2 साल के बकाया कमीशन की राशि का भुगतान करने, भारत सरकार के निर्देशन के बावजूद भी झारखंड सचिवालय के द्वारा ऑनलाइन एवं 5 जी युग में पेपर लेस का पत्र विभाग के द्वारा नहीं निर्गत किया जाने, जन वितरण प्रणाली की दुकान को आश्रितों को ट्रांसफर करने का नियम के बावजूद जिलों में नियमावली नहीं भेजवाने, 5जी मशीन लगवाने आदि मांग शामिल है। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव डीलर संघ प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता ने दी है।

## पत्रकार शशि शेखर की माता की पुण्यतिथि पर रुद्राभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण।** पत्रकार शशि शेखर की माता की पुण्यतिथि के अवसर पर आज विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, शांति पाठ, हवन और भंडारे का आयोजन श्रद्धा एवं भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधियों के अनुसार रुद्राभिषेक और शांति पाठ से हुई, जिसमें स्थानीय पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ पूजा सम्पन्न कराई गई। इसके पश्चात हवन किया गया जिसमें परिजनों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। विशेष रूप से आदिम जनजाति समुदाय के बीच जाकर भोजन वितरण किया गया, जो पुण्यतिथि आयोजन की सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा।

# आगामी विधानसभा चुनाव में जोर-शोर से लगें सभी कार्यकर्ता : विनोद तावड़े

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार भाजपा के प्रभारी विनोद तावडे का दाउदनगर में सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल शरण सिंह एवं पूर्व जिलाध्यक्ष संजय मेहता के नेतृत्व में माला एवं अंगवस्त्र से भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। औरंगाबाद जिले में राष्ट्रीय नेता के आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखा। इस स्वागत से विनोद तावडे काफी प्रसन्न दिखे और उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में जोर-शोर से लगने का आह्वान किया। इसके बाद श्री तावडे ने औरंगाबाद जिला मुख्यालय में आयोजित तीन जिलों के संगठनात्मक बैठक में भाग लिया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल शरण सिंह ने राष्ट्रीय महामंत्री के स्वागत में आए सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया है और कहा कि आप सभी इसी प्रकार से पार्टी के हर एक कार्यक्रमों में लगकर उसे सफल बनाते हैं। हम सभी को अपने नेता के मार्गदर्शन में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विजय का परचम लहराना है। श्री सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश में चल रही डबल इंजन की सरकार और हो रहे तेज गति से विकास से पूरा बिहार लाभान्वित हो रहा है, उससे औरंगाबाद भी अछूता नहीं है। आने वाले दिनों में औरंगाबाद जिले की जितनी भी समस्याएं हैं और जो भी आम जनता की मांगे हैं वह सब एनडीए की सरकार ही पूरा करेगी। विकसित बिहार का संकल्प पूरा करने वाली सरकार एनडीए के नेतृत्व में ही बनेगी और बिहार देश के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में ग्रोथ इंजन बनने का काम करेगा। पार्टी के कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ जिले में प्रत्येक सीट पर एनडीए के प्रचंड विजय के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष श्याम पाठक, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे, शमशेर नगर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, महामंत्री अनूप मनोहर, पूर्व महामंत्री भास्कर विभु, सुनील मेहता, सतीश चौधरी, आरएलएम के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुशवाहा, पूर्व प्रमुख राजेंद्र पासवान, समरेश कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अभियुक्त को तीन साल की सजा, पांच-पांच हजार जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान की अदालत ने मंगलवार को आर्म्स एक्ट के एक मामले में अभियुक्त सुनील कुमार सिंह, निवासी जंगी मुहल्ला, देव को दोषी ठहराते हुए तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों धाराओं में पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में अभियुक्त को प्रत्येक धारा में तीन-तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामला देव थाना कांड संख्या 148/24, जीआर 2030/24, टीआर 2504/25 से जुड़ा है। जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा के अनुसार, अदालत ने आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)(ए) और धारा 26 के तहत अभियुक्त को सजा सुनाई है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। प्राथमिकी 4 जुलाई 2024 को देव थाने के अपर थानाध्यक्ष सुशील कुमार द्वारा दर्ज कराई गई थी। इसके अनुसार, एक दिन पूर्व यानी 3 जुलाई को अभियुक्त की पत्नी ने आरोप लगाया था कि सुनील कुमार सिंह ने उस पर तलवार से हमला कर हाथ काट दिया। इस घटना की प्राथमिकी देव थाना कांड संख्या 146/24 के तहत दर्ज की गई थी। इसी सिलसिले में तलाशी अभियान चलाया गया, जिसके दौरान अभियुक्त को देव थाना मोड़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त की निशानदेही पर गैस गोदाम देव के पास एक झाड़ी से देशी कट्टा बरामद किया गया, जबकि हाई स्कूल देव के परिसर में मिट्टी की खुदाई कर कुछ कारतूस भी जब्त किए गए थे। अभियोजन की ओर से सात गवाहों की गवाही तेजी से पूरी करवाई गई।

# 15 छात्राओं की बिगड़ी तबीयत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा थाना क्षेत्र के सब्बैत गांव के रघुबिगहा स्थित राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या प्लस टू आवासीय उच्च विद्यालय में कीड़ा युक्त भोजन करने से 15 छात्राएं बीमार हो गई। सभी बीमार बच्चियों को पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां एक की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही राजगीर एसडीओ आशीष नारायण, डीएसपी सुनील कुमार और जिला कल्याण पदाधिकारी अस्पताल पहुंचकर बच्चों को दिए जा रहे इलाज और पूरे मामले की जानकारी ली। पीड़ित छात्राओं ने बताया कि आज दोपहर का खाना खाने के बाद एक छात्रा आंचल कुमारी का तबीयत बिगड़ने के बाद वह बेहोश हो गई। उसके बाद अन्य 15 छात्राओं का भी तबीयत बिगड़ गया। छात्राओं का आरोप है कि पिछले तीन चार दिनों से इसी तरह से जीविका दीदी द्वारा भोजन बना कर दिया जा रहा है। इस कारण सबकी तबीयत खराब होने लगा है। यह भी आरोप है कि से आवासीय व्यवस्था के कारण परिवार से शिकायत करने पर डांट फटकार लगाते है। तबीयत बिगड़ने पर आज भी अस्पताल नहीं ले जा रहे थे। हंगामा सुन किसी ग्रामीण ने इसकी सूचना 112 आपात वाहन को सूचना दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर छात्राओं से बात कर एम्बुलेंस की मदद पावापुरी मेडिकल कॉलेज लाया गया।

# गांजा तस्करी से पहले तीन तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा।** चिकसौरा थाना पुलिस ने बुधवार को गांजा तस्करी की योजना बना रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर बाइक से बास बिगहा से हिलसा गांजा ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर चंद बिगहा गांव के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पुलिस को देखकर तीनों तस्कर भागने लगे, जिन्हें पीछा कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके पास से 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान अजय कुमार (पुत्र शैलेंद्र कुमार, रेडी गांव), राजीव कुमार (पुत्र रंजीत कुमार, चंद्र बिगहा) और जैजू कुमार (पुत्र कमलेश प्रसाद, जमुआड़ा) के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि तीनों तस्करों पर पूर्व में पटना और नालंदा जिले के विभिन्न थानों में लूट, चोरी व नशा से संबंधित कई मामले दर्ज हैं। प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गुरुवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई–निविदा सूचना सं.: एम–41–आरटीटी–आरएनसी–61, दिनांक 29.07.2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची–834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है : **कार्य का नाम:** तीन वर्ष की अवधि के लिए वाशिंग लाइन/हटिया, हटिया स्टेशन और राँची स्टेशन में राउंड ट्रिप ट्रेनों की अंदरूनी सफाई, कोचों की वाटरिंग और लॉकिंग/अनलॉकिंग तथा कोचिंग डिपो/हटिया में डिपो परिसर की यंत्रचालित सफाई के साथ राँची स्टेशन पर ट्रेन नं. 22350/49 में मिरेकल क्लीनिंग एवं सीटीएस पर ध्यान देना। **कार्य का अनुमानित मूल्य (जीएसटी सहित):** रु. 21,08,25,308.71, **बयाना राशि :** रु. 12,04,100/–, **ई–निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 22.08.2025 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in (PR-462)



**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई–नीलामी सूचना सं.: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/22, दिनांक 28.07.2025** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, चतुर्थ तल, हावड़ा स्टेशन के पास यात्री निवास, हावड़ा–711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है।

**कैटलॉग सं.: पीयूबी–एचडब्ल्यूएच–25–22**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं.: एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–जेटीएल–ओएसएन–19–25–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर–नॉन डिजिटल), विवरण:** क्लस्टर–IV (हावड़ा मंडल के झापटेर ढाल स्टेशन से गुमानी स्टेशन, अदलपहाड़ी स्टेशन से कुरुवा स्टेशन, आजिमगंज सिटी स्टेशन से तकीपुर स्टेशन और चौहट्टा स्टेशन से अजय केबिन तक) के तहत सभी स्टेशनों के स्टेशन परिसर में वाणिज्यिक विज्ञापनों के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/1, लॉट सं.: एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एलएलएच–ओएसडी–119–24–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर–डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर–1 (लिलुआ, बेलुड़, बाली, डानकुनी, कोन्नगर, रिसड़ा और श्रीरामपुर) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/2, लॉट सं.: एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एसएचई–ओएसडी–120–24–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर–डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर–2 (सेवड़ाफुली, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, मानकुंडु, चंदननगर, चुचुड़ा और तारकेश्वर) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/3, लॉट सं.: एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–बीडीसी–ओएसडी–121–24–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर–डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर–3 (बैण्डेल, नबद्वीप धाम और कटवा) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/4, लॉट सं.: एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–पीडीए–ओएसडी–122–24–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर–डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर–4 (पाण्डुया, मेमारी, बर्द्धमान, बोलपुर शांतिनिकेतन और रामपुरहाट) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय :** दिनांक 12.08.2025 को 12.00 बजे।

HWH-219/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 (पश्चिम बंगाल) द्वारा आसनसोल मंडल के तहत वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) और मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) के प्रावधान के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के जरिए आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से खुली ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है: **नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन–डब्ल्यूवीएम–25–10, क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण एवं ई–नीलामी की अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एमएसएस–एएसएन–एसयूआरआई–डब्ल्यूवीएम–89–25–1,** सिउड़ी (एसयूआरआई) रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 2–3 पर, ओएचई पी/नं. 54/8 और एसयूआरआई/1018 के बीच, स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (30 वर्गफीट) का संस्थापन एवं परिचालन, 14.08.2025 को 12.30 बजे। **एए/2, एमएसएस–एएसएन–यूडीएल–डब्ल्यूवीएम–26–25–1,** अण्डाल रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 3–4 पर ओएचई मास्ट नं. 186/36 के पास, स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन हेतु लाइसेंस प्रदान करना, 14.08.2025 को 12.40 बजे। **एए/3, एमएसएस–एएसएन–एमएनएई–डब्ल्यूवीएम–39–25–1,** मानकर रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 1–2 पर सीट नं. 16–20 और सीट नं. 31–35 के बीच, स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन हेतु लाइसेंस प्रदान करना, 14.08.2025 को 12.50 बजे। **एए/4, एमएसएस–एएसएन–एसटीएन–डब्ल्यूवीएम–90–25–1,** सीतारामपुर रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए पुराने एफओबी के पास प्लेटफॉर्म नं. 2–3 पर, स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (30 वर्गफीट) का संस्थापन एवं परिचालन, 14.08.2025 को 13.00 बजे। **एए/5, एमएसएस–एएसएन–पीएएन–डब्ल्यूवीएम–91–25–1,** पानागढ़ रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 1–2 पर, ओएसओपी स्टॉल के पास स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (30 वर्गफीट) का संस्थापन एवं परिचालन, 14.08.2025 को 13.10 बजे। **एए/6, एमएसएस–एएसएन–डीजीएचआर–डब्ल्यूवीएम–24–25–1,** देवघर रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 2 पर सबवे के पास सीटिंग अरेंजमेंट नं. 4 और 5 के बीच शेड के नीचे, स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन हेतु लाइसेंस प्रदान करना, 14.08.2025 को 13.20 बजे। **एए/7, एमएसएस–एएसएन–बीएसकेएच–डब्ल्यूवीएम–47–25–2,** बासुकीनाथ रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 01 पर पीएफ शेड के नीचे ट्रैक्शन पोल नं. 49/3 और 49/4 के बीच, स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन हेतु लाइसेंस प्रदान करना, 14.08.2025 को 13.30 बजे। **नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन–एमपीएस–25–7, क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण और ई–नीलामी की अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एमपीएस–एएसएन–डीयूएमके–एमपीएस–29–25–1,** दुमका रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 1 पर, सीट नं. 15 और 16 के बीच 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनुसूचित जाति के लिए चिह्नित (महिला), 18.08.2025, 12.30 बजे। **एए/2, एमपीएस–एएसएन–डीजीएचआर–एमपीएस–31–25–1,** देवघर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में, पुराने स्टेशन बिल्डिंग के पोर्टिको के सामने, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (स्वतंत्रता सेनानियों, युद्ध की विधवाओं, रेलकर्मियों की विधवाओं), 18.08.2025, 12.40 बजे। **एए/3, एमपीएस–एएसएन–डीयूएमके–एमपीएस–28–25–1,** दुमका रेलवे स्टेशन में मुख्य प्रवेश द्वार के सामने एवं ओआरएच बाउंडरी वॉल के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (महिला), 18.08.2025, 12.50 बजे। **एए/4, एमपीएस–एएसएन–डीजीएचआर–एमपीएस–32–25–1,** देवघर रेलवे स्टेशन में पुराने स्टेशन बिल्डिंग मुख्य प्रवेश द्वार के पास, स्ट्रक्चर स्टॉल नं. ई–01 पर, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अल्पसंख्यकों के लिए चिह्नित (महिला), 18.08.2025, 13.00 बजे। **एए/5, एमपीएस–एएसएन–वीडीएस–एमपीएस–30–25–1,** विद्यासागर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 01 पर, प्रवेश/निकास द्वार के पास, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) श्रेणी के लिए चिह्नित, 18.08.2025, 13.10 बजे।

ASN-139/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) के प्रावधान हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से खुली ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **ऑक्शन कैटलॉग सं.: एएसएन–एमपीएस–25–6, क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण और ई–नीलामी की अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एमपीएस–एएसएन–यूकेए–एमपीएस–8–24–1,** उखरा रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म शेड के पास प्लेटफॉर्म नं. 1 पर 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (कोई भी), 13.08.2025, 11.30 बजे। **एए/2, एमपीएस–एएसएन–डीजीआर–एमपीएस–18–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में कालका सिरे की सीट नं. 395–404 के पास प्लेटफॉर्म नं. 2 –3 पर 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (सभी श्रेणियों के लिए खुला), 13.08.2025, 11.40 बजे। **एए/3, एमपीएस–एएसएन–जेएसएमई–एमपीएस–26–25–1,** जसीडीह रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 4 पर मेमू ऑफिस/वाल्व मैन रूम के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन। अनारक्षित के लिए निर्दिष्ट (सभी श्रेणियों के लिए खुला), 13.08.2025, 11.50 बजे। **एए/4, एमपीएस–एएसएन–डीजीआर–एमपीएस–23–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 2–3 (हावड़ा छोर) पर, सीट नं. 171 और एस्केलेटर के बीच 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (सभी श्रेणियों के लिए खुला), 13.08.2025, 12.00 बजे। **एए/5, एमपीएस–एएसएन–आरएनजी–एमपीएस–24–25–1,** रानीगंज रेलवे स्टेशन में एग्जिट गेट के पास सर्कुलेटिंग एरिया के उत्तरी भाग के निकट, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (सभी श्रेणियों के लिए खुला), 13.08.2025, 12.10 बजे। **एए/6, एमपीएस–एएसएन–केएमएमई–एमपीएस–11–24–1,** कुमारधुबी रेलवे स्टेशन में बागान के पास सुर्कुलेटिंग एरिया पर 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनुसूचित जाति के लिए चिह्नित, 13.08.2025, 12.20 बजे। **एए/7, एमपीएस–एएसएन–डीजीआर–एमपीएस–19–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 2–3 पर, सीट नं. 425 और 434 के बीच (कालका सिरा, शेड नं. 02), 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (सभी श्रेणियों के लिए खुला), 13.08.2025, 12.30 बजे। **एए/8, एमपीएस–एएसएन–डीजीआर–एमपीएस–22–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 4–5 (कालका छोर) पर, सीट नं. 1010 और 1119 के बीच 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (महिला), 13.08.2025, 12.40 बजे। **एए/9, एमपीएस–एएसएन–एमडीपी–एमपीएस–25–25–1,** मधुपुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 3–4 (कालका छोर) पर लिफ्ट के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनुसूचित जाति (एससी) के लिए चिह्नित, 13.08.2025, 12.50 बजे। **एए/10, एमपीएस–एएसएन–केजेएमई–एमपीएस–7–24–1,** काजोड़ाग्राम रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 1 पर स्टेशन मास्टर ऑफिस के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (कोई भी), 13.08.2025, 13.00 बजे। **एए/11, एमपीएस–एएसएन–डीजीआर–एमपीएस–17–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में उत्तरी भाग के पुराने बुकिंग कार्यालय के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (महिला), 13.08.2025, 13.10 बजे। **एए/12, एमपीएस–एएसएन–डीजीआर–एमपीएस–20–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 01 (हावड़ा छोर) पर, सीट नं. 63 और 67 के बीच स्थित, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (सभी श्रेणियों के लिए खुला), 13.08.2025, 13.20 बजे। **एए/13, एमपीएस–एएसएन–जेएसएमई–एमपीएस–27–25–1,** जसीडीह रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 01 पर वाटर टैप नं. 17, 18, 19 के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, 13.08.2025, 13.30 बजे। **एए/14, एमपीएस–एएसएन–डीजीआर–एमपीएस–15–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में पीआरएस के पास द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय के निकट, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, 13.08.2025, 13.40 बजे। **एए/15, एमपीएस–एएसएन–डीजीआर–एमपीएस–21–25–1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 4–5 (हावड़ा छोर) पर, सीट नं. 760 और 770 के बीच स्थित, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (महिला), 13.08.2025, 13.50 बजे। ASN-136/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 31-07-2025 21:52 Page 1



# दो मासूमों को जिंदा जलाया

- स्कूल से लौटे थे दोनों बच्चे
- गुस्साये लोग सड़क पर उतरे
- दो थाने की पुलिस पहुंची

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जानीपुर थाना क्षेत्र में दो मासूमों को जिंदा जला दिया जिससे दोनों की मौत हो गई। जिसमें एक लड़का और एक लड़की है। दोनों की उम्र 10 से 15 वर्ष बतायी जा रही है। दोनों बच्चे एम्स में कार्यरत नर्स शोभा देवी और ललन कुमार गुप्ता के थे, जो जानीपुर में रहते हैं। घटना के बाद आक्रोशित लोग सड़क पर उतर गए। वहीं दूसरी ओर थाना पुलिस के साथ पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मामले की छानबीन की जा रही है। आरोपित की तलाश की जा रही है। घटना के बाद इलाके में आक्रोश है।

मृतकों की पहचान 14 साल की अंजलि कुमारी और 12 साल के अंशु के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों बच्चे घर में सो रहे थे, अचानक उनके बिस्तर में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि बच्चे इसकी चपेट में आ गए और बच नहीं पाए। घटना की सूचना मिलते ही जानीपुर थाना पुलिस और फुलवारी शरीफ के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार मौके पर पहुंचे।

दोनों बच्चे स्कूल से लौटकर घर आए थे। घर पर उस वक्त माता-पिता मौजूद नहीं थे। तभी अज्ञात अपराधी घर में दाखिल हुए और कमरे में बंद कर बच्चों को आग के हवाले कर दिया। आग लगने के बाद दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने जब घर से धुआं निकलता देखा तो पुलिस को सूचना दी। जानीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बदमाशों ने मारी गोली

**गयाजी।** आमस थाना क्षेत्र के जयराम खाप मोड़ के पास बदमाशों द्वारा एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया गया है। घायल व्यक्ति की पहचान जयराम खाप निवासी स्व.डोमन प्रजापत के 30 वर्षीय पुत्र अरविन्द प्रजापत के रूप में किया गया है। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि घायल व्यक्ति को इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल गया भेजा गया है।

अरविन्द प्रजापत चंडीस्थान बाजार से बाइक से घर जा रहे थे तभी बाईक से पीछा कर रहे बदमाशों ने गोली चला दी। गोली लगने से वह घायल हो गए। घटना की खबर सुनकर शेरघाटी एएसपी शैलेंद्र सिंह और आमस पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच किया। घटनास्थल से फ्लांग भर की दूरी पर अरविंद का घर है। घटना के बाद एएसपी शैलेंद्र सिंह और आमस पुलिस अरविंद के घर पहुंचे और स्वजनों से यह जानना चाहा कि क्या किसी से कोई दुश्मनी भी है। लेकिन स्वजनों ने किसी से दुश्मनी होने से साफ इनकार किया।

# श्रीलंका सरकार और एशियन डेवलपमेंट ने जीविका को बताया वैश्विक उदाहरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार की सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत चल रहे गरीबी उन्मूलन के कार्यों को देखने के लिए श्रीलंका सरकार और एशियन डेवलपमेंट बैंक का प्रतिनिधिमंडल बिहार के दौरे पर आया। इस दौरान पटना सचिवालय में एक डिब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें इमर्शन एंड लर्निंग एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिनिधिमंडल को योजना की जानकारी दी गई।

सत्र की शुरूआत जीविका की अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अभिलाषा कुमारी शर्मा के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने सतत जीविकोपार्जन योजना की रूपरेखा और इसके तहत किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का मकसद अत्यधिक गरीब परिवारों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

श्रीलंका और एडीबी के 28 सदस्यीय दल ने गया जिले का भी दौरा किया, जहां उन्होंने इस योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की और उनके आजीविका से जुड़े प्रयासों को करीब से देखा। श्रीलंका सरकार की ओर से ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा और सामुदायिक सशक्तिकरण मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव एच.टी.आर.एन. पियासेन ने अपने अनुभव साझा करते हुए योजना की सराहना की और कहा कि बिहार से मिले अनुभव



श्रीलंका में गरीबी उन्मूलन की दिशा में मददगार हो सकते हैं। इस अवसर पर बिहार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने कहा कि यह गर्व की बात है कि बिहार के मॉडल को देखने अन्य देश रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह अनुभव दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करेगा और वैश्विक स्तर पर गरीबी उन्मूलन की दिशा में नई संभावनाएं खोलेगा।

बिहार के विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीलंका और बिहार सांस्कृतिक रूप से एक-दूसरे के काफी करीब हैं। उन्होंने कहा कि जीविका ने समाज के हाशिए पर खड़े परिवारों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। यह मॉडल महिलाओं की सामूहिक भागीदारी, पारदर्शिता और नवाचार पर आधारित है। बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बताया कि सतत जीविकोपार्जन योजना वर्ष 2018 में शुरू की गई थी और अब तक राज्य के करीब 2.1 लाख अत्यंत गरीब परिवारों को इसका लाभ मिल चुका है। उन्होंने बताया कि हाल ही में सरकार ने महिलाओं को आर्थिक मदद देने के उद्देश्य से 'जीविका निधि' नामक सहकारी संघ का गठन भी किया है। साथ ही वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप का उद्घाटन भी इस सांस्कृतिक जुड़ाव को दर्शाता है।

कार्यक्रम के अंत में जीविका के विशेष कार्य पदाधिकारी राजेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि जैसे भगवान बुद्ध भारत और श्रीलंका के बीच सांस्कृतिक सेतु हैं, उसी तरह सतत जीविकोपार्जन योजना गरीबी के खिलाफ लड़ाई में दोनों देशों को एकजुट कर रही है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के अधिकारी यहां आकर इस योजना से सीख सकते हैं और भारत के लोग वहां जाकर उनके अनुभव से लाभान्वित हो सकते हैं।

गौरतलब है कि इमर्शन एंड लर्निंग एक्सचेंज कार्यक्रम जीविका, ब्रॉक इंटरनेशनल और बंधन कोन्नगर द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न देशों के प्रतिनिधि बिहार आकर सतत जीविकोपार्जन योजना के कार्यों को देखते हैं और उसे अपने देशों में लागू करने की दिशा में विचार करते हैं। अब तक इंडोनेशिया, फिलीपींस, दक्षिण अफ्रीका और इथियोपिया जैसे देशों के प्रतिनिधि भी बिहार आकर इस योजना का अध्ययन कर चुके हैं।

# एक ही रात तीन घरों से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अथमलगोला।** थाना क्षेत्र के दक्षिणीचक गांव में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। एक ही रात में गांव के तीन घरों में शातिर चोरों ने लाखों रुपये नकद व जेवरात की चोरी कर ली। चोरी के बाद चोरों ने सामानों की छंटनी गांव से लगभग 50 मीटर दूर खेत में की और बेकार समझ कर कुछ सामान वहीं फेंककर फरार हो गए। चोरों ने एक घर से सिगरेट भी चुराई और उसे खेत में बैठकर पीने के प्रमाण भी छोड़े हैं।

पीड़िता प्रतिमा देवी ने बताया कि घटना के वक्त वह किसी काम से बाढ़ गई हुई थीं। घर में सिर्फ एक वृद्ध महिला और एक बच्चा सोए हुए थे। रात करीब 2 बजे जब वृद्धा की नींद खुली, तो उन्होंने देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। उनके मुताबिक चोर दो बक्से उठाकर 50 मीटर दूर खेत में ले गए थे और वहीं खोलकर चना, मूंग समेत अन्य सामान फेंक दिया। चोरों ने बक्से में रखे करीब 50 हजार रुपये नकद, दो सिकरी, पांच जितिया, दो लॉकेट, एक मंगलसूत्र, दो चांदी की चूड़ियां, एक पायल समेत करीब पांच भर सोने के गहनों की चोरी की।उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी रात में ही थाना को फोन कर दी गई, लेकिन पुलिस ने कहा कि पहले आवेदन दें, उसके बाद ही जांच की जाएगी। अब तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची है।

वहीं, पीड़ित बबलू कुमार ने बताया कि सुबह करीब 5 बजे उन्होंने देखा कि घर और दुकान का दरवाजा खुला हुआ है और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। दुकान से 96,500 रुपये नकद, सिगरेट, बिस्किट सहित कई वस्तुएं चोरी कर ली गईं। इसके अलावा घर से सोने की हसूली, चेन, बाला समेत अन्य आभूषण भी गायब थे। कुल मिलाकर करीब तीन लाख रुपये की संपत्ति चोरी हुई है। बबलू ने यह भी बताया कि खेत में जिस जगह पर बक्सा फेंका गया था, वहां सिगरेट के जले हुए टुकड़े और राख भी मिले हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि चोरों ने चोरी के बाद वहीं बैठकर सिगरेट पी।

# अधिकारियों की फेक आइडी बनाकर हजारों की ठगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** जिले में साइबर अपराधी बड़े अधिकारियों की तस्वीर और प्रोफाइल का इस्तेमाल कर ठगी कर रहे हैं। इसी माह जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार की फेसबुक पर फेक आइडी बना पूर्व जिला परिषद राजेश कुमार गौतम की पत्नी रीना देवी से 20 हजार रुपये ठग लिए गए।

डीआइजी हर किशोर राय की फेक आइडी से भी ठगने की कोशिश की गई थी। कुछ माह पहले बेतिया के पूर्व एसडीएम विद्यानाथ पासवान की फेक आइडी से भी एक व्यक्ति से 80 हजार रुपये ठग लिए गए थे। बेतिया के पूर्व एसपी निशांत तिवारी की फेक आइडी का भी इस्तेमाल ठगी के लिए किया गया था।

इन घटनाओं से स्पष्ट है कि साइबर अपराधियों में किसी का खौफ नहीं है। वे अलग-अलग तरीकों से लोगों को झांसे में डालकर उनकी मेहनत की कमाई पलभर में गायब कर रहे हैं। साइबर अपराधियों पर नकेल कसने में पुलिस बैक फुट पर नजर आ रही है।अपराध पर लगाम लगाने के उद्देश्य से नौ जून 2023 को बेतिया में साइबर थाना खोला गया। साइबर थाना खुलने के बाद इस तरह के अपराध की जांच में थोड़ी तेजी आई है, लेकिन साइबर अपराध पर नियंत्रण नहीं लग सका। विगत जून माह में साइबर अपराधियों ने जिले में 101 लोगों को ठगी का शिकार बनाया।

ठगी के शिकार बने लोगों ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। इनमें से आठ मामले साइबर थाना में दर्ज किए गए। जून माह में 15,72,368 रुपये होल्ड किए गए हैं। 2,27,265 रुपये पीड़ितों के खाते में वापस कराए गए।

## सड़क पर धू-धू कर जली पुलिस गाड़ी

पटना। पटना के व्यस्त चौराहों में से एक इनकम टैक्स गोलंबर पर गुरुवार की दोपहर उस समय अफरातफरी मच गई जब अचानक बिहार पुलिस की क्यूआरटी की एक चारपहिया गाड़ी में आग लग गई। तेज धूप और ट्रैफिक के बीच धू-धू कर जलती गाड़ी को देख सड़क पर लोगों की भीड़ जुट गई।

गनीमत रही कि समय रहते ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाई और गाड़ी में लदे जरूरी सामान को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे बड़ा नुकसान होने से टल गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अग्निशमन दल पहुंचा और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि तब तक गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी। घटना के बाद कुछ ही देर में इनकम टैक्स गोलंबर पर भारी जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। लोग गाड़ी से उतरकर मंजर देखने लगे। कई राहगीर मोबाइल से वीडियो बनाते नजर आए। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना के बाद पुलिस और ट्रैफिक विभाग की टीम ने चौराहे पर ट्रैफिक को कंट्रोल किया।

# जहरीला खाना खाने से दर्जनों लोग हुए बीमार

- करनी पड़ी अतिरिक्त बेड की व्यवस्था
- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संभाली स्थिति
- निजी क्लिनिकों में भी चल रहा इलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार मझौलिया प्रखंड के माधोपुर मलाही टोला में महाबीरी झंडा मेले का आयोजन किया गया। यह मेला हर साल की तरह इस बार भी बड़े धूमधाम से आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, खासकर महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। मेले में खाने-पीने के कई स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें पानीपूरी, चाट, चौमीन, मोमोज, भेलपुरी, कोल्ड ड्रिंक और आइसक्रीम आदि की बिक्री हो रही थी। शाम पांच बजे से ही लोग परिवार के साथ इन खाद्य सामग्रियों का आनंद लेने लगे।

हालांकि, मेला खत्म होते-होते यानी रात करीब 9 बजे से ही दर्जनों बच्चों और महिलाओं को अचानक उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी। बुधवार सुबह होते-होते यह खबर तेजी से फैल गई कि पानीपुरी खाने के बाद कई बच्चे बीमार हो गए हैं। गुरुवार तक यह स्थिति और भयावह हो गई। शुरूआत में लोगों ने घरेलू उपचार किए, लेकिन जब कई मरीज बेहोश होने लगे, तब उन्हें आनन-फानन में मझौलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। अस्पताल प्रशासन को ऐसी भीड़ की पूर्व जानकारी नहीं थी, इसलिए शुरूआती अफरातफरी के बाद अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की गई, इमरजेंसी सेवा शुरू की गई और निजी क्लिनिकों से भी मदद ली गई।

स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. विजय सिंह की अगुवाई में मेडिकल टीम मौके पर पहुंची। बीमार लोगों को डफ्र घोल, एंटीबायोटिक दवाएं, एंटी-वॉमिटिंग इंजेक्शन और सलाइन चढ़ाई गई। बताया जा रहा है कि पीड़ितों में सबसे ज्यादा 6 से 16 वर्ष की आयु के बच्चे और महिलाएं शामिल हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन, अंचलाधिकारी प्रमोद मिश्रा और थानाध्यक्ष मनीष कुमार गांव पहुंचे। उन्होंने मेला परिसर का निरीक्षण किया और सभी फूड स्टॉल्स को तत्काल बंद करा दिया। साथ ही खाद्य सामग्री के सैंपल जब्त कर जांच के लिए भेज दिए गए हैं।

# अस्पताल से प्रसूता की नकदी और जेवरात चोरी

## सीसीटीवी से महिला चोर की हुई पहचान, सामान बरामद, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** मॉडल अस्पताल स्थित प्रसव वार्ड में भर्ती एक प्रसूता के नकदी और जेवरात की चोरी का मामला सामने आया। महिला द्वारा हंगामा किए जाने के बाद अस्पताल प्रबंधन सक्रिय हुआ और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला चोर की पहचान कर ली गई।

उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया गया। पीड़िता चंडी थाना क्षेत्र के जगतपुर निवासी रवि कुमार की पत्नी शालू कुमारी ने बताया कि वह 27 जुलाई को प्रसव के लिए सदर अस्पताल में भर्ती हुई थी।

सिजेरियन ऑपरेशन के बाद उसे प्रसव वार्ड में रखा गया था। बुधवार को जब उसकी सास और अन्य परिजन किसी कार्य से बाहर गए थे, उसी दौरान वह पैसे और जेवरात को रुमाल में बांधकर बेड पर रखकर बाथरूम में मुंह धोने चली गई।वापस लौटने पर उसने देखा कि बेड पर रखे नकद 13 हजार रुपये और मंगलसूत्र गायब हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और स्वास्थ्यकर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

शोरगुल सुनकर अस्पताल प्रबंधक मो. इमरान मौके पर पहुंचे और वार्ड में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करवाई। फुटेज से एक महिला की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। तलाशी के दौरान उस महिला के पास से चोरी के 13 हजार रुपये नकद और एक मंगलसूत्र बरामद हुआ।

आरोपी महिला की पहचान लहेरी थाना क्षेत्र के भरावपर निवासी फैयाज आलम की पत्नी आसमा परवीन के रूप में हुई है। उसने अस्पताल में यह कहकर प्रवेश किया था कि वह अपनी बच्ची का प्रसव कराने आई है, लेकिन जांच के दौरान उसके साथ न तो कोई बच्ची मिली और न ही कोई परिजन।

अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत नगर थाना को घटना की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी महिला को हिरासत में लेकर थाना ले गई। थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि आवेदन मिलने पर आरोपी महिला के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# संवेदनहीन दोस्तों के कारण गयी छोटू कुरैशी की जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** बबरगंज थानाक्षेत्र के मोगलपुरा निवासी छोटू कुरैशी को उसके दोस्तों और घरवालों ने तड़पता छोड़ मौत के मुंह में ढकेल दिया था। रेलवे पटरी पर दोस्तों के साथ बैठे छोटू कुरैशी रेलवे लाइन पार करते समय 28 जुलाई 2025 को ट्रेन की चपेट में आ गया था। जिस क्रम में उसके पेट और पीठ पर चोट आई थी। एक पांव भी कटकर अलग हो गया था।उसे जख्मी हालत में तब उसके साथ वहां मौजूद दोस्तों ने उसे अस्पताल पहुंचाने की बजाए उसके घर पर लाकर बेड पर लिटा दिया था। तब उन दोस्तों में एक ने उसे घर लाए जाने और वहां परिजनों के समक्ष होने वाली बातचीत का वीडियो बनाया था। वह वीडियो बबरगंज पुलिस के हाथ लग गई।जिसके अवलोकन बाद एसएसपी हृदय कांत के निर्देश पर सिटी डीएसपी-टू ने घटनाक्रम पर पड़े रहस्य से पर्दा उठाते हुए कहा कि छोटू कुरैशी की हत्या नहीं हुई थी। ट्रेन की चपेट में आकर वह जख्मी हो गया था। उसे दोस्तों ने जख्मी हालत में ही उसे घर पहुंचा दिया था। दोस्तों ने घर पर उसकी मौजूदगी का वीडियो बनाया था। उस क्रम में एक दोस्त ने उसे कहा देख छोटू तेको हमलोग सुरक्षित घर पहुंचा दिया न भाय... हालांकि संवेदनहीन दोस्तों ने छोटू को बुरी तरह जख्मी हालत में होने पर अस्पताल ले जाने के बजाय उसे घर पर पहुंचा दिया। जहां उसके घर वालों ने भी उसे गेंदरा ओढ़ा तड़पता छोड़ दिया, लेकिन अस्पताल ले जाना उचित नहीं समझा।

## हाई वोल्टेज तार की चपेट में आया टेम्पो चालक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कैमूर।** जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत भभुआ रोड पर एक ऑटो चालक लोहे की पाइप उतारते समय 11 हजार वोल्टेज के विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। हादसे में वह गंभीर रूप से झुलस गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे आनन-फानन में मोहनिया अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। घायल व्यक्ति की पहचान मोहनिया नगर पंचायत के वार्ड संख्या 12 निवासी सोनू पासवान (उम्र 35 वर्ष), पिता विजय पासवान के रूप में हुई है। मोहनिया अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि युवक का शरीर बुरी तरह झुलस गया है, और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

वहीं, मौके पर पहुंचीं मोहनिया जिला परिषद सदस्य गीता पासी ने बताया कि सोनू पासवान ऑटो से लोहे की पाइप लेकर एक दुकान पर उतारने गया था। इस दौरान पाइप ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्टेज के तार से छू गया, जिससे उसे जोरदार झटका लगा और वह झुलस गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। फिलहाल युवक का इलाज वाराणसी ट्रॉमा सेंटर में जारी है।

# नौकरियों में डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग जोरों पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** बिहार की सभी सरकारी नौकरियों में पूरी तरह से डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। डोमिसाइल नीति लागू किए जाने की मांग को लेकर फारबिसगंज में हजारों छात्रों ने युवराज यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन किए। अंजेश गुप्ता के सफल संचालन में डोमिसाइल महाआंदोलन में हजारों की संख्या में छात्र,युवा न्याय मार्च निकालकर सरकार को बिहार में डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग किया । पटना में आए स्टूडेंट्स यूनियन के छात्र युवा नेता दिलीप कुमार की मौजूदगी ने इस आंदोलन को मजबूती प्रदान किया। छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि बिहार की सभी सरकारी नौकरियों में 90 प्रतिशत डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग बिहार सरकार से की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार की सरकारी नौकरियों पर बिहारि छात्र-छात्राओं का पहला हक है। उन्होंने कहा कि वोट दे बिहारी और नौकरी पाए बाहरी,नहीं चलेगा। वहीं युवराज यादव ने कहा कि झारखंड ,तमिलनाडु , आंध्रप्रदेश, यूपी अन्य कई राज्यों में डोमिसाइल नीति लागू है। इस तर्क पर सरकार से मांग किया कि बिहार में डोमिसाइल नीति पूरी तरह से लागू होने चाहिए। मौके पर अजेश गुप्ता ने कहा कि बिहार के सभी विभागों में डोमिसाइल नीति जल्द बिहार सरकार लागू करे। अर्थात पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## सर्पदंश से मौत

**सीवान।** जिले के दरौंदा थाना क्षेत्र के महाचौड़ गांव में अंधविश्वास के कारण एक महिला की जान चली गई। सांप के काटने के बाद इलाज की जगह झाड़-फूंक में समय गंवाया गया, जिससे महिला की स्थिति बिगड़ती गई और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान महाचौड़ निवासी मानदेव राय की 35 वर्षीय पत्नी रंजू देवी के रूप में की गई है।जानकारी के मुताबिक, रंजू देवी गुरुवार को खेत में गाय को बांधने गई थीं। इसी दौरान उन्हें एक विषैले सांप ने काट लिया।

# आवासीय प्रमाण पत्र में फिल्म का पोस्टर


## होगी प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**करायपरसुराय।** अंचल कार्यालय में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एक व्यक्ति ने फिल्मी पोस्टर का उपयोग कर आवेदन कर दिया।

जानकारी के अनुसार, करायपरसुराय अंचल कार्यालय में 15 जुलाई को ऑनलाइन माध्यम से एक आवेदन दिया गया, जिसमें आवेदक का नाम दिएफवाई और पिता का नाम डीएफडी और पता में जेकेजेके ,वार्ड संख्या नौ लिखा हुआ था।

आवेदन के आधार पर आवासीय प्रमाण पत्र की मांग की गई थी। लेकिन आवेदन के साथ जो दस्तावेज संलग्न किया गया था, उसमें फिल्म डीजे का पोस्टर लगाया गया था। इस पोस्टर में प्रसिद्ध अभिनेता के. के. मेनन की तस्वीर



थी।

अंचलाधिकारी मणिकांत कुमार ने बताया कि आवेदन की जांच के दौरान इस फजीवाड़े का खुलासा हुआ। उन्होंने तुरंत उस आवेदन को रद कर दिया और कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अब संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

अंचलाधिकारी ने कहा कि यह न केवल सरकारी व्यवस्था के साथ धोखाधड़ी है, बल्कि यह आपराधिक कृत्य भी है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की जानकारी या प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करते समय केवल सही और वैध दस्तावेजों का ही उपयोग करें।

# भाजयुमो के जिलाध्यक्ष को पुलिस ने पीटा, जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** जिले में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विभू जैन के साथ पुलिस कार्यालय में मारपीट का मामला सामने आया है. घटना में उन्हें नाक में चोट आई है। फिलहाल उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में चल रहा है। विभू जैन साइबर क्राइम से जुड़े एक मामले में पैरवी के लिए गुरुवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे थे।

घायल भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि साइबर डीएसपी स्नेह सेतु ने पहले गाली-गलौज की और फिर मारपीट की। इसे लेकर नवादा थाना में एक आवेदन भी दिया गया है। घायल विभू जैन महाजन टोली वन मोहल्ला के रहने वाले हैं. उनकी माता वार्ड संख्या 22 की पार्षद हैं।

इधर, घटना की जानकारी मिलने पर सदर भाजपा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह समेत एनडीए के कई नेता अस्पताल पहुंचे और घायल नेता से मुलाकात कर हालचाल जाना। साथ ही उन्होंने वरीय अधिकारियों से बात कर कार्रवाई की मांग की।

विभू जैन ने बताया कि उनके वार्ड की एक महिला को इंस्टाग्राम पर परेशान किया जा रहा था। इस सिलसिले में पीड़िता के साथ आवेदन लेकर साइबर थाना गए थे। वहां उन्हें बार-बार इधर-उधर दौड़ाया गया। बाद में



उन्होंने एसपी से बात करने की कोशिश की, लेकिन वह छुट्टी पर थे।

इसके बाद उनकी बात सदर वन डीएसपी राज कुमार साह से हुई, जिन्होंने साइबर डीएसपी को फोन किया। भाजपा नेता का आरोप है कि इसके बाद साइबर डीएसपी ने उन्हें गाली दी और मारपीट की। इधर, सदर वन डीएसपी राज कुमार साह ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और वरीय अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है।

उन्होंने कहा कि देखा जा रहा है कि थाने में आखिर किन परिस्थियों में विवाद हुआ। शुक्रवार को खुद एसपी राज भी छुट्टी से लौटने के बाद पूरे मामले की जांच करेंगे। इधर, इस दौरान भाजपा के पूर्व विधायक संजय टाइगर समेत एनडीए के कई अन्य नेता भी अस्पताल पहुंचे।

# बाबा हरिगिरि धाम का होगा सौंदर्यीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़पुरा (बेगूसराय)।** बाबा हरिगिरि धाम परिसर में लगातार विकास कार्य किया जा रहा है। धाम की आय से बांके बिहारी मंदिर का निर्माण चल रहा है। मंदिर के निचले तल में व्यावसायिक दुकानें बनाई गई हैं। शिव गंगा तालाब की सीढ़ी का निर्माण पूरा कर उसे सुंदर ढंग से रंग रोगन किया गया है।

वहीं, एक श्रद्धालु के द्वारा शनिदेव मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। धाम परिसर में पेवर ब्लॉक लगाए जाने की योजना है। समिति के द्वारा सूर्य मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसमें अब प्रतिमा स्थापित की जाएगी।



बाबा हरि गिरि धाम विकास समिति के अध्यक्ष सह बखरी एसडीएम सन्नी कुमार सौरव ने बताया कि मंदिर के विकास के लिए बहुत सारा काम हुआ है। कई जन प्रतिनिधियों का भी इसमें सहयोग है। आगे जो काम बचा हुआ है, उसको भी पूरा किया जाएगा।

धाम समिति के सचिव लक्ष्मी नारायण मिश्र प्यारे ने बताया कि बाबा मंदिर परिसर की सुरक्षा के लिए यहां चारदीवारी का निर्माण भी जल्द होने वाला है। योजना की स्वीकृति मिल गई है। इसके बारे में भारत सरकार के मंत्री गिरिराज सिंह ने विगत नौ जुलाई को हरि गिरि धाम में मंच से घोषणा की थी।

इस दौरान डीएम बेगूसराय तुषार सिंगला भी मौजूद थे। सचिव ने यह भी बताया कि धाम के सुंदरीकरण के लिए जिला योजना विभाग के अभियंता मंदिर परिसर को सुंदर और आकर्षक बनाए जाने के लिए प्रारूप तैयार कर 2024 में ले गए हैं। कुछ ही दिनों में बाबा हरि गिरि धाम सुंदर, सुरक्षित और आकर्षक ढंग से बनकर तैयार हो जाएगा।

# डेड सोच वाले ही भारत को 'डेड इकोनॉमी' कह सकते हैं : ऋतुराज सिन्हा

## राहुल गांधी का बयान भारत की अर्थव्यवस्था नहीं, उनकी सोच को 'डेड' साबित करता है

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) कहे जाने पर खुशी जताने वाले बयान पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने करारा प्रहार करते हुए कहा है कि भारत को 'डेड इकोनॉमी' कहने वाले बयान पर तालियां बजाना राहुल गांधी की 'डेड सोच' का परिचायक है, न कि भारत की अर्थव्यवस्था का। उन्होंने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा राहुल गांधी को लगता है कि भारत का अपमान करना कोई उपलब्धि है जब देश आगे बढ़ रहा हो तब विदेशी मंचों पर भारत को नीचा दिखाना दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, शर्मनाक भी है। यह वही मानसिकता है जिसने बार-बार देश के गौरव को ठेस पहुंचाई है जब भारत पूरी दुनिया में आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है, उस समय इस तरह की बयानबाजी साफ दर्शाती है कि राहुल गांधी की सोच आज भी हताशा और दिशाहीनता में डूबी हुई है। श्री सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी का यह रवैया नया नहीं है। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने विदेश में भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया हो। फर्क बस इतना है कि इस बार वे बिना किसी शर्म के खुलेआम यह स्वीकार कर रहे हैं कि उन्हें ट्रम्प जैसे नेता के भारत-विरोधी बयान से 'खुशी' मिल रही है। क्या यह वही कांग्रेस है जो कभी 'भारत माता की जय' को अपना आदर्श बताती थी? आज राहुल गांधी की राजनीति भारत विरोधी विमर्श पर टिक गई है। उन्होंने कहा कि भारत अब 1990 वाला भारत नहीं – ये 'न्यू इंडिया' है। राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि आज का भारत वैश्विक मंच पर मजबूती से खड़ा है। मोदी सरकार की दूरदर्शी नीतियों ने भारत को शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में खड़ा कर दिया है। देश में रिकॉर्ड एफडीआई, ऐतिहासिक इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश और स्टार्टअप क्रांति दिखाती है कि भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और आगे बढ़ रहा है, लेकिन राहुल गांधी हैं कि 'डेड' की रट लगाकर अपनी अपरिपक्वता और निराशा का प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री सिन्हा ने कांग्रेस नेतृत्व से सीधा सवाल पूछाः क्या राहुल गांधी और उनकी पार्टी अमेरिका की टैरिफ नीति के खिलाफ 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ी होगी या हमेशा की तरह विदेशी ताकतों के सुर में सुर मिलाकर भारत को अपमानित करने का ही काम करती रहेगी? उन्होंने कहा देश की जनता यह देख रही है कि कौन भारत को बदनाम करता है और कौन गर्व से उसका प्रतिनिधित्व करता है। राहुल गांधी जैसे नेता भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को 'डेड' कहकर खुद को ही छोटा साबित कर रहे हैं।

## इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेक्निक के नवप्रवेशित छात्रों के सुचारु समायोजन हेतु बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विभाग की सचिव डॉ. प्रतिमा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य बिहार राज्य अंतर्गत राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं पॉलीटेक्निक संस्थानों में नव-प्रवेशित छात्रों के सुचारु समायोजन और उन्हें संस्थानों की विधि व्यवस्था से परिचित कराने पर विस्तृत चर्चा करना था। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि नए छात्रों को हॉस्टल, मेस, लाइब्रेरी और प्रयोगशालाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। डॉ. प्रतिमा ने निर्देश दिए कि छात्रों को उनके संस्थान के हर पहलू से अवगत कराया जाए। इसके अतिरिक्त उन्हें सभी प्रासंगिक डिजिटल पोर्टल्स की जानकारी भी प्रदान की जाए जिससे वे आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकें और अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें। सचिव ने बैठक में उपस्थित सभी सहायक निदेशकों को सख्त निर्देश दिए कि नए विद्यार्थियों के साथ किसी भी प्रकार की रैगिंग की घटना न हो, इस पर कड़ाई से नजर रखी जाए। उन्होंने प्रत्येक संस्थान और हॉस्टल में सीसीटीवी कैमरों की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया जिसमें यह सुनिश्चित किया जाए कि कितने कैमरे स्थापित हैं और वे सही ढंग से काम कर रहे हैं अथवा नहीं। इस महत्वपूर्ण बैठक में सहायक निदेशकों के अतिरिक्त अहमद महमूद, अपर सचिव सह निदेशक, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग भी उपस्थित थे।

## बी. डी. कॉलेज में तुलसी जयंती पर साहित्यिक-सांस्कृतिक समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** महान भक्तिकालीन संतकवि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के अवसर पर बी. डी. कॉलेज, पटना के हिंदी विभाग द्वारा भव्य साहित्यिक-सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विवेकानंद सिंह की गरिमामयी उपस्थिति तथा सभी संकायों के प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशिष्ट अतिथि प्रो. सुरेन्द्र चन्द्र श्रीवास्तव ने किया तथा प्रो. शत्रुघ्न शरण सिंह और डॉ. रवि कुमार की कार्यक्रम के संचालन में विशिष्ट भूमिका रही। विभागीय प्राध्यापक एवं महाविद्यालय के वित्तेक्षक डॉ. अमित कुमार ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात विभागीय छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से एक सुंदर प्रस्तुतियां दीं। निशा कुमारी ने गणेश वंदना, सिमरन ने शिव तांडव, शिवम, प्रिया, राधा एवं तन्नु ने रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित गीत, संवाद एवं समूह नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों ने गोस्वामी तुलसीदास की भक्ति भावना, लोकमंगल दृष्टि एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

## सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत गरीबी उन्मूलन का किया जा रहा है कार्य : अमृत लाल मीणा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के जीविका, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पटना स्थित सचिवालय भवन में डिब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र श्रीलंका सरकार के ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा और सामुदायिक सशक्तिकरण मंत्रालय और एशियन डेवलपमेंट बैंक के प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोजित इमर्सन एंड लर्निंग एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ। सत्र का शुभारंभ जीविका की अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अभिलाषा कुमारी शर्मा द्वारा स्वागत भाषण से हुआ। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं सतत जीविकोपार्जन योजना के उद्देश्यों तथा इसके तहत बिहार राज्य में गरीबी उन्मूलन के लिए किये जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका और एशियन डेवलपमेंट बैंक के 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बिहार सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन हेतु संचालित सतत जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत इमर्शन एंड लर्निंग एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत गया जिला का दौरा किया।

## स्तनपान पर विशेष जागरूकता के लिए राज्य में मनेगा 'विश्व स्तनपान सप्ताह' : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग राज्य में नवजातों के बेहतर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य में एक अगस्त से सात अगस्त तक 'विश्व स्तनपान सप्ताह' मनाया जाएगा। इसे स्वास्थ्य विभाग एवं समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष विश्व स्तनपान दिवस को 'स्तनपान में निवेश, भविष्य में निवेश' के थीम पर मनाया जाएगा। थीम की तर्ज पर स्तनपान सप्ताह के दौरान माताओं को नवजात मृत्यु दर में कमी लाने, शिशुओं के समुचित शारीरिक, मानसिक विकास, कुपोषण से बचाव के लिए स्तनपान के महत्व को बताया जाएगा। इसके अलावा स्तनपान को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य के अंदर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। प्रखंड स्तरीय गतिविधियों में पीएचसी स्तर पर स्वस्थ हेल्दी बेबी शो का आयोजन कर स्तनपान पर जागरूकता बढ़ाया जाएगा। श्री पांडेय ने बताया कि स्तनपान सप्ताह के दौरान सभी स्वास्थ्य संस्थानों को बोतल बंद दूध मुक्त परिसर घोषित किया जाएगा। प्रसव केंद्रों पर कार्यरत एएनएम, स्टाफ नर्स या ममता का स्तनपान से होने वाले लाभ एवं डिब्बा बंद दूध तथा बोतल एवं निप्पल के प्रयोग से होने वाले नुकसान के संबंध में उन्मुखीकरण किया जाएगा। आंगनबाड़ी सेविका एवं आशा अगस्त माह में होने वाले आरोग्य सत्र दिवस में सभी दो वर्ष तक के बच्चों की माताओं को निमंत्रित करेंगी और शिशु एवं छोटे बच्चे के आहार पर पंचायती राज संस्थाओं की महिला सदस्यों के द्वारा प्रोत्साहित करेंगी।

## गोस्वामी तुलसीदास की स्मृति में संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर का उद्घाटन समारोह संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना तथा संस्कृत संरक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अंतर्गत गोस्वामी तुलसीदास स्मृति में एवं तुलसीदास जयंती समारोह के अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय अन्तर्जालीय (ऑनलाइन) दशदिवसात्मक संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर का भव्य उद्घाटन समारोह सावन मास की शुभ वेला में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. मुकेश कुमार ओझा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना) ने कहा–गोस्वामी तुलसीदास जी के 'रामचरितमानस' में संस्कृत व्याकरण, अलंकार और दर्शन की छाया स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। रामचरितमानस के महत्व बताते हुए कहा 'सीय राम मय सब जग जानी, करहुं प्रणाम जोरि जुग पानी' यह भाव के कारण रामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने के लिए सरकार से अपील की। मुख्य अतिथि प्रो रागिनी वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा– तुलसीदास का संस्कृत से ऐसा आत्मिक संबंध था कि उन्होंने लोक में प्रसार हेतु संस्कृत तत्वज्ञान को अवधी भाषा में व्यक्त किया। आज की आवश्यकता है कि हम उनके अनुकरण में संस्कृत को व्यवहार की भाषा बनाएं।

## पुलवामा के शहीद सैनिकों के परिजनों को कांग्रेस ने दिया एक-एक लाख का चेक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, अखिल भारतीय एक्स सर्विसमैन कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन रोहित चौधरी और विधायक दल के नेता डॉ शकील अहमद खान के द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी और बिहार कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान से देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पहल पर पुलवामा में शहीद हुए हैं। उनके प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए उनके परिजनों को एक-एक लाख रुपए की सहायता राशि भेजी जिसे आज उन्हें सौंपा गया। इस मौके पर शहीद इम्तियाज अली और रामबाबू सिंह के परिवार का सम्मान करने का काम भी प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में किया गया। अखिल भारतीय एक्स सर्विसमैन कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन रोहित चौधरी ने कहा कि देश की वर्तमान सरकार सेना का राजनीति में इस्तेमाल कर रही है और सेना के जवान जो सरहदों पर हर विषम परिस्थितियों में हमारी रक्षा कर रहे हैं उनके शहादत को वर्तमान सरकार छिपाकर राजनीतिकरण कर रही है। ऑपरेशन सिंदूर से पहले पहलगाम में आतंकी हमले में 26 लोग शहीद हो जाते हैं और चालीस मिनट तक आतंकी नरसंहार करने में सफल हो जाते हैं, लेकिन हमारा इंटेलिजेंस फेल हो जाता है और ऐसा कभी हमारे देश के साथ नहीं हुआ था। हमारे नेता राहुल गांधी ने शहीदों के परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया और घायलों से मिलने के लिए अपने विदेश दौरों को तत्काल रद्द कर वापस देश लौटे जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले ही दिन बिहार में चुनावी रैली करने पहुंच गए, लेकिन शहीदों के परिजनों और घायलों से मिलने की जहमत नहीं उठाएं। गृह मंत्रालय, जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल और इंटेलिजेंस की चूक का परिणाम रहा कि हमारे आम नागरिक और वीर सैनिक शहीद हो गए।

## शुरुआती दौर में दीदियों को तीन तरह के ऋण उपलब्ध कराएगा जीविका निधि साख सहकारी संघ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 'जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड' के प्रबंध समिति की गुरुवार को हुई पहली बैठक में आगामी तीन माह की कार्य योजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। बिहार सरकार की यह पहल महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। ग्रामीण विकास विभाग के सभागार में गुरुवार को प्रबंध समिति की पहली बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह और जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा, प्रबंध समिति से जुड़ी 12 जीविका दीदियों के साथ राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के मुख्य महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) के वरीय अधिकारी समेत कई अन्य पदाधिकारी शामिल थे। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बैठक में बताया कि इस संगठन के संचालन की पूरी जिम्मेदारी जीविका दीदियों के हाथों में होगी। उन्होंने बताया कि जीविका निधि के सफल संचालन हेतु मंत्रिमंडल से कुल 653 पदों पर प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा पर नियुक्ति की स्वीकृति मिल चुकी है। बिहार सरकार द्वारा जीविका निधि में कुल 105 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करा दी गई है।

## कुलपति की अध्यक्षता में एनइपी समन्वयकों की बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति को प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 को प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन कराने लिए गुरुवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने की। इसमें विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न महाविद्यालय के एनइपी समन्वयकों ने भाग लिया। बैठक में तय हुआ कि विश्वविद्यालय स्तर पर एक एनइपी कार्यबल का गठन किया जाएगा जो समयबद्ध रूप से नीतिगत निर्णयों को लागू कराने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इसके अलावा बैठक में विश्वविद्यालय स्तर पर एनइपी 2020 के विभिन्न प्रावधानों जैसे बहु-विषयक शिक्षा, चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम, कौशल विकास, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी), लचीली शिक्षा प्रणाली एवं छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों के प्रभावी कार्यान्वयन की रूपरेखा तैयार करना। वहीं बैठक में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के एनइपी समन्वयकों के कार्यों का समीक्षा भी किया गया।

## प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् ने वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण के संबंध में दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना के सेंट कैरेंस उच्च विद्यालय, खगौल, पटना से आये छात्र-छात्राओं के एक दल को बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा पर्षद् के क्रियाकलापों, वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण के संबंध में जानकारी दी गयी। साथ ही उन्हें पर्षद् के केन्द्रीय प्रयोगशाला का भी भम्रण कराया गया।

सेंट कैरेंस उच्च विद्यालय, खगौल के एक शिक्षक ओम प्रकाश तिवारी की अगुआई में आये वर्ग 12 के छात्र-छात्राओं को पर्षद् के वरीय वैज्ञानिक डॉ. नवीन कुमार एवं अरुण कुमार द्वारा पर्षद् के क्रियाकलापों, राज्य पर्षद् की स्थापना, देश में लागू पर्यावरणीय अधिनियमों एवं नियमावलियों के बारे में बताया गया। राज्य में वायु प्रदूषण की स्थिति इसके कारकों, ए.क्यू.आई. आदि के बारे में सामान्य जानकारी दी गई। इस संबंध में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गये सवालों को भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के पश्चात छात्र-छात्राओं को पर्षद् मुख्यालय स्थित केन्द्रीय प्रयोगशाला का भम्रण कराया गया जहां चल रहे जल, वायु एवं ध्वनि नमूना विश्लेषण कार्यो से परिचित कराया गया। पर्षद् के वरीय वैज्ञानिक डॉ. नवीन कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं के दल के साथ पधारे शिक्षक ओम प्रकाश तिवारी, सेंट कैरेंस उच्च विद्यालय, खगौल, पटना को विद्यालय की ऐसी पहल के लिए धन्यवाद दिया।

## पीपीयू में पहली बार शिक्षकों को समय पर दिया पेंशन और वेतन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्याल में पहलीबार शिक्षकों और कर्मियों को पेंशन, वेतन और एरियर का भुगतान एक साथ माह के अंतिम तिथि 31 जुलाई को कर दिया गया। विश्वविद्यालय की ओर से एकसाथ दो माह जून और जुलाई की वेतन और पेंशन भेज दिया गया है। पाटलिपुत्र विवि में इसके पहले शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों का पेंशन और वेतन 31 तारिक को नहीं भेजा गया था। इसके लिए पेंशन व वेतन भुगतान के लिए कर्मियों और शिक्षकों को चक्कर लगाने पड़ते था। पीपीयू के शिक्षक और कर्मचारी संगठनों ने समय पर भुगतान करने के लिए कुलपति को बधाई दी है।

## जेडी वीमेंस कॉलेज में कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह का भव्य स्वागत

### कुलपति का सम्मान समारोह सह तुलसी जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जेडी वीमेंस कॉलेज के मुख्य ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह आयोजित कर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह का भव्य स्वागत किया गया। समारोह में प्रधानाचार्या प्रो. मीरा कुमारी ने कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह को स्मृति चिन्ह, पौधा एवं शॉल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर तुलसी जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हिन्दी विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में महान कवि गोस्वामी तुलसीदास की काव्य परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रूप में प्रस्तुत करने हेतु एक सशक्त नाट्य मंचन और मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई। इस दौरान मुंशी प्रेमचंद को भी उनकी जयंती पर याद किया गया। इस अवसर पर कॉलेज में मां प्रेमा फाउंडेशन की ओर से चल रहे मिथिला पेंटिंग प्रशिक्षण प्राप्त कर रही तीसरे बैच के 50 छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह उपस्थित थे। उनके साथ मैडम कुलपति मीना सिंह एवं कॉलेज की प्राचार्या प्रो. मीरा कुमारी भी मंच पर उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने तुलसीदास के जीवन, काव्य और भारतीय संस्कृति में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा तुलसीदास न केवल एक कवि थे, बल्कि भारतीय समाज के सांस्कृतिक पुनरुत्थान के अग्रदूत भी थे। रामचरितमानस जैसे ग्रंथ ने जनमानस में मर्यादा, भक्ति और धर्म की भावना को सुदृढ़ किया है। उन्होंने कहा कि अब पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में शोध, नवाचार, शिक्षण का रास्ता तैयार हुआ है। विवि में कोई भी फाइल किसी कर्मचारी व अधिकारी के यहां तीन दिन से ज्यादा नहीं रूक रहा है। सभी पर तुरंत निर्णय लिए जा रहे है। महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रो. मीरा कुमारी ने छात्राओं को तुलसीदास के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया, जबकि मैडम कुलपति मीना सिंह ने छात्राओं की रचनात्मक प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को हमारी समृद्ध परंपरा से जोड़ते हैं।

## भारत मंडपम में दो दिवसीय ग्लोबल आउटरीच समिट का समापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में भारत मंडपम में हो रहे दो दिवसीय ग्लोबल आउटरीच समिट 2025 का आज समापन हो गया। इस सम्मेलन का आयोजन ब्रांड और सोर्सिंग लीडर्स (बीएसएल) के द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) ने पवेलियन लगाया था जहां राज्य की टेक्सटाइल संभावनाओं और औद्योगिक नीतियों की व्यापक जानकारी प्रदर्शित की गई। इस पवेलियन में बिहार सरकार की उद्योगों से संबंधित योजनाएं, नीतियां, टेक्सटाइल सेक्टर में संभावनाएं और निवेश को आकर्षित करने वाले प्रमुख बिंदुओं को दर्शाया गया। आगंतुकों और निवेशकों को न सिर्फ बिहार की कारोबारी अनुकूलता के बारे में बताया गया साथ ही उन्हें राज्य के अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्र तथा वहां मिलने वाली सुविधाओं और सरकार की ओर से मिलने वाले लाभों के बारे में भी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दूसरे दिन बियाडा पवेलियन में देश-विदेश से कई प्रमुख निवेशकों और टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़े प्रतिनिधियों का आगमन हुआ। बियाडा पवेलियन में आए निवेशकों ने बिहार की उद्योग नीति और कामकाज की पारदर्शिता को लेकर अपनी रूचि दिखाई। बियाडा पवेलियन बिहार को निवेश के उभरते गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया। बियाडा को 'पॉलिसी पावर पार्टनरशिप' श्रेणी के तहत गोल्ड पार्टनर के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी के लिए मान्यता दी गई जो मजबूत नीतियों और साझेदारियों के माध्यम से औद्योगिक विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## जैन धर्मावलंबियों ने तेइसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मोक्ष सप्तमी के रूप में मनाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना सहित सभी जगहों के जैन धर्मावलंबी तेइसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मोक्ष सप्तमी के रूप में पूरी श्रद्धा के साथ मनाया। पटना के सभी जैन मंदिरों में भगवान का अभिषेक, पूजा के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाए गए। पटना के सबसे बड़े दिगम्बर जैनमंदिर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ की 108 कलशों से अभिषेक की गई और उसके बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। यहां शान्तिधारा संजय जैन, भगवान का प्रथम चार कलश अशोक जैन, दिनेश जैन, अजीत जैन एवं विकास अग्रवाल ने किया। भगवान को निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य पंकज जैन को प्राप्त हुआ। इसके साथ हीं पटना के मीठापुर, लंगूर गली स्थित गुरारा जैन मंदिर, मुरादपुर एवं नाला रोड चैत्यालय, कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में अभिषेक, पूजा एवं निर्वाण लाडू श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ चढ़ाया।

## बंधन बैंक ने साइबर सुरक्षा पर पटना में आयोजित किया ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बंधन बैंक ने हाल ही में पटना में ग्राहकों को उनके बैंकिंग अधिकारों, नियामकीय सुरक्षा, शिकायत निवारण प्रणाली, सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग व्यवहार और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के बारे में जागरूक करने के लिए ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। आरबीआई पटना के मुख्य महाप्रबंधक एवं बिहार के लिए लोकपाल श्री कुमार राजेश रंजन मुख्य अतिथि के तौर पर इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रभाकर झा, उप-लोकपाल (आरबीआई) और वीर धीरेंद्र, वरिष्ठ उप पुलिस अधीक्षक (साइबर) शामिल थे। बंधन बैंक के प्रतिनिधि मनीष रंजन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और हैड- प्रोसेस क्वालिटी तथा अमित कुमार सिंह, वाइस प्रेसिडेंट और रीजनल हेड- ब्रांच बैंकिंग इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में बंधन बैंक और कुछ अन्य बैंकों के लगभग 125 ग्राहकों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य ग्राहकों को शिकायत निवारण प्रणाली, सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग और लेनदेन की सुरक्षा में बैंक की भूमिका के बारे में सशक्त बनाना था। प्रमुख चर्चाओं में आरबीआई की इंटीग्रेटेड लोकपाल योजना, फेयर प्रैक्टिसेस कोड, सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग पद्धतियां और फिशिंग व विशिंग जैसी धोखाधड़ी से बचाव की प्रभावी रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

## संपादकीय

# ट्रंप का टैरिफ युद्ध

राष्ट्रपति पद संभालने के तुरंत बाद डोनाल्ड ट्रंप ने संरक्षणवादी एजेंडे के साथ ही चीन, कनाडा व मैक्सिको पर भारी-भरकम टैरिफ थोपकर व्यापार युद्ध की शुरुआत कर दी है। ट्रंप के फैसले से वैश्विक बाजारों में भूचाल है। इन तीनों देशों द्वारा इसका जवाब देने की घोषणा से विश्व व्यापार युद्ध शुरू होने की आशंका पैदा हो गई है। दरअसल, अमेरिका ने अपने शीर्ष व्यापारिक सहयोगी कनाडा व मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीनी सामानों पर 10 प्रतिशत टैरिफ थोपकर उन्हें आर्थिक प्रतिशोध हेतु बाध्य कर दिया है। कनाडा ने अमेरिकी आयात पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है तो मैक्सिको भी ऐसा मन बना रहा है। वहीं चीन पिछली टैरिफ लड़ाइयों से परेशान होकर रणनीतिक प्रतिशोध को तैयार है। वह इस मामले को विश्व व्यापार संगठन तक ले जाने की बात कर रहा है। हालांकि, भारत फिलहाल ट्रंप की संरक्षणवादी कार्रवाई से बचा नजर आता है। भारत ने टैरिफ कटौती की दिशा में कदम उठाते हुए ट्रंप के उस टैरिफ दुरुपयोग के आक्षेप से बचने का प्रयास किया है, जिसको लेकर ट्रंप भारत को निशाने पर लेते हैं। दरअसल, भारत में शीर्ष तीस अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क मसलन कच्चे पेट्रोलियम से लेकर हार्ले-डेविडसन मोटर साइकिल तक पर मामूली टैरिफ है। निस्संदेह, यह रणनीतिक कदम न केवल तत्काल अमेरिकी प्रतिशोध को रोकता है बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एकीकृत होने के लिये भारत की प्रतिबद्धता का भी संकेत देता है। जैसा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में रेखांकित किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत अमेरिकी व्यापार घाटे में केवल 3.2 प्रतिशत का ही कारक है। इसकी वजह यह भी है कि भारत के तेजी से बढ़ते फार्मास्युटिकल और कीमती धातुओं के निर्यात फिलहाल कमजोर बने हुए हैं। यह अच्छी बात है कि ट्रंप ने पहले टैरिफ वार से भारत को राहत दी है, लेकिन वैश्विक व्यापार युद्ध से भारत में विदेशी निवेश प्रभावित हो सकता है। असर रुपये की सेहत पर भी पड़ेगा।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी अमेरिका यात्रा से द्विपक्षीय व्यापार खिड़की खुलने की संभावना है। वहीं ट्रंप की इस कार्रवाई का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि सामान पर टैरिफ बढ़ाए जाने से चीनी उत्पाद महंगे होंगे, तो भारतीय निर्यातक अमेरिका बाजार में नये अवसर तलाश सकते हैं। खासकर कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटो पार्ट्स के क्षेत्र में। लेकिन इसके बावजूद भारत को सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए। इस टैरिफ जंग का एक पहलू यह भी कि अमेरिका में उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती हैं। ट्रंप ने अमेरिकी लोगों को मुश्किल समय के लिये तैयार रहने के लिये कहा है। आशंका है कि इससे भारत के सबसे बड़े निर्यात बाजारों में से एक में मांग कम हो सकती है। वहीं दूसरी ओर कोई भी अमेरिकी व्यापारिक प्रतिबंध अंततः भारत के प्रमुख उद्योगों को प्रभावित कर सकता है। हालांकि, हमने उभरते वैश्विक आर्थिक युद्ध से बचने के लिये व्यावहारिक टैरिफ रणनीति को अपनाया है, लेकिन अभी भी बड़े वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंका खत्म नहीं हुई है। हालिया केंद्रीय बजट में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने टैक्स में छूट देकर मध्य वर्ग को खुश तो किया है, लेकिन ट्रंप के व्यापार युद्ध की घोषणा से भारत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

**अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा के नियमित संपर्क में रहने से मनोभ्रंश एवं स्मृति-लोप का खतरा काफी बढ़ जाता है, यह एक ऐसी प्रगतिशील स्थिति है जो स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमताओं को क्षीण कर देती है। दुनिया भर में, लगभग 5.74 करोड़ लोग पहले से ही मनोभ्रंश से प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई न किए जाने पर, यह संख्या 2050 तक तिगुनी होकर 15.28 करोड़ हो सकती है। मनोभ्रंश अर्थात डिमेंशिया या भूलने की बीमारी का दुनिया में बढ़ता खतरा इतना बड़ा है कि आगामी पच्चीस वर्ष में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। शोधकर्ताओं ने वायु प्रदूषण में खासकर कार से निकलने वाले धुएं या उत्सर्जन को गंभीर माना है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने वाले लोगों के मस्तिष्क की कार्यक्षमता में एक दशक तक की गिरावट देखी जा सकती है, उदाहरण के लिए, लगातार जहरीली हवा में सांस लेने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति 60 वर्षीय व्यक्ति के समान संज्ञानात्मक क्षमता प्रदर्शित कर सकता है। वायु प्रदूषण का सबसे पहला असर फेफड़ों और दिल पर पड़ता है, लेकिन यह वहीं तक सीमित नहीं रहता।**

# वायु प्रदूषण से स्मृति-लोप का बढ़ता खतरा

**ललित गर्ग**

पर्यावरण की उपेक्षा एवं बढ़ता वायु प्रदूषण मनुष्य स्वास्थ्य के लिये न केवल घातक हो रहा है, बल्कि एक बीमार समाज के निर्माण का कारण भी बन रहा है। हाल ही में हुए एक मेटा-अध्ययन ने वायु प्रदूषण और बिगड़ती स्मृति के बीच एक खतरनाक संबंध का खुलासा किया है। हवा में मौजूद विषैले कण-खासकर महीन धूल और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, जो मुख्य रूप से वाहनों और औद्योगिक प्रक्रियाओं से निकलती हैं, हमारे मस्तिष्क को सीधे प्रभावित कर रही हैं। यह व्यापक शोध लगभग 3 करोड़ व्यक्तियों से जुड़े 51 अध्ययनों पर आधारित है। ये निष्कर्ष भारत जैसे देशों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक हैं, जहाँ वायु प्रदूषण का स्तर दुनिया में सबसे अधिक है। अगर धनी और विकसित देश भी प्रदूषण के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से जूझ रहे हैं, तो भारत लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। वायु प्रदूषण से निपटना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा के नियमित संपर्क में रहने से मनोभ्रंश एवं स्मृति-लोप का खतरा काफी बढ़ जाता है, यह एक ऐसी प्रगतिशील स्थिति है जो स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमताओं को क्षीण कर देती है। दुनिया भर में, लगभग 5.74 करोड़ लोग पहले से ही मनोभ्रंश से प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई न किए जाने पर, यह संख्या 2050 तक तिगुनी होकर 15.28 करोड हो सकती है। मनोभ्रंश अर्थात डिमेंशिया या भूलने की बीमारी का दुनिया में बढ़ता खतरा इतना बड़ा है कि आगामी पच्चीस वर्ष में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। शोधकर्ताओं ने वायु प्रदूषण में खासकर कार से निकलने वाले धुएं या उत्सर्जन को गंभीर माना है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने वाले लोगों के मस्तिष्क की कार्यक्षमता में एक दशक तक की गिरावट देखी जा सकती है, उदाहरण के लिए, लगातार जहरीली हवा में सांस लेने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति 60 वर्षीय व्यक्ति के समान संज्ञानात्मक क्षमता प्रदर्शित कर सकता है। वायु प्रदूषण का सबसे पहला असर फेफड़ों और दिल पर पड़ता है, लेकिन यह वहीं तक सीमित नहीं रहता। हवा में मौजूद ये छोटे-छोटे कण हमारी सांस के जरिए खून में चले जाते हैं और फिर सीधे दिमाग तक पहुंच जाते हैं। इससे-याद रखने की क्षमता कमजोर होती है। ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। सीखने और नई बातें याद रखने में दिक्कत होती है। कुछ मामलों में डिप्रेशन यानी अवसाद की संभावना बढ़ जाती है। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण पदार्थ) में प्रति घन मीटर 10 माइक्रोग्राम की वृद्धि से स्मृति संबंधी बीमारियों का खतरा 17 प्रतिशत बढ़ जाता है। वाहनों के धुएँ और जलती हुई



लकड़ी से निकलने वाले ब्लैक कार्बन में एक माइक्रोग्राम की भी वृद्धि से यह खतरा 13 प्रतिशत बढ़ जाता है। ये सूक्ष्म कण हमारे श्वसन और परिसंचरण तंत्र को दरकिनार कर मस्तिष्क तक पहुँच सकते हैं और सूजन व ऑक्सीडेटिव तनाव पैदा कर सकते हैं, जिससे अंततः न्यूरॉन्स को नुकसान पहुँचता है। इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। प्रदूषित हवा न केवल फेफड़ों और हृदय के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि याददाश्त, एकाग्रता, सीखने और भावनात्मक स्थिरता को भी कमज़ोर करती है। अध्ययनों से पता चला है कि उच्च प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे स्वच्छ वातावरण में रहने वालों की तुलना में स्कूल की परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन करते हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले वयस्क अक्सर चिड़चिड़ापन, थकान और यहाँ तक कि अवसाद का अनुभव करते हैं। उनकी उत्पादकता और निर्णय लेने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है।

प्रदूषण से प्रेरित स्मृति हानि का प्रभाव केवल व्यक्तियों तक ही सीमित नहीं है, यह शैक्षिक परिणामों, कार्यस्थल की दक्षता और सामाजिक निर्णय लेने को भी प्रभावित करता है। आँकड़े दर्शाते हैं कि उच्च-पीएम क्षेत्रों में लोग मौखिक प्रवाह, तर्क, सीखने और स्मृति परीक्षणों में कम अंक प्राप्त करते हैं, जो शिक्षा का एक पूरा वर्ष गँवाने के समान है। एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि कैसे किराने की खरीदारी जैसे नियमित कार्यों में संज्ञानात्मक विकर्षण प्रदूषण के संपर्क में आने से बढ़ जाता है। वृद्ध और कम शिक्षित व्यक्ति विशेष रूप से असुरक्षित होते हैं, अक्सर रोज़मर्रा के कार्य करने की क्षमता खो देते हैं और दूसरों पर अधिक निर्भर हो जाते हैं।

बढ़ते खतरे के बावजूद, चिकित्सा विज्ञान वर्तमान में मनोभ्रंश का कोई निश्चित इलाज नहीं देता है। मौजूदा उपचार सीमित और अक्सर अप्रभावी होते हैं, जिससे मरीज धीरे-धीरे अपनी याददाश्त और स्वतंत्रता खो देते हैं। अध्ययन के सह-प्रमुख लेखक, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के डॉ. क्रिस्टियन ब्रेडल इस बात पर ज़ोर देते हैं कि मनोभ्रंश की रोकथाम केवल स्वास्थ्य सेवा की ज़िम्मेदारी नहीं है। शहरी नियोजन, परिवहन नीतियां और पर्यावरणीय नियम, सभी इस संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वायु प्रदूषण न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि सामूहिक सोच, जीवनशैली विकल्पों और पर्यावरणीय निर्णयों को भी विकृत करता है। बड़े पैमाने पर, यह शैक्षिक उपलब्धि में कमी, उत्पादकता में कमी, स्वास्थ्य सेवा के बढ़ते बोझ और गहरी होती आर्थिक असमानताओं में योगदान देता है। वाशिंगटन में 12 लाख लोगों पर किए गए एक अलग अध्ययन से पता चला है कि जंगल की आग के धुएँ के संपर्क में आने से, जो पीएम 2.5 के स्तर को बढ़ाता है, मनोभ्रंश का खतरा 18-21 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा की गई एक और व्यापक समीक्षा (51 अध्ययनों में 2.9 करोड़ लोगों पर) ने पुष्टि की कि पीएम 2.5 के संपर्क में आने से मनोभ्रंश का खतरा 13-17 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

विज्ञान स्पष्ट है कि ये सूक्ष्म कण श्वसन तंत्र और मस्तिष्क में गहराई तक प्रवेश करते हैं, मस्तिष्क के कार्य को बाधित करते हैं और मानसिक गिरावट को तेज़ करते हैं।

हाल ही में चीन में हुए एक शोध में भी पीएम और नाइट्रोजन ऑक्साइड के संपर्क को मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध लोगों में संज्ञानात्मक क्षमता में कमी, विशेष रूप से कार्यशील स्मृति में कमी से जोड़ा गया है। यह एक बढ़ता हुआ संकट है जिसके प्रभाव न केवल व्यक्तियों पर बल्कि पूरे समाज पर पड़ रहे हैं। हमें यह स्वीकार करना होगा कि वायु प्रदूषण अब केवल खांसी या सांस की बीमारी तक सीमित नहीं है, यह चुपचाप हमारी स्मृति, संज्ञानात्मक कार्यों और मानसिक स्वास्थ्य पर हमला कर रहा है। लोग मानसिक थकान, अवसाद या चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं। सामूहिक स्तर पर, शिक्षा और उत्पादकता में गिरावट, स्वास्थ्य पर बढ़ता बोझ और आर्थिक असमानता बढ़ती है। अगर तत्काल और निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और बिगड़ेगी। वायु प्रदूषण शरीर में हानिकारक रासायनिक प्रतिक्रियाओं को जन्म देता है जो कोशिकाओं, प्रोटीन और डीएनए को नुकसान पहुँचाती हैं, जिससे मनोभ्रंश जैसी तंत्रिका संबंधी बीमारियों का मार्ग प्रशस्त होता है। उत्साहजनक रूप से, शोध बताता है कि वायु प्रदूषण को कम करने से स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक और जलवायु क्षेत्रों में दीर्घकालिक लाभ मिल सकते हैं। इससे मरीजों, परिवारों और देखभाल करने वालों पर बोझ भी कम होगा। अब हमें खुद से यह सवाल पूछना होगा कि हम न केवल अपने फेफड़ों, बल्कि अपने दिमाग की भी रक्षा के लिए कितनी दूर तक जाने को तैयार हैं?

# प्रधानमंत्री की मालदीव यात्रा से भारत - मालदीव के रिश्तों में नया मोड़



**डॉ मणिकांत झा**

हाल ही में संपन्न हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मालदीव यात्रा कई मायने में अहम माना जा रहा है। एक ओर जहां दोनों देशों के रिश्तों में नया मोड़ आया। वहीं मोदी ने अपने चिर परिचित शैली में एक तीर से कई निशाने साधने में सफल हुए। मालदीव के मौजूदा राष्ट्पति मोहम्मद मुइज्जू के निमंत्रण पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का मालदीव में भव्य स्वागत हुआ। मोदी मोदी के नारे से क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। यह मौका था मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह का जिसमें मोदी विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी शानदार शिरकत की।मालदीव के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए 4850 करोड रुपए की सहायता राशि का ऐलान किया जबकि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा के लिए 72 वाहन और उपकरण भी सौपे। इतना ही नहीं मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर अपनी सहमति भी जाता दी। दोनों राष्ट्ध्यक्षों ने मिलकर कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया जिसमें रक्षा मंत्रालय का नया भवन सहित 3300 आवास इकाइयां भी शामिल है। इसके अतिरिक्त भारत की ओर से मालदीव में 6 उच्च प्रभावशाली सामुदायिक विकास परियोजनाओं की भी शुरुआत की गई। तभी तो मालदीव के राष्टपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत को सबसे करीबी साझेदार बताते हुए मालदीव के विकास के लिए इसे काफी महत्वपूर्ण माना। प्रधानमंत्री मोदी के इस यात्रा का सबसे खास पहलू यह है कि महज 2 वर्ष पूर्व भारत के विरोध में अपने स्वर आलाप कर मालदीव की सत्ता तक पहुंचे मुइज्जू को ऐसा क्या हुआ जो एकाएक इनका सदविश्वास भारत के प्रति अनुकूल हुई। वस्तुत-इसे प्रधानमंत्री मोदी के पड़ोसी प्रथम नीति के तहत विदेश नीति व कूटनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है। वास्तविकता तो यह है कि महज 5.21 लाख की आबादी वाले मालदीव दुनिया का सबसे छोटा इस्लामिक देश है।दरअसल मालदीव की भौगोलिक स्थिति ही इसे भारत और चीन जैसे देशों के लिए खास व अहम बना देता है।भारत और चीन की सुरक्षा व सामरिक हित मालदीव से किसी न किसी रूप में जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि दोनों देश मालदीव से निकटता चाहता है। मालदीव हिन्द महासागर की बड़ी समुद्री रास्ते के पास ही स्थित है। इसी रास्ते से खाड़ी देशों से भारत को ऊर्जा की आपूर्ति होती है जबकि चीन को भी इसी रास्ते तेल वह आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति की जाती है। इसके अतिरिक्त गार्सिया में अमेरिका का नेवल बेस का होना भी इस क्षेत्र का महत्व बढ़ाता है। दूसरी ओर मालदीव से भारत काफी नजदीक है। यदि किसी परिस्थिति में मालदीव पर चीन की मजबूत पकड़ होती है तो विपरीत परिस्थितियों में उसके लिए भारत तक पहुंचना सुविधाजनक होगा। कहा तो यह भी जा रहा है कि चीन मालदीव में नेवल बेस बनाना चाहता है। मौजूदा वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए भारत कोभी सचेत होना अति आवश्यक है । वहीं मालदीव जैसे अपने पड़ोसी देशों से सकारात्मक संबंध बनाने की दिशा में विशेष पहल करने की जरूरत भी दिखती है। इधर मालदीव में 20 करोड डालर से चीन चाइना- मालदीव फ्रेंडशिप ब्रिज बन रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि मालदीव में चीन की बढ़ती मौजूदगी भारत की सुरक्षा के लिए कभी भी हितकर साबित नहीं हो सकता है। इस सन्दर्भ में दोनों देशों के बीच यात्रा के पूर्व के संबंधों को भी जानना आवश्यक होता है।इसकी समीक्षा के उपरांत हम पाते हैं कि 2023 में मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद भारत के प्रति उनका रवैया कठोर रहा है।तभी तो इंडियाआउट जैसे अभियान चला था और 2024 में इनके कुछ मंत्रियों ने तो भारत विरोध में टिप्पणी करने से भी नहीं चुके। भारत के प्रति कठोर रवैया के कारण ही मुइज्जू की यात्रा पहले तुर्की और चीन की हुई तभी भारत की।इस यात्रा को भारत ने कूटनीतिक झटका के रूप में लिया। जबकि परंपरा के अनुसार सबसे पहले भारत की यात्रा करनी चाहिए थी। इस तरह उनका झुकाव चीन की तरफ ज्यादा दिख रहा था। जाहिर है 7.5 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले मालदीव को जब भारत ने डिफॉल्ट होने से बचाया तो उन्होंने भारत के प्रति अपना दृष्टिकोण में बदलाव किया। माना यह भी जा रहा है कि चीन से अपेक्षा पूरी नहीं होना भी बदलाव का कारण हो सकता है। वैसे विश्लेषक मानते हैं कि मालदीव के अंदरूनी राजनीति में परंपरागत रूप से मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी को भारत से करीबी संबंध रहा है जबकि पीपुल्स नेशनल कांग्रेस चीन से अच्छे संबंध बनाते रहे हैं। वर्तमान में मोदी के दौरे से दोनों देशों के बीच उभरी संबंधों से यह स्पष्ट होता है कि राष्टपति मोहम्मद मुइज्जू ने पार्टी आधारित नीति को बदलकर सीमाओं और संवेदनशील मुद्दों को पहचानते हुए भारत की भावनाओं का भरपूर सम्मान किया है। निश्चय ही मालदीव के मौजूदा राष्टपति के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा किसी भी विदेशी राष्ट्रीय अध्यक्ष की पहली यात्रा है। कहना ना होगा कि हिंद महासागर क्षेत्र में मालदीव भारत का प्रमुख समुद्री पड़ोसियों में से एक है। दोनों देशों के बीच पिछली सरकारों के कार्यकाल में भी अच्छे संबंध देखे गए हैं। 1965 में भारत ने मालदीव की स्वतंत्रता की शीघ्र मान्यता दी थी ।1988 में भारत ने सेना भेज कर अब्दुल गयूम की सरकार बचाई ।2018 में पेयजल की समस्या को भारत ने मिटाया।

जो भी हो फिलवक्त मोदी के इस यात्रा ने दोनों देशों को एक पटरी पर ला खड़ा किया है ।अब मालदीव को भारत का सक्रिय सहयोग मिलेगा और विकास की गाड़ी पटरी पर दौड़ेगी ऐसा उम्मीद तो किया ही जा सकता है।इन दिनों जी7 या ब्रिक्स जैसे वैश्विक मंचों से भारत ने अपने प्राथमिकताओं व नीतियों को विश्व के सामने स्पष्ट रूप से रखा है। सदियों से भारत शांति और सद्भावना में विश्वास करता रहा है। यह सभी अपने पड़ोसी देशों से कदम से कदम मिलाकर विकास के पथ पर आगे बढ़ाने की सद्इच्छा रखता है ।दूसरे पक्षों को भी इसी नीति का अनुसरण करना होगा तभी वैश्विक शांति की परिकल्पना को प्राप्त किया जा सकता है। वास्तव में भारत के प्रधानमंत्री मोदी की यह ऐतिहासिक यात्रा सिर्फ आर्थिक सहयोग तक ही सीमित नहीं बल्कि दोनों देशों के बीच भावनात्मक व मानवीय संबंधों को विकसित करने के लिए भी काफी महत्वपूर्ण रहा है। यह यात्रा भारत मालदीव रिश्तो को भविष्य में भी एक साफ व सही दिशा देगा ऐसी पूरी उम्मीद है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं)**

# पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम 2001 का सख्ती से पालन करना समय की मांग

**साथियों बात अगर हम सुप्रीम कोर्ट के दो सदस्सीय बेंच द्वारा एक प्रसिद्ध न्यूज़पेपर में कुत्ते क़े काटने पर 6 वर्ष की बालिका की मृत्यु का स्वत :संज्ञान के इस आदेश को विस्तार से जानने की करें तो, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अखबार में प्रकाशितसमाचार आवारा कुत्तों से त्रस्त शहर,बच्चे भुगत रहे कीमत पर स्वत :संज्ञान लिया है। अदालत ने एक रिट याचिका दर्ज की है, जिसमें यह संज्ञान लिया गया है कि किस प्रकार नवजात शिशु, बच्चे और बुज़ुर्ग अवैक्सीनेटेड (टीकाकरण रहित) आवारा कुत्तों के काटने के कारण रेबीज जैसी घातकबीमारी का शिकार हो रहे हैं। बेंच ने खबर पर संज्ञान लेते हुए आदेश जारी करते हुए कहा कि सप्ताह की शुरुआत हो चुकी है और हमें सबसे पहले इस बेहद चिंताजनक और खतरनाक समाचार का स्वत : संज्ञान लेना चाहिए, जो आज के टाइम्स ऑफ इंडिया के दिल्ली संस्करण में 'सिटी होउंडेड बाय स्ट्रास एंड किड्स पे प्राइस' शीर्षक से प्रकाशित हुआ है। समाचार में कुछ चौंकाने वाले और परेशान करने वाले आंकड़े और तथ्य शामिल हैं।**

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

भारत क़े करीब-करीब हर राज्य क़े हर शहरी क्षेत्र क़े हर शहर व ग्रामीण क्षेत्र के हर गांव में अगर हम देखेंगे तो हमेंआवारा या लावारिस कुत्ते कहीं काम कहीं अधिक संख्या में जरूर दिखेंगे। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र, यह मानता हूं कि इससे शायद किसी नागरिक को कोई आक्षेप नहीं होगा। परंतु इन आवारा कुत्तों द्वारा जब नागरिकों की बस्ती में आतंक फैलाना, पैदल चलने वालों को काटना, गाड़ी वालों के पीछे दौड़कर काटने की कोशिश करना जैसी गतिविधियां होती है तो इससे रेबीज नामक बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती है, वह भी अक्सर यह घटनाएं बच्चों में बुजुर्गों के साथ अधिक हो रही है, जो रेखांकित करने वाली बात है। यदि इस तरह की घटनाएं हो रही हो तो इसके लिए भारतीय कानून में इन पशुओ जानवरों की रक्षा वह नियंत्रण के अनेकों कानून बने हुए हैं जैसे पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम 2001, भारतीय न्याय संहिता (नया आईपीसी) की धारा 325,326, पशु कल्याण बोर्ड इत्यादि अनेक अधिनियम नियम व वैधानिक निकाय हैं परंतु विशेषकर कुत्तों पर नियंत्रण के लिए स्थानीय निकायों जैसे नगरपरिषद नगरपालिका नगरनिगम महानगरपालिका इत्यादि जवाबदार हैं, इन्हें अब जागना जरूरी है। इस विषय पर आज हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि सोमवार दिनांक 28 जुलाई 2025 को माननीय सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने भारत के पेपर टाइम्स ऑफ़ इंडिया में छपी एक खबर जिसमें बताया गया था कि दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र में 30 जून 2025 को एक 6 वर्ष की बेटी को रेबीज बीमारी से ग्रस्त कुत्ते द्वारा काटा गया, और इलाज के दौरान 26 जुलाई 2025 को उसकी मृत्यु हो गई इस खबर को पेपर में पड़कर सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने इसपर स्वतः संज्ञान लेकर, एक याचिका दाखिल कर, मुख्य न्यायाधीश के समक्ष पेश करने का आदेश जारी किया है, जिसकी चर्चा विस्तार से हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, पूरे भारत की स्थानीय निकायों जैसे नगरपरिषद नगर पालिका नगरनिगम महानगर पालिका इत्यादि को पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम 2001 का सख्ती से पालन करना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम सुप्रीम कोर्ट के दो सदस्सीय बेंच द्वारा एक प्रसिद्ध न्यूज़पेपर में कुत्ते क़े काटने पर 6 वर्ष की बालिका की मृत्यु का स्वतःसंज्ञान के इस आदेश को विस्तार से जानने की करें तो, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अखबार में प्रकाशितसमाचार आवारा कुत्तों से त्रस्त शहर,बच्चे भुगत रहे कीमत पर स्वतःसंज्ञान लिया है। अदालत ने एक रिट याचिका दर्ज की है, जिसमें यह संज्ञान लिया गया है कि किस प्रकार नवजात शिशु, बच्चे और बुजुर्ग अवैक्सीनेटेड (टीकाकरण रहित) आवारा कुत्तों के काटने के कारण रेबीज जैसी घातकबीमारी का शिकार हो रहे हैं। बेंच ने खबर पर संज्ञान लेते हुए आदेश जारी करते हुए कहा कि सप्ताह की शुरुआत हो चुकी है और हमें सबसे पहले इस बेहद चिंताजनक और खतरनाक समाचार का स्वतः संज्ञान लेना चाहिए, जो आज के टाइम्स ऑफ इंडिया के दिल्ली संस्करण में 'सिटी होउंडेड बाय स्ट्रास एंड किड्स पे प्राइस' शीर्षक से प्रकाशित हुआ है। समाचार में कुछ चौंकाने वाले और परेशान करने वाले आंकड़े और तथ्य शामिल हैं। हर दिन, शहरों और बाहरी इलाकों में सैकड़ों कुत्तों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे रेबीज फैल रहा है और अंततः नवजात शिशु, बच्चे और बुजुर्ग इस भयानक बीमारी का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा रजिस्ट्री इस याचिका को स्वतः प्रेरित याचिका के रूप में दर्ज करे। यह आदेश और समाचार रिपोर्ट माननीय मुख्य न्यायाधीश के समक्ष उपयुक्त आदेशों के लिए प्रस्तुत की जाए। इस गंभीर स्थिति का सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है, जिनकी रेबीज से मौतें हो रही हैं। बेंच ने इन मौतों को ÷डरावना और परेशान करने वाला÷ बताया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्रर को निर्देश दिया है कि इस पूरे मामले को एक स्वतःसंज्ञान याचिका के रूप में पंजीकृत किया जाए। साथ ही, संबंधित आदेश और समाचार रिपोर्ट को भारत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

साथियों बात अगर हम इस रेबीज नामक बीमारी की करें तो, बता दें कि रेबीज एक गंभीर वायरल बीमारी है, जो आमतौर पर संक्रमित जानवरों की लार से इंसानों में फैलती है। दुनियाँ भर में रेबीज के अधिकांश मानवीय मामलों के लिए संक्रमित कुत्ते जिम्मेदार हैं। इसके अलावा, चमगादड़, लोमड़ी, रैकून, कोयोट और स्कंक जैसे जंगली जानवर भी रेबीज फैला सकते हैं। रेबीज के लक्षण आमतौर पर काटने के 2-3 महीने बाद दिखाई देते हैं, लेकिन यह 1 सप्ताह से 1 वर्ष या उससे भी अधिक समय तक भिन्न हो सकता है। शुरुआती लक्षण फ्लू जैसे हो सकते हैं, जिनमें शामिल हैं- बुखार, सिरदर्द दर्द।

साथियों बातअगर हम स्वतःसंज्ञान के इस आदेश को गहराई से समझने की करें तो,आए दिन देश में आवारा कुत्तों के आतंक की खबरें देखने और सुनने को मिलती हैं। आवारा कुत्तों का सबसे ज्यादा शिकार बुजुर्ग और बच्चे हो रहे हैं। कई लोगों की मौत भी हो चुकी है, बल्कि रेबीज जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ऐसी घटनाओं को देखते हुए कर्नाटक सरकार ने आवारा कुत्तों के आतंक को कम करने के लिए खाना स्कीम शुरु की है। अब आवारा कुत्तों के मामले की गंभीरता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने भी स्वतः संज्ञान लिया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में आवारा कुत्तों के हमलों ने लोगों की नींद उड़ा दी है। एक रिपोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट का ध्यान खींचा। इस खबर में बताया गया कि शहरों और बाहरी इलाकों में हर दिन सैकड़ों लोग आवारा कुत्तों के शिकार हो रहे हैं। इन हमलों से रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी फैल रही है, जिसका सबसे ज्यादा खतरा मासूम बच्चे और बुजुर्ग हो रहे हैं। इस मुद्दे को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 28 जुलाई को स्वतः संज्ञान लेते हुए इस मामले को उठाया।बेंच ने इस खबर को 'बेहद परेशान करने वाला' बताया। जस्टिस ने कहा कि यह खबर बहुत डरावनी है। हर दिन सैकड़ों लोग कुत्तों के काटने से पीड़ित हैं। रेबीज की वजह से छोटे बच्चे और बुजुर्ग अपनी जान गंवा रहे हैं। उन्होंने एक दुखद घटना का जिक्र किया, जिसमें दिल्ली के रोहिणी इलाके में 30 जून को एक 6 साल की बच्ची को एक रेबीज बीमारी से ग्रस्त कुत्ते ने काट लिया। इलाज के बावजूद बच्ची की 26 जुलाई को उसकी मृत्यु हो गई। डॉक्टरों ने शुरू में उसकी बिगड़ती हालत को सामान्य बुखार समझा, जिससे सही समय पर इलाज नहीं हो सका। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लिया। यह कदम तब उठाया गया, जब कोर्ट ने देखा कि नगर निगम और प्रशासन आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनके टीकाकरण में नाकाम रहे हैं।यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर ध्यान दिया है। बता दें 15 जुलाई 2025 की बेंच ने भी आवारा कुत्तों को खाना खिलाने की जगहों को लेकर चिंता जताई थी। कोर्ट का कहना है कि जानवरों के प्रति दया और लोगों की सुरक्षा में संतुलन जरूरी है। अब उम्मीद है कि इस मामले में जल्द सख्त कदम उठाए जाएंगे, ताकि मासूम बच्चों और बुजुर्गों की जान बचाई जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### मालवाहक ट्रेन की यार्ड बोगी पटरी से उतरी

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे के बीच कोवाड़ रेलवे स्टेशन से पहले एक घटना घटी, जिसमें एक मालवाहक ट्रेन की यार्ड बोगी पटरी से उतर गई। यह हादसा पोल संख्या 9 और 10 के बीच, ब्रिज संख्या 207 के निकट हुआ घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। आर्ट (एक्सीडेंटल रिलीफ ट्रैन) को तत्काल रवाना किया गया, जिसकी मदद से पटरी से उतरी बोगी को पुनः लाइन पर चढ़ाया गया। राहत एवं बहाली कार्य तेजी से किया गया, जिससे मुख्य रेल परिचालन पर कोई गंभीर प्रभाव नहीं पड़ा इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि अथवा अन्य क्षति की कोई सूचना नहीं है। वंही समाचार मिलने तक रेलवे विभाग द्वारा जांच की प्रक्रिया जोर शोर से कर दी गई है ।

### जुझारू पहचान वाले गिरिडीह के पूर्व विधायक ज्योतेंद्र प्रसाद का निधन



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सादगी और मिलनसार तथा जुझारू प्रवृत्ति के रूप में पहचाने जाने वाले गिरिडीह के पूर्व विधायक ज्योतेंद्र प्रसाद का निधन गुरुवार सुबह हो गया ।बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। वहीं उनके आकस्मिक निधन से पूरे गिरिडीह में शोक की लहर है गिरिडीह के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं, प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ,व्यवसाईयों तथा खास तौर पर मजदूर वर्ग मे उनके निधन पर शोक व्याप्त हैं। गौरतलब है कि स्वर्गीय जोतिंद्र प्रसाद पूर्व में कांग्रेस पार्टी में थे तथा अभी वर्तमान में झारखंड मुक्ति मोर्चा में अपनी अहम भूमिका निभा रहे थे। अपने जमाने में उन्हें जुझारू नेता के रूप में जाना जाता रहा है। वह हमेशा अपने क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए तत्पर रहते थे।बगैर किसी लाग लपेट बगैर किसी दिखावे के राजनीति नेता के रूप में उनकी पहचान थी ।उनके निधन से गिरिडीह में शोक की लहर है।

### बोन मिनिरल डेंसिटी जांच शिविर कैंप लगाया



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिटी हॉस्पिटल में बोन मिनिरल डेंसिटी जांच कि एक चिकित्सा शिविर कैंप लगाया गया जहां डॉक्टर एके वर्मा द्वारा 40,मरीजों की इलाज बिएमडी के तहत जांच कर उचित सलाह एवं जरूरतमंदों को दवा दिया गया ओके पर उपस्थित डॉक्टर वर्मा ने कहा कि समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह का जांच शिविर कैंप लगाकर मरीजों की जांच लगातार किया जाएगा जहां विटामिन डी और कैल्शियम की कमी के कारण यह बीमारी ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिलता है जिससे भरपूर कैल्शियम की जरूरत होती है जो समय पर जांच होने से पता चल पाएगा साथ ही खान पान पर भी ध्यान रखने की सलाह दिया गया,

### गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई




गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में गुरुवार को गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने तुलसीदास जी के समक्ष दीप जलाकर पुष्प अर्पित किया।इस अवसर पर बच्चों ने तुलसी जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और रामचरितमानस के चौपाइयों को प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जयंती केवल एक संत की जयंती नहीं बल्कि भारतीय भक्ति साहित्य की गौरवपूर्ण विरासत का उत्सव है।उन्होंने अपने कालजयी रचनाओं के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया। उनकी रचनाएं आज भी धर्म, नैतिकता और भक्ति के स्थाई और अमूल्य स्त्रोत है।विद्या भारती योजना अनुसार आज बच्चों के बीच कक्षा द्वितीय एवं तृतीय के लिए सुलेख, चतुर्थ, पंचम के लिए चित्रकला एवं षष्ठ से दशम तक के बच्चों के बीच विभिन्न विषयों पर निबंध की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।कार्यक्रम में समस्त आचार्य दीदी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री रोजगार योजना के नाम से एक नई योजना लागू की गई है :सुजीत कुमार



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार द्वारा इस वर्ष के प्रस्तुत बजट में प्रधानमंत्री रोजगार योजना के नाम से एक नई योजना लागू की गई है जिसमें नियोक्ता एवं नियोजित कर्मचारी दोनों को ही कई लाभ प्रदान किए गए हैं। इस विषय पर विस्तृत जानकारी देने के लिए गिरिडीह जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा श्री सुजीत कुमार प्रवर्तन पदाधिकारी, कर्मचारी भविष्य निधि विभाग को होटल मधुबन वैग्गिस में विस्तार से जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया गया। सुजीत कुमार ने विस्तार से सभी उपस्थित सदस्यों को इस योजना के लाभ के बारे में बताया। कई सदस्यों ने कर्मचारी भविष्य निधि से संबंधित कई प्रश्न श्री सुजीत कुमार जी से पूछे जिनका उन्होंने विधिवत्त जवाब भी दिया। कार्यक्रम में चेंबर अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला महासचिव प्रमोद कुमार सह सचिव प्रवीण बगड़िया ध्रुव संथालिया संजय भूडोलियां निर्मल कुमार उदित डालमिया आदि कई सदस्य उपस्थित रहे।

### विशेष लोक अदालत आयोजन हेतु पदाधिकारियों के साथ बैठक



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** व्यवहार न्यायालय गिरिडीह में 30 अगस्त , 2025 को आयोजित किए जाने वाले मासिक लोक अदालत के साथ एन आई एक्ट, परिवारवाद, भूमि, राजस्व , भूमि अधिग्रहण और मोटर दुर्घटना क्लेम मामलों पर मासिक लोक अदालत के साथ विशेष लोक अदालत सफल आयोजन हेतु पदाधिकारियों के साथ किया गया बैठक का आयोजन माननीय झालसा, रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के मार्गदर्शन में आगामी मासिक लोक अदालत एवं विशेष लोक अदालत का आयोजन दिनांक 30 अगस्त , 2025 को एन आई एक्ट, परिवारवाद, भूमि अधिग्रहण, भू राजस्व और मोटर दुर्घटना क्लेम मामलों पर विशेष लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह की ओर से व्यवहार न्यायालय परिसर गिरिडीह में किया जाएगा। इस संबंध में मोटर दुर्घटना वाद के निष्पादन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अष्टम श्री रवि शंकर मिश्रा, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सप्तम श्री मधुरेश कुमार वर्मा ने अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन हेतु जोर दिया। वही जानकारी प्रदान करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, श्री सफदर अली नैयर ने कहा कि माननीय झालसा, रांची द्वारा आमजनों एवं पक्षकारों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष लोक अदालत एवं मासिक लोक अदालत का आयोजन *30 अगस्त, 2025 को कराने का निर्देश प्राप्त हुआ है माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री मार्तंड प्रताप मिश्रा के मार्गदर्शन में इस आगामी मासिक लोक अदालत को सफल बनाने हेतु व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज दिनांक 30 जुलाई , 2025 को विभिन्न विभाग के पदाधिकारी के साथ बैठक किया गया विदित हो कि इस एन आई एक्ट, परिवारवाद,भू राजस्व, भू अधिग्रहण, वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामलों का निष्पादन पक्षकारों के आपसी सहमति के आधार पर किया जाना है। इसके लिए सभी संबंधित न्यायालयों तथा विभागों से सुलहनीय मामलों को चिन्हित करने तथा संबंधित पक्षकारों को नोटिस प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है सचिव महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री सफदर अली नैयर ने मीडिया बंधुओं से अपील किया की आगामी लोक अदालत के बारे में आम जनों में प्रचार प्रसार कर इसे सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# सरकारी योजना के लाभ से वंचितों एक सभा की सभा कर उपायुक्त कार्यालय में लें आवेदन : राजेश सिन्हा



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह और गांडेय विधानसा के माले केडर और लीडर सरकारी योजना का सर्वे करेंगे,जनता के बीच जायेंगे,जिनको सरकारी योजना नहीं मिली है उनकी एक सभा करके उपायुक्त कार्यालय में आवेदन करें गिरिडीह और गांडेय विधानसभा में गरीब और दबे कुचले के साथ हो रहा है ज्यादादती माले बर्दास्त नहीं करेगा महतो गिरिडीह के सभी कार्यालयों के अधिकारियों से कार्यों का ब्यौरा मानेंगे आखिर योजना क्यों नहीं मिल रही है,क्यों जनता कार्यालय में चक्कर लगा रहे है - राजेश सिन्हा,कन्हाई पांडेय जिला कार्यालय पपरवरवाटांड में हुई बैठक कॉमरेड ए. के. राय की स्मृति दिवस और कॉमरेड चारु मजुमदार के शहादत दिवस को लेकर भाकपा माले ने देश भर में दस दिवसीय कार्यक्रम चलाया, जिसका समापन 31 जुलाई को गिरिडीह में भाकपा माले के जिला कार्यालय में हुई, इस अवसर पर सर्व प्रथम गिरिडीह के पूर्व विधायक ज्योतिन्द्र प्रसाद को शोक श्रद्धांजलि दी गई,साथ हो साथ महान कवि मुंशी प्रेमचंद की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि दी गई जिला कमीटी सदस्य कॉमरेड कन्हाय पाण्डेय ने दस दिवसीय कार्यक्रम की रिपोर्ट दी गई. उन्होंने कहा कि फैक्ट्रियों में लोडिंग, अनलोडिंग का काम मशीन से करवाने के कारण सैकड़ों मजदूर बेरोजगार हो गये हैं.,आने वाले दिनों हमलोग काम लेकर उपायुक्त महोदय से मिलेंगे, किसान नेता सह माले के वरिष्ठ नेता पूरण महतो ने सभी साथियों से कहा गया कि अपने अपने क्षेत्र की समस्या को प्रकाश में लाने का काम करेंगे और गांडेय और गिरिडीह विधानसभा के कॉमरेड को जमकर जनता का काम करना होगा,जिला कमिटी के शंकर पांडेय ने कहा कि फैक्ट्रियों में मुंह देखकर वेतन में बढोत्तरी करते हैं, जो मजदूर आवाज उठाते हैं उन्हें तत्काल हिसाब कर दिया जाता है, जिला कमिटी के सचिव अशोक पासवान ने कहा कि प्रत्येक गाँव में पांच साथी झंडा लेकर हर घर जायें और समस्याओं की सूची तैयार करके पार्टी कार्यालय में जमा करें, अगस्त को उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त से मिलेंगे उससे पहले बड़ा मार्च पास करेंगे, माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा,आधा प्रतिनिधि और आधा सरकारी कार्य करने वाले घूसखोर होते है जो जनता से हरेक योजना के लिए घुस मांगते है उनको चिन्हित कर के हल्ला बोल करना होगा,प्रखंड सचिव मसूदन कोल ने कहा जनता को हल्ला बोल करना है,लखन कोल्ह,नवीन पांडेय आदि ने क्षेत्र समस्याओं को रखा,जिला कमिटी के रामलाल मुर्मू ने कहा कि सरकारी योजना में दलाली हावी है इस अवसर पर भाकपा माले जिला सचिव कॉमरेड अशोक पासवान, किसान महासभा के कॉमरेड पुरन महतो,कॉमरेड शंकर पाण्डेय,जिला कमीटी सदस्य कॉमरेड कन्हाय पाण्डेय, भाकपा माले के नगर सचिव कॉमरेड राजेश सिन्हा, भाकपा माले के गिरिडीह के प्रखण्ड सचिव कॉमरेड मसूदन कोल्ह, सनातन साहु, भीम कोल्ह, नौशाद आलम, राजेश कुमार दास, दीपक कुमार गोस्वामी, भौथारी दास, तबारक उर्फ चुन्नु, अमीन सरवर, मुलिया देवी ,मनोहर ठाकुर, लखन कोल्ह, धनेश्वर कोल्ह, प्रसादी रायता, सनातन साहू,नवीन पाण्डेय, राज कुमार राय, नौशाद, एकराम, चुन्नू, तबारक,भीम वर्मा, कालेश्वर वर्मा के साथ सैकड़ों की संख्या में भाकपा माले के सदस्यों की उपस्थिति हुए,वही जिला कमिटी के अजित राय अपने क्षेत्रों में भी भाकपा माले का बेहतर कार्य कर रहे है।

## डुमरी पुलिस को मिली बड़ी सफलता मोटरसाइकिल चोर गिरोह को किया गिरफ्तार



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज दिन के समय में निमियाँघाट थानाक्षेत्र के पुरानी जीटी रोड इसरी बाजार के पास में अवस्थित प्रसाद हार्डवेयर नामक प्रतिष्ठान के पास से एक हिरो होण्डा स्पेलेण्डर प्रो॰ मोटरसाईकिल रजि॰ सं॰ जे एच -10एवि -4684 को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया। जिस संबंध में निमियाँघाट थाना काण्ड सं0 70/25 दिनांक 29.07.2025 धारा 303 (2) बीएनएस दर्ज किया गया। उक्त घटना के आलोक में पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरी एवं पुलिस निरीक्षक डुमरी के नेतृत्व में इस घटना में शामिल अपराधकर्मी का पता लगाकर उक्त मोटरसाईकिल का बरामदगी करने का निर्देश प्राप्त हुआ था। पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश पर कार्रवाई करते हुए संदिग्ध अपराधकर्मी का सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान कराया जाने लगा। उसी दौरान इस काण्ड के अनुसंधान के क्रम में सूचना प्राप्त हुआ कि देवघर जिला के मधुपुर जी॰आर॰पी॰ टीम के द्वारा इस हुलिया का व्यक्ति सुनील ठाकुर पिता सुदामा ठाकुर ग्राम चरकखुर्द, थाना मनियाडीह, जिला धनबाद को रेलवे स्टेशन मधुपुर से संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए पकड़ा गया है। जिससे निमियाँघाट थाना पुलिस के द्वारा मधुपुर जाकर उक्त सुनील ठाकुर से पूछताछ किया गया तो उसने विभिन्न स्थानों के अलावे निमियाँघाट थानाक्षेत्र से मोटरसाईकिल चोरी करने में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए चोरी का मोटरसाईकिल को गिरिडीह जिला के मुफ्फसील थानाक्षेत्र अन्तर्गत निवासी 1. किशन यादव उर्फ प्रदीप एवं 2. सचिन कुमार राय के पास बेचने हेतु देने का बात स्वीकार किया है। जिसके पश्चात इस काण्ड का अनुसंधान के क्रम में सुनील ठाकुर के द्वारा स्वीकार किये गये अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर मुफ्फसील थानाक्षेत्र के किशन यादव उर्फ प्रदीप पिता भुवनेश्वर यादव ग्राम पुरनी पटहरिया, गादी श्रीरामपुर थाना मुफ्फसिल, जिला गिरिडीह के घर पर छापामारी किया तो उसके द्वारा सुनील ठाकुर के द्वारा चोरी का दिया हुआ कुल 14 मोटरसाईकिल एवं सचिन कुमार राय पिता स्व॰ बलबीर राय ग्राम हेठपहरी, गादी श्रीरामपुर, थाना मुफ्फसिल, जिला गिरिडीह के द्वारा सुनील ठाकुर के द्वारा चोरी का दिया हुआ कुल 02 मोटरसाईकिल को बरामद करवाया गया है। उक्त दोनों भी अपने-अपने स्वीकारोक्ति बयान से सुनील ठाकुर से चोरी क मोटरसाईकिल को बेचने हेतु लेने का बात स्वीकार किया है।इस अभियान में किशन यादव उर्फ प्रदीप (उम्र करीब 23 वर्ष) पिता भुवनेश्वर यादव ग्राम पुरनी पटहरिया, गादी श्रीरामपुर थाना मुफ्फसिल, जिला गिरिडीह सचिन कुमार राय (उम्र करीब 22 वर्ष) पिता स्व॰ बलबीर राय ग्राम हेठपहरी, गादी श्रीरामपुर, थाना मुफ्फसिल, जिला गिरिडीह, को गिरफ्तार किया गया है तथा गिरफ्तार किशन यादव उर्फ प्रदीप के निशानदेही पर मोटरसाईकिल (काला रंग का) पैशन प्रो॰ इंजन नं॰ एच ए 10इंजिन 10885, चेचिस नं॰ मबल्हा 10ए 6ईजीएफ 08180 मोटरसाईकिल (काला रंग का) स्पेलण्डर प्लस इंजन नं0 एचए 11एयलहज 39915, चेचिस नं0 मबल्हव 129एल एचजे 39939 बरामद किया गया है इस छापामारी दल में पुनि राजेन्द्र प्रसाद महतो, डुमरी अंचल पुअनि सुमन कुमार, थाना प्रभारी, निमियांघाट थाना। पुअनि प्रणीत पटेल, थाना प्रभारी, डुमरी थाना पुअनि रूपेश कुमार, डुमरी थाना पुअनि हरिश कुमार सिंह, निमियांघाट थाना सअनि सत्येन्द्र कुमार, निमियांघाट थाना। एवं निमियाँघाट थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## कोयला मंत्री से संवाद करेंगे बीसीसीएल के देव कुमार वर्मा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित होने वाले कोयला मंत्री संवाद सत्र-2025" के लिए बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) के वरिय प्रबंधक देव कुमार वर्मा का चयन देशभर की कोयला कंपनियों के शीर्ष 20 अधिकारियों में किया गया है। यह संवाद सत्र दिल्ली के शास्त्री भवन में 6 अगस्त 2025 को आयोजित होगा, जिसमें स्वयं कोयला मंत्री श्री जी किशन रेड्डी उपस्थित रहेंगे। देश की सभी सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला इकाइयों (सीपीएसई) में से चुने गए इन 20 अधिकारियों में बीसीसीएल से एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में वर्मा का चयन हुआ है। यह न केवल बीसीसीएल के लिए गर्व की बात है, बल्कि संपूर्ण धनबाद कोयला क्षेत्र के लिए भी गौरव का क्षण है। कोयला अधिकारी देव कुमार वर्मा ने ई-शिक्षा एवं क्षमता निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1373 प्रशिक्षण मॉड्यूल पूर्ण किए हैं और 1286.28 घंटे का कुल अध्ययन समय दर्ज किया है। उनके इस अनुशासित और कर्मठ प्रयास के आधार पर उन्हें इस विशेष संवाद सत्र के लिए नामित किया गया है। यह संवाद सत्र कोयला मंत्रालय के साथ सीधा संवाद, सुझाव प्रस्तुत करने और कार्य अनुभव साझा करने का एक सशक्त मंच होगा, जहाँ चयनित प्रतिभागी जमीनी स्तर के अनुभवों के आधार पर अपनी बातें रखेंगे। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए देव कुमार वर्मा ने कहा है कि यह मेरे लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का क्षण है। मेरा प्रयास रहेगा कि मैं धनबाद, बीसीसीएल और अपने समस्त कर्मयोगी साथियों का प्रतिनिधित्व करते हुए कोयला मंत्रालय के समक्ष सकारात्मक सुझाव और अनुभव साझा कर सकूं, जिससे हमारी इकाइयाँ और अधिक सक्षम बन सकें। यह संवाद कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा कार्मिक विकास, नवाचार और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उठाया गया एक महत्त्वपूर्ण कदम हो सकता है।

## फारवर्ड ब्लॉक ने पंडरी में गरीबों को मिली सरकारी जमीन भू-माफियों द्वारा घेरने का किया विरोध



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आवेदन देकर जमीन मुक्त कराने और सरकारी लोक भूमि का बोर्ड लगाने की मांग की ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक ने गांडेय अंचल के पंडरी मौजा में गिरिडीह-धनबाद मुख्य सड़क के किनारे गरीबों के नाम बंदोबस्त/भूदान की सरकारी जमीन को कुछ लोगों द्वारा घेर कर बाउंड्री किए जाने के खिलाफ गांडेय सीओ को एक आवेदन देकर तत्काल इसका संज्ञान लेने और जमीन मुक्त कराने सहित उसमें सरकारी लोक भूमि का बोर्ड लगाने की मांग की है। इस बाबत पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक राजेश यादव ने बताया कि, उन्हें यह जानकारी मिली है कि, गांडेय अंचल के पंडरी पंचायत अंतर्गत मौजा- पंडरी, थाना नंबर- 568, खाता नंबर- 84, प्लॉट नंबर- 562, 563 एवं अन्य, रकवा- 2 एकड़, सरकारी जमीन तथा पूर्व में सरकार द्वारा स्थानीय गरीब भूमिहीन परिवारों के नाम से बंदोबस्त बताई जा रही है। कहा कि, इस जमीन में कुछ महीनो से अतिक्रमण और पक्का निर्माण का कार्य चल रहा था और फिलहाल जमीन की पूरी बाउंड्री करके रोड की तरफ एक बड़ा सा गेट भी स्थापित कर दिया गया है। श्री यादव ने कहा कि, यद्यपि गांडेय अंचल अधिकारी के कार्यालय ज्ञापांक 313, दिनांकः 14/6/2025 के द्वारा निर्माण कार्य को रोककर यथास्थिति बनाए रखने के लिए ताराटांड़ थाना प्रभारी को सूचित भी किया गया था, बावजूद इसके सरेआम घेराबंदी कंप्लीट की गई पूर्व जिप सदस्य ने अपने संगठन के लेटर पैड पर दिए गए आवेदन में गांडेय सीओ को संबंधित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है। यह भी कहा कि जिन पचार्धारिकों को वह जमीन दी गई है, अगर उन्हें जमीन नहीं रखनी है तो उसे वापस सरकार को देने की प्रक्रिया शुरू की जाए। साथ ही, उसी मौजा में जो दलित परिवार के लोग भूमिहीन कैटेगरी के हैं, उन्हें यह जमीन देने की प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। कहा कि, कुछ वर्ष पूर्व भी इस जमीन को घेरने की कोशिश हुई थी जिसकी कंप्लेन उन्होंने तत्कालीन अंचल अधिकारी को कर घेराबंदी रुकवाई थी। श्री यादव ने ने कहा कि, उनके लिखित आवेदन पर यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे इसे लेकर संबंधित उच्च अधिकारियों को लिखेंगे। किसी भी तरह से सरकारी जमीन की लूट करने नहीं दी जाएगी। आवेदन देने वालों में श्री यादव के अलावा फारवर्ड ब्लाक के रोहित यादव भी थे।

## पूर्व विधायक को माले कार्यालय में दी गई श्रद्धांजलि : राजेश सिन्हा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा माले गिरिडीह कार्यालय में दर्जनों लीडर और कार्यकर्त्ता ने, दो मिनट का मौन रखकर दिया पूर्व विधायक को श्रद्धांजलि,सिन्हा ने कहा कि इनके कार्यकाल को बारीकी से समझा है और जाना है,1990 में कांग्रेस की सीट से सीपीई के नेता ओमिलाल जी को हराया था,इनकी ईमानदारी की चर्चा सदियों तक जिंदा रहेगी,आने वाली पीढ़ी इनके जीवनी को समझकर साफ सुथरा राजनीति सीखे गिरिडीह में सुधार होगा, दूसरी ओर आज महान लेखक कलम के जादूगर मुंशी प्रेमचंद को भी माले ने श्रद्धांजलि अर्पित की,भाकपा माले ने दोनों के लिए दो मिनट मौन रखा,फिर सिन्हा सीधे बरमसिया घाट पहुंचे,अंतिम दर्शन किया,सिन्हा ने बताया कि,पूर्व विधायक ज्योतींद्र प्रसाद जी हमेशा मिलते थे,राजनीति के बारीकियों की समझाते थेल्लमाले के जिला सचिव अशोक पासवान ने कहा कि गिरिडीह ही नहीं बल्कि बिहार - झारखंड के बड़े नेता थे,शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह जी के काफी करीबी रहे है।

## चंद्रवंशी समाज द्वारा राजीव रंजन की जेपीएससी सफलता पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन



**गिरिडीह/जमुआ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चंद्रवंशी समाज ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) परीक्षा 2023 में शानदार सफलता हासिल करने वाले राजीव रंजन के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम जगन्नाथडीह पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार के आवास में आयोजित किया गया, जिसमें समाज के गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक कार्यकताओं, और स्थानीय नेताओं ने भाग लिया। राजीव रंजन ने जेपी एससी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए समाज का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर चंद्रवंशी समाज ने उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया, ताकि उनकी मेहनत और लगन को सराहा जाए। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने राजीव की सफलता को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया चंद्रवंशी समाज के संरक्षक अजीत कुमार पप्पू एवं प्रदेश अध्यक्ष भीम रवानी ने अपने स्वागत भाषण में राजीव की कड़ी मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राजीव ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज को गौरवान्वित किया है। समारोह में राजीव को शॉल, पुष्पगुच्छ, और एक प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजीव ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी पढ़ाई को प्राथमिकता दी।राजीव ने अपने भाषण में कहा, "यह सफलता मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसी है। मैं अपने परिवार, गुरुजनों, और समाज के समर्थन के बिना यह मुकाम हासिल नहीं कर पाता।" उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। समारोह में उपस्थित समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने भी राजीव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कई वक्ताओं ने चंद्रवंशी समाज की एकता और सामाजिक कार्यों में योगदान की सराहना की। समाज के सचिव ने बताया कि चंद्रवंशी समाज हमेशा से शिक्षा और सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि राजीव जैसे युवाओं की सफलता समाज के लिए एक मिसाल है। समारोह में कई अन्य जेपीएससी अभ्यर्थियों को भी प्रोत्साहित किया गया, जो अपनी तैयारी में जुटे हैं चंद्रवंशी समाज ने इस अवसर पर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क कोचिंग का प्रस्ताव रखा। समाज के कोषाध्यक्ष ने बताया कि समाज द्वारा मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और कोचिंग सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इसका उद्देश्य समाज के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में और अधिक सफलता दिलाना है। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल की सराहना की राजीव रंजन ने अपने परिवार और समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने वादा किया कि वे अपनी सेवा के माध्यम से समाज और देश का नाम और ऊंचा करेंगे।

## बेतिया (पश्चिम चंपारण) में सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के नए शोरूम का शुभारंभ

### देश के 183वें शोरूम के साथ बिहार में अब कुल 7 शोरूम




**बेतिया/पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देशभर में अपनी शानदार विरासत और ग्राहकों के भरोसे का प्रतीक बन चुके सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने आज बेतिया, पटना में अपना 77वा फ्रैंचाइजी शोरूम लॉन्च किया। इस भव्य उद्घाटन के साथ बिहार में कंपनी के कुल शोरूम की संख्या 7 हो गई है। पूर्वी भारत में सबसे ज्यादा शोरूम वाली ज्वेलरी कंपनी, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के पूरे देश में 183 से ज्यादा शोरूम्स हैं। इसे लगातार चौथे साल टीआरए की रिपोर्ट में देश का दूसरा सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड चुना गया है। साथ ही, 2024 में इसे 'सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले ज्वेलरी ब्रांड्स' में शामिल किया गया, जहाँ यह अपने ज्यादातर प्रतिस्पर्धियों से काफी आगे रहा। यह नया शोरूम सुप्रिया रोड, बिशप हाउस के सामने, सेंट जोसेफ स्कूल, हाथीखाना, बेतिया में स्थित है। 4000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्रफल में फैला यह अत्याधुनिक शोरूम अपनी भव्य साज-सज्जा और विस्तृत कलेक्शन के साथ ग्राहकों को एक खास, आरामदायक और यादगार खरीदारी अनुभव प्रदान करता है।

नए शोरूम के भव्य शुभारंभ पर सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी और सीईओ सुवंकर सेन ने कहा, "बेतिया, बिहार में हमारे नए शोरूम के शुभारंभ की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। मध्य भारत में अपनी मौजूदगी को आगे बढ़ाते हुए यह हमारे लिए एक अहम् पड़ाव है। बंगाल के कुशल कारीगरों द्वारा बेहद बारीकी से तैयार किया गया हमारा विस्तृत कलेक्शन अब इस शहर के सम्मानित ग्राहकों के और भी करीब होगा।" सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के बेतिया शोरूम के फ्रेंचाइजी मालिक, श्री राकेश कुमार कुशवाहा ने कहा, "सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स जैसे विश्वसनीय और प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड के साथ जुड़कर हमें बेहद खुशी हो रही है। यह साझेदारी हमारे लिए एक नया और उत्साहजनक अध्याय है, जिससे हम सेन्को की शानदार कारीगरी और बेहतरीन क्वालिटी को अपने स्थानीय ग्राहकों तक पहुँचा सकेंगे। हम ब्रांड की तरक्की के साथ-साथ अपने ग्राहकों को बेहतरीन प्रोडक्ट्स और सर्विस देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।" शोरूम के भव्य शुभारंभ के अवसर पर सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स अपने ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर्स पेश कर रहा है। ग्राहक यहाँ गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 25% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं, जिससे उन्हें अपनी पसंदीदा ज्वेलरी को किफायती दामों पर खरीदने का बेहतरीन मौका मिलेगा। साथ ही, गोल्ड एक्सचेंज पर 0% डिडक्शन का फायदा भी दिया जा रहा है। डायमंड ज्वेलरी पर 20% तक की छूट भी ऑफर में शामिल है। ईयररिंग्स की डिजाइन रेंज सिर्फ 20,000 रुपए की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है। ग्राहकों को अधिक विकल्प देने के लिए हाल ही में 32,400 नई गोल्ड ज्वेलरी डिजाइन्स और 25,000 नई डायमंड ज्वेलरी डिजाइन्स पेश की गई हैं, जो सेन्को के कलेक्शन को और भी आकर्षक और ट्रेंडी बनाती हैं।

CMYK

## टाटा ट्रस्ट्स का ऐलान: एसपी ग्रुप से निपटारा होगा, टाटा सन्स लिस्ट नहीं होगी

नईदिल्ली, एजेंसी। टाटा ट्रस्ट्स की सोमवार को एक लंबी और गहन चर्चाओं वाली बैठक हुई। इसमें सभी ट्रस्टियों ने भाग लिया। इस बैठक में टाटा ट्रस्ट्स ने दो बहुत अहम फैसले किए। पहला, टाटा सन्स, जो पूरे टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी है, को अनलिस्टेड प्राइवेट कंपनी ही बने रहना चाहिए। दूसरा, अल्पसंख्यक शेयरधारक शापूरजी पल्लोनजी (एसपी) ग्रुप से बातचीत शुरू करके उन्हें टाटा सन्स से बाहर निकलने का रास्ता दिया जाए।



**टाटा सन्स अनलिस्टेड ही रहेगा-** सर रतन टाटा ट्रस्ट के बोर्ड ने एक प्रस्ताव पारित किया है। इसके मुताबिक, टाटा सन्स के चेयरमैन (एन. चंद्रशेखरन) से कहा गया है कि वे हर संभव कोशिश करें ताकि टाटा सन्स अपनी वर्तमान स्थिति (एक अनलिस्टेड प्राइवेट कंपनी) न बदले। साथ ही, इस मामले में उन्हें भारतीय रिजर्व बैंक से पूरी तरह बातचीत करनी होगी।

**एसपी ग्रुप को एग्जिट का प्रस्ताव-** बैठक में यह भी तय हुआ कि टाटा सन्स के चेयरमैन से कहा जाए कि वे अल्पसंख्यक शेयरधारकों, यानी एसपी ग्रुप, से बात करके उन्हें टाटा सन्स से बाहर निकलने का विकल्प दें। चेयरमैन को इन मामलों पर एसआरटीटी को भी लगातार अपडेट देते रहना होगा। एसपी ग्रुप के पास टाटा सन्स में 18.37 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## सोने-चांदी के भाव में बड़ी गिरावट

### ● गोल्ड 603 और सिल्वर 1655 रुपये टूटा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सर्राफा बाजारों में सोने-चांदी के भाव में आज बड़ी गिरावट है। सोने के भाव में आज 603 रुपये प्रति 10 ग्राम टूटकर 98414 रुपये पर पहुंच गए हैं। वहीं, चांदी के रेट में 1655 रुपये प्रति किलो की गिरावट है। चांदी अब 111745 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रही है। जीएसटी के साथ सर्राफा मार्केट में 24 कैरेट गोल्ड जहां 101366 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से बिक रहा है तो चांदी 115097 रुपये किलो बिक रही है। बुधवार को चांदी बिना जीएसटी 113400 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। जबकि, सोना 99017 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोना 100533 रुपये के ऑल टाइम हाई से फिसलकर 98414 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इस अवधि में सोना 2119 रुपये सस्ता हुआ है। जबकि, चांदी में 4105 रुपये प्रति किलो की गिरावट आई है। चांदी ने 23 जुलाई 2025 को 115850 रुपये प्रति किलो का ऑल टाइम हाई बनाया था।



**23 कैरेट गोल्ड का भाव**

आज 23 कैरेट गोल्ड भी 600 रुपये सस्ता होकर 98020 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। जीएसटी संग इसकी कीमत अब 100960 रुपये हो गई है। अभी इसमें मेकिंग चार्ज नहीं जुड़ा है।

● **22 कैरेट गोल्ड की कीमत-** 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 553 रुपये टूटकर 90147 रुपये प्रति 10 ग्राम आ गई है। जीएसटी संग यह 92851 रुपये है।

● **18 कैरेट गोल्ड की कीमत-** आज 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 452 रुपये गिरकर 73811 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुली और जीएसटी के साथ यह 76025 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। वहीं 14 कैरेट गोल्ड अब जीएसटी समेत 59319 रुपये पर आ गया है।

● **जुलाई में कितना चढ़ा भाव-** जुलाई में चांदी की रफ्तार सोने के मुकाबले काफी तेज रही। इस अवधि के सोना जहां 2528 रुपये प्रति 10 ग्राम उछला तो चांदी के रेट में उछाल 7890 रुपये की रही। आईबीजेए रेट के मुताबिक 30 जून को सोना 95886 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से बंद हुआ था। जबकि, चांदी 105510 रुपये प्रति किलो के रेट से बिकी। इसमें जीएसटी नहीं जुड़ा है। सोने-चांदी के हाजिर भाव इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास।

## एलपीजी सिलेंडर के रेट आज होंगे अपडेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 1 अगस्त से होने वाले तमाम बदलावों में एक बदलाव एलपीजी सिलेंडर के दाम में भी हो सकता है। हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर के रेट अपडेट होते हैं और अक्सर कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम घटते या बढ़ते हैं। घरेलू सिलेंडर के रेट से ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की जाती। इंडियन ऑयल के डेटा इसक बात की गवाही भी दे रहे हैं। क्योंकि, इस साल अप्रैल से घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि, कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में हर महीने बदलाव होता रहा। इस बार भी घरेलू सिलेंडर के रेट में बदलाव मुश्किल नजर आ रहा है।

● **आखिरी बार कब बदली थी घरेलू एलपीजी सिलेंडर की प्राइस-** आखिरी बार 8 अप्रैल 2025 को घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये का इजाफा हुआ था और यह दिल्ली में 853 रुपये का हो गया। तब से इसी रेट पर सिलेंडर मिल रहा है। इससे पहले 30 अगस्त 2023 को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों 200 रुपये की कटौती की गई थी।

● **300 रुपये सस्ता हो गया सिलेंडर-** 1 मार्च 2023 से ही घरेलू एलपीजी सिलेंडर दिल्ली में 1103 रुपये में मिल रहे थे और एक झटके में 903 रुपये पर आ गए। 30 अगस्त 2023 के बाद एक बार फिर 9 मार्च 2024 को 100 रुपये की बड़ी राहत मिली और सिलेंडर की कीमत 803 रुपये रह गई। यानी करीब दो साल से कुछ अधिक समय में एलपीजी सिलेंडर के दाम 300



रुपये घटे और 50 रुपये बढ़े। यानी कुल 250 रुपयों की राहत मिली।

● **1 अगस्त, 2014 को कितना था सिलेंडर का दाम-** 1 अगस्त, 2014 को दिल्ली में घरेलू एलपीजी सिलेंडर 920 रुपये का था। कोलकाता में यह 964.5, मुंबई में 947 और चेन्नई में 922 रुपये का मिल रहा था। अगले साल 1 अगस्त, 2015 तक आते-आते एलपीजी की कीमतों में भारी कटौती हो गई और दिल्ली में यह 585 रुपये कोलकाता में 619, मुंबई में 599 और चेन्नई में 603.5 रुपये का रह गया।

## एनएसई को 6415 प्रतिशत का छप्परफाड़ फायदा

### ● एनएसडीएलपर लगाए 59 करोड़ अब बन गए 3840 करोड़ रुपये

नईदिल्ली, एजेंसी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड में शुरुआत में जो पैसे लगाए थे, उस पर एक्सचेंज बंपर मुनाफे पर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, एनएसडीएलमें किए गए अपने शुरुआती निवेश पर 6415 पर्सेंट के छप्परफाड़ फायदे पर है। एनएसडीएलमें नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के लगाए गए 59



करोड़ रुपये की वैल्यू अब 3840 करोड़ रुपये पहुंच गई है। एनएसडीएलकरीब 4012 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आई है। कंपनी का आईपीओ दांव लगाने के लिए बुधवार 30 जुलाई को खुला है। आईपीओ से कंपनी के लंबी अवधि वाले निवेशकों के लिए शानदार वैल्यू अनलॉक होने की उम्मीद है। यह बात इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में कही गई है।

**12.28 रुपये प्रति शेयर के दाम पर खरीदे थे 4.8 करोड़ शेयर-** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, एनएसडीएल के शुरुआती निवेशकों में है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड में 24 पर्सेंट हिस्सेदारी ली है।

### नौकरी छोड़ इस शख्स ने किया कुछ ऐसा कि दुबई के लोग भी हुए दीवाने

## सालाना करोड़ों रुपये की कमाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्या सब्जी बेचकर करोड़ों रुपये कमाए जा सकते हैं हां, बिल्कुल। ऐसा कर दिखाया है केरल के रहने वाले बिजेश पीके ने। उन्होंने अपनी नौकरी छोड़कर सब्जी उगाने और उन्हें बेचने का काम शुरू किया। इससे उन्हें शानदार कमाई हुई। कुछ ही समय में उनकी कमाई करोड़ों रुपये में होने लगी। वह दुबई को अपनी सब्जी सप्लाई करते हैं।

**कैसे हुई शुरुआत-** करीब एक दशक पहले की बात है। बिजेश दुबई गए थे। वहां ओणम फेस्टिवल के दौरान उन्हें दावत के लिए ताजे केले तलाशने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। उस दौरान वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। केले के पत्तों की मशक्कत के दौरान उनके दिमाग में आइडिया आया कि अगर यहां रहने वाले भारतीयों को भी भारत की तरह आसानी से केले के पत्ते मिलने लगें तो कितना अच्छा होगा। बस, यहीं से उनके दिमाग में कारोबार का कीड़ा पैदा हो गया।





इस विचार से प्रेरित होकर 47 साल के बिजेश ने अपनी नौकरी छोड़ी और अपने गृहनगर त्रिशूर लौट आए। यहां उन्होंने जरूरी लाइसेंस लिए 35 परिवारों द्वारा उगाई गई 160 किलो सब्जियों का निर्यात करके अपने कारोबार को शुरू किया। आज उनकी कंपनी नेचर बीट्स ऑर्गेनिक दुबई में 1000 से अधिक फैमिली को जैविक सब्जियां उपलब्ध कराती है। यही नहीं, उनकी अल कुसैस में एक रिटेल शॉप भी है।

### केले से कारोबार से शुरुआत

बिजेश बताते हैं कि उन्होंने दुबई से भारत आकर सबसे पहले दुबई में केले का निर्यात किया था। हालांकि यह कारोबार बहुत ज्यादा समय तक नहीं चला क्योंकि पेमेंट से संबंधित समस्या शुरू हो गई थी। साथ ही खास मुनाफा भी नहीं हुआ था। इसके बाद उन्होंने दुबई में जैविक सब्जियां बेचना शुरू किया। शुरुआत में जैविक सब्जियों को ढूंढना काफी मुश्किल था। बिजेश बताते हैं कि उन्होंने 35 फैमिली से शुरुआत की थी। उस समय में उन्होंने 160 किलो सब्जियों को 1-1 किलो के पैकेट में भेजा था। इस काम में दुबई में स्थित उनके भाई प्रवीण ने भरपूर मदद की।

### बढ़ गया कारोबार

बिजेश बताते हैं कि जब दुबई में लोगों को जैविक सब्जियों के बारे में पता चला तो उनके ग्राहकों की संख्या बढ़ गई। 35 फैमिली से शुरू हुआ उनका यह सफर 1000 परिवार तक पहुंच गया। निर्यात शुरू करने के दो साल बाद बिजेश ने जैविक खेती शुरू करने का प्लान किया। उन्होंने त्रिशूर में 1.5 एकड़ जमीन पट्टे पर ली। अब दोनों 8 एकड़ जमीन में जैविक सब्जियां उगाते हैं। वह खेती के दौरान जैविक खाद का इस्तेमाल करते हैं।

### कितना हो रही कमाई

बिजेश बताते हैं कि अब वह सब्जियों के साथ फल भी दुबई भेजते हैं। वह हर हफ्ते 2500 से 3000 किलो फल-सब्जियां दुबई भेजते हैं। वह केरल से दुबई 24 घंटे में ताजा माल भेज देते हैं। बिजेश बताते हैं उनकी फल और सब्जियां फ्लाइट के जरिए दुबई भेजी जाती हैं। पिछले साल बिजेश की कंपनी नेचर बीट्स की कुल इनकम करीब 2 करोड़ रुपये थी।

## खुलने से पहले ही 150 प्रीमियम पर पहुंचा यह आईपीओ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप किसी आईपीओ में दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए काम की खबर है। अगस्त महीने में बैंक टू बैंक कई कंपनियों के इश्यू निवेश के लिए ओपन होंगे। इनमें से एक फ्लाईएसबीएस एविएशन का आईपीओ भी है। कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए कल, शुक्रवार 1 अगस्त से निवेश के लिए ओपन होगा। निवेशक इस एसएमई इश्यू में 5 अगस्त तक पैसे लगा सकेंगे। इसके लिए प्राइस बैंड 225 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी का आईपीओ ग्रे मार्केट में 150 प्रीमियम पर उपलब्ध है। इसका मतलब है कि कंपनी के शेयर अपने इश्यू प्राइस 225 रुपये के मुकाबले करीबन 67 प्रतिशत चढ़कर 375 रुपये पर लिस्ट हो सकते हैं। कंपनी के शेयर एनएसई पर लिस्ट होंगे।

**कंपनी का कारोबार-** अगस्त 2020 में स्थापित, चेन्नई स्थित फ्लाईएसबीएस एविएशन, एक भारतीय विमानन कंपनी है जो निजी जेट सेवाओं में विशेषज्ञता रखती है। यह घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर एयर चार्टरिंग सेवाएँ प्रदान करती है।

### क्या है डिटेल

इस आईपीओ के लिए लॉट साइज न्यूनतम 600 इक्विटी शेयरों और उसके बाद उसके गुणकों का निर्धारित किया गया है। फ्लाईएसबीएस एविएशन आईपीओ के जरिए कुल 102.53 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है, जो पूरी तरह से 45,57,000 इक्विटी शेयरों की नई बिक्री है। इस आईपीओ से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल 6 नए विमानों के अधिग्रहण, कर्ज चुकौती और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए पूंजीगत व्यय के फाइनेंस के लिए किया जाएगा।

### अमेरिका में दवाओं के दाम बढ़ने का खतरा

## भारतीय उत्पादों पर ट्रंप के नए टैरिफ से चिंता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक बड़ा फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि 1 अगस्त से भारत से आने वाले सभी उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगेगा। साथ ही, रूस से सैन्य सामान और तेल खरीदने पर भी भारत पर जुर्माना होगा। यह कदम भारत पर दबाव बनाने की रणनीति मानी जा रही है।

इस फैसले पर भारतीय औषधि निर्यात संवर्धन परिषद (फार्मेक्सिल) ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। परिषद के चेयरमैन नमित जोशी ने स्पष्ट चेतावनी जारी की, यह कदम अमेरिका में जरूरी दवाओं की कीमतें बढ़ा देगा। आखिरकार, इसका नुकसान अमेरिकी मरीजों और वहां की स्वास्थ्य प्रणाली को उठाना पड़ेगा।



**भारत पर क्यों है इतनी निर्भरता-** जोशी ने बताया कि अमेरिका दवाओं के लिए भारत पर बहुत अधिक निर्भर है। भारत दुनिया को सस्ती और बेहतर गुणवत्ता वाली दवाएं पहुंचाने वाला अहम केंद्र है। खासकर जेनेरिक दवाओं के मामले में तो भारत अमेरिका की कुल जरूरत का लगभग 47 प्रतिशत हिस्सा पूरा करता है। भारतीय कंपनियां कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों, संक्रामक रोगों और पुरानी बीमारियों की जीवनरक्षक दवाएं किफायती दामों पर मुहैया कराती हैं।

● **तुरंत असर-दवाओं की कीमत चढ़ेगी-** जोशी के मुताबिक, इस शुल्क का सबसे पहला असर यह होगा कि अमेरिका पहुंचने वाली भारतीय दवाओं और उनके कच्चे माल (एपीआई) की कीमतें बढ़ जाएंगी। इससे वहां दवाएं महंगी हो सकती हैं।


● **लंबे समय का खतरा-** हालांकि, जोशी ने लंबे समय तक खतरे की ओर भी इशारा किया कि अमेरिका सस्ती जेनेरिक दवाओं और उनके कच्चे माल के लिए भारी मात्रा में भारत पर निर्भर है। भारत जैसा सस्ता, बड़े पैमाने पर उत्पादन करने वाला और गुणवत्ता वाला विकल्प ढूंढना अमेरिका के लिए बेहद मुश्किल है। अगर दवा बनाने का काम किसी और देश में या अमेरिका के अंदर शिफ्ट करने की कोशिश भी की जाए, तो इसमें कम से कम 3 से 5 साल लग सकते हैं।

● **फार्मेक्सिल की अपील-** जोशी ने कहा कि फार्मेक्सिल भारतीय दवा निर्यातकों और वैश्विक स्वास्थ्य के हितों की रक्षा के लिए काम कर रहा है। वे अमेरिकी नीति निर्माताओं के साथ बातचीत कर यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि सस्ती दवाओं तक पहुंच कितनी जरूरी है और इस मांग को पूरा करने में भारतीय कंपनियों की भूमिका अहम है।

### 6400 रुपये के पार जा सकता है राधाकिशन दमानी का शेयर

## करीब 50 प्रतिशत की आ सकती है तेजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज निवेशक राधाकिशन दमानी के मालिकाना हक वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिल सकती है। विदेशी ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने एवेन्यू सुपरमार्ट्स की रेटिंग को अपग्रेड करके हाई कन्विक्शन आउटपरफॉर्म कर दिया है। एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड, हाइपरमार्केट चेन डीमार्ट चलाती है। एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयर बुधवार को 4285.15 रुपये पर बंद हुए थे। कंपनी के शेयर गुरुवार को बीएसई में शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी के साथ 4334.60 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं।



**सीएलएसए ने कहा, 6408 रुपये तक जा सकते हैं कंपनी के शेयर-** विदेशी ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड के शेयरों का टारगेट प्राइस बढ़ाकर 6408 रुपये कर दिया है। यानी, राधाकिशन दमानी की इस कंपनी के शेयर मौजूदा लेवल से करीब 50 पर्सेंट उछल सकते हैं। एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयर फिलहाल अपने 52 हफ्ते के हाई लेवल 5484 रुपये से 22 पर्सेंट टूट चुके हैं। सीएलएसए ने अपने एक नोट में लिखा है कि सेल्स ग्रोथ को रफ्तार देने के लिए कंपनी ने स्टोर जोड़ने पर फोकस बढ़ाया है। कंपनी अपने विस्तार में तेजी लाने की तैयारी में है।

### 5 साल में 110 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गए हैं कंपनी के शेयर

दमानी की कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड के शेयर पिछले पांच साल में 110 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। कंपनी के शेयर 31 जुलाई 2020 को 2063.50 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 31 जुलाई 2025 को बीएसई में 4334.60 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। अगर पिछले एक साल की बात करें तो कंपनी के शेयरों में करीब 12 पर्सेंट की गिरावट देखने को मिली है। पिछले छह महीने में कंपनी के शेयर 18 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 5484 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 3337.10 रुपये है। एवेन्यू सुपरमार्ट्स का आईपीओ 8 मार्च 2017 को खुला था। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 299 रुपये था।

## इफको के नए एमडी बने केजे पटेल, यूएस अवस्थी हुए रिटायर दिलीप संघाणी ने किया ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विश्व की नंबर वन सहकारी उर्वरक संगठन इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव (इफको) ने अपने तकनीकी निदेशक केजे पटेल को संगठन का नया प्रबंध निदेशक (एमडी) बनाया है। इफको के 32 साल एमडी और सीईओ रहे उदय शंकर अवस्थी उर्फ यूएस अवस्थी 31 जुलाई को रिटायर हो रहे हैं। इफको मुख्यालय में संगठन के चेयरमैन दिलीप संघाणी ने केजे पटेल को एमडी बनाने की घोषणा की। केजे पटेल ने गुजरात में राजकोट स्थित सौराष्ट्र विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। पटेल ने इफको में तकनीकी निदेशक पद बनने से पहले संगठन के कलोल और पारादीप यूनिट में लंबे समय तक काम किया है।



रिटायर हो रहे एमडी यूएस अवस्थी केमिकल इंजीनियर थे, जबकि नए एमडी केजे पटेल एक मैकेनिकल इंजीनियर हैं। उन्हें नाइट्रोजन और फॉस्फेटिक फर्टिलाइजर प्लांट के रखरखाव का 32 वर्षों का लंबा अनुभव है और इन मसलों पर वो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में रिसर्च आर्टिकल भी लिखते रहते हैं। केजे पटेल इफको के पारादीप प्लांट के प्रमुख भी रहे हैं जो देश में कम्प्लेक्स फर्टिलाइजर का सबसे बड़ा प्लांट है।

इफको के चेयरमैन दिलीप संघाणी ने संगठन के दिल्ली मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में केजे पटेल को एमडी बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि इफको बोर्ड को भरोसा है कि पटेल आने वाले समय में इनोवेशन और वैल्यू क्रिएशन के नए युग की शुरुआत करेंगे। संघाणी ने कहा कि पटेल किसानों और सहकारी संगठनों की भलाई के लिए इफको के काम को आगे बढ़ाएंगे।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 31-07-2025 21:37 Page 1



# मानसून सत्र के सुचारू संचालन को ले बैठक

## सफल संचालन पर सदस्यों ने दिया जोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के सुचारू और सफल संचालन को लेकर गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, भाकपा-माले विधायक अरूप चटर्जी, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के विधायक तिवारी महती, निर्दलीय विधायक जयराम महतो और राजद विधायक सुरेश पासवान समेत विभिन्न दलों के विधायक शामिल हुए।

बैठक के दौरान आगामी मानसून सत्र को शांतिपूर्ण, गरिमामय और व्यवस्थित ढंग से संचालित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी दलों से आग्रह किया कि वे सदन की मयार्दा बनाए रखें और प्रश्नकाल के दौरान सरकार की ओर से दिए जाने वाले जवाब स्पष्ट और संतोषजनक हों। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों पर गंभीर और सार्थक चर्चा ही लोकतंत्र की असली पहचान है, इसलिए सभी सदस्यों को संयम और जिम्मेदारी के साथ भागीदारी निभानी चाहिए।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले हर मुद्दे और सवाल का तर्कसंगत और तथ्यों पर आधारित जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि सदन में सभी दल सकारात्मक और रचनात्मक ढंग से अपने विचार रखें, ताकि कार्यवाही सुचारू रूप से चल सके।

मुख्यमंत्री ने यह भी उम्मीद जताई कि इस मानसून सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच जनहित, विकास और कल्याणकारी योजनाओं को लेकर सार्थक बहस होगी, जिससे ठोस निर्णय लिए जा सकें। उन्होंने विपक्ष से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि राज्यहित में सभी दलों को मिलकर काम करना चाहिए। सर्वदलीय बैठक में उपस्थित सभी दलों के नेताओं ने विधानसभा सत्र को शांतिपूर्ण और प्रभावी ढंग से चलाने में सहयोग का भरोसा दिया।

## ट्रैक्टर से कुचल कर बाइक सवार की मौत

**दुमका।** दुमका के मुफस्सिल थाना के दुम गांव के निकट एक ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक पर सवार एक युवक सुलेमान मरांडी मौत हो गई। वहीं, इस घटना में बाइक चालक राजू हांसदा गंभीर रूप से घायल हो गया है। राजू का इलाज दुमका के फूलोझानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक बुधवार को रामगढ़ थाना के ढाकोडीह निवासी सुलेमान और राजू बाइक से किसी काम से दुमका आए थे। देर शाम वापस रामगढ़ लौट रहे थे।

इसी दौरान दुम गांव के पास एक ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। उस ट्रैक्टर में हल लगा हुआ था। जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर चालक मुख्य पथ से ट्रैक्टर को मोड़ कर घर की तरफ ले जा रहा था इसी दौरान बाइक इसकी चपेट में आ गया।

घटना में ट्रैक्टर चालक को भी आंशिक चोट आई है। इधर, घटना के बाद सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना मौके पर पहुंची और बाइक चालक राजू व उस पर सवार सुलेमान को फूलो झानो मेडिकल कालेज व अस्पताल लेकर आई।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

## अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, आर. रॉनिटा द्वारा ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी से ली एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



ईवीएम वेयर हाउस निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। ईवीएम वेयर हाउस तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र आदि का निरीक्षण किया।

इस दौराने तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस परिसर में फलदार वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# निकाय चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

## 49 नगर निकाय कमेटियों का होगा गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने के लिए निचले स्तर तक कमेटी गठन की कवायद शुरू कर दी है। संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत पार्टी ने नगर निकायों में कमेटियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया तेज कर दी है।

इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को सौंपा गया है। ठाकुर ने बताया कि उन्होंने सात निकाय क्षेत्रों का दौरा कर लिया है और वहां कमेटी गठन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

इसका मुख्य उद्देश्य आगामी नगर निकाय चुनावों के लिए एक मजबूत और संगठित टीम तैयार करना है। राजेश ठाकुर के अनुसार, वार्ड कमेटियों के गठन के लिए सभी निकाय समितियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

नगर निकायों के साथ-साथ पंचायत स्तर पर भी अलग-अलग कमेटियां बनाई जाएंगी। इसके लिए एक चयन समिति का गठन होगा, जिसमें जिला पर्यवेक्षक, नगर निकाय पर्यवेक्षक, जिला अध्यक्ष, विधायक, सांसद, पूर्व विधायक या सांसद शामिल होंगे।

कार्यकारी अध्यक्षों को भी कमेटी में स्थान दिया जा रहा है। पार्टी ने सभी नेताओं को इस कार्य में जुटने का निर्देश दिया है, ताकि जल्द से जल्द कमेटियों का गठन पूरा हो सके।

कांग्रेस झारखंड के सभी 49 नगर निकायों में कमेटियों का गठन करेगी, जिनकी अधिसूचना प्रदेश अध्यक्ष स्तर से जारी होगी। इसके लिए पर्यवेक्षकों का मनोनयन हो चुका है, और विधायकों व वरिष्ठ नेताओं को एक से अधिक निकायों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने लिया संज्ञान

## छात्रा के साथ हुई थी घटना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने पटमदा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की एक छात्रा के साथ हुई शारीरिक दंड की गंभीर घटना पर तत्काल संज्ञान लिया है।

आयोग के सदस्य विकास दोदराजका ने बुधवार को एमजीएम अस्पताल पहुंचकर पीड़िता से मुलाकात की, जहां वह घटना के बाद से भर्ती है। यह घटना शिक्षा के अधिकार और बाल संरक्षण के सिद्धांतों का उल्लंघन करती है, जिसके कारण आयोग ने मामले की गंभीरता को समझते हुए त्वरित कदम उठाए हैं।

दोदराजका ने न केवल छात्रा और उसके चिंतित माता-पिता से बातचीत की, बल्कि अस्पताल के डॉक्टरों से भी विस्तृत जानकारी ली ताकि छात्रा की शारीरिक और मानसिक स्थिति को समझा जा सके।

इस मुलाकात के दौरान बाल कल्याण समिति के सदस्य रूबी साहू और जुझार सोरेन, साथ ही जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रेम प्रकाश भी मौजूद थे, जो यह दर्शाता है कि विभिन्न बाल संरक्षण एजेंसियां इस मामले में मिलकर काम कर रही हैं।

दोदराजका ने सभी संबंधित अधिकारियों को पीड़िता को हर संभव सहायता प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हो, ताकि दोषी व्यक्तियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके। इस संबंध में विकास दोदराजका ने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से भी मुलाकात की और इस घटना के संबंध में अब तक की गई प्रशासनिक कार्रवाइयों की जानकारी ली। इस बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

जिले को बाल-अनुकूल बनाने के लिए सभी संबंधित संस्थानों जैसे शिक्षा विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और बाल कल्याण समितियों के बीच समन्वय बढ़ाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, किशोर न्याय प्रणाली के बारे में समझ बढ़ाने के लिए नियमित रूप से कार्यशालाएं की जाएंगी।

यह कदम सुनिश्चित करेगा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और बच्चों को सुरक्षित तथा सम्मानजनक वातावरण मिल सके।आयोग का यह हस्तक्षेप यह स्पष्ट करता है कि बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## चयन ट्रायल का आयोजन 2 अगस्त को

**गिरिडीह।** पैरा ओलंपिक समिति, झारखंड के तत्वावधान में राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में राज्य का प्रतिनिधित्व करने हेतु खिलाड़ियों के चयन के उद्देश्य से प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर एवं सब-जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 सह चयन ट्रायल का आयोजन 2 अगस्त 2025 को प्रैक्टिस ग्राउंड, खेलगांव, रांची में किया जा रहा है। यह चयन ट्रायल, आगामी राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, जिसका आयोजन 22 अगस्त से 24 अगस्त 2025 तक हरियाणा में प्रस्तावित है, के लिए राज्य स्तरीय खिलाड़ियों का चयन सुनिश्चित करेगा। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से जूनियर एवं सब-जूनियर श्रेणी के दिव्यांग बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य राज्य में छिपी हुई पैरा खेल प्रतिभाओं को आगे लाना एवं उन्हें राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है।जिला खेल पदाधिकारी, ने गिरिडीह जिला के सभी पैरा एथलीटों से विशेष रूप से आग्रह किया है कि वे इस राज्य स्तरीय चयन ट्रायल में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

# लखराज श्रेणी की जमीन भी चढ़ी भू माफियों की भेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले के बरहड़वा अंचल में हुए भूमि घोटाले में हर रोज नए-नए तथ्य निकल कर सामने आ रहे हैं। सिरासिन मौजा में लखराज श्रेणी की जमीन भी भूमि माफियों ने बेच दी तथा अधिकारियों ने उसका म्यूटेशन कर लगान भी निर्धारित कर दिया। लखराज श्रेणी की जमीन मुगलकाल में विभिन्न श्रेणियों के लोगों को दी गई थी तथा यह लगान मुक्त थी।

खतियान में भी इसके लगान मुक्त होने का उल्लेख है। नियमतः इसकी खरीद बिक्री नहीं हो सकती है। वैसे भी लगान निर्धारण का अधिकार एलआरडीसी के पास है, लेकिन यहां कर्मचारी, सीआई व सीओ के स्तर से ही सब कुछ हो गया।

सिरासिन मौजा के खाता नंबर 181 का प्लॉट संख्या 226, 228 व 230 इसी प्रकार की है, लेकिन रजिस्टर टू में 226 नंबर प्लॉट में से मनारूल शेख ने करीब छह बीघा जमीन अपने नाम पर करा लिया। खतियान में इसे पोखर बताया गया है। वर्तमान में भी वहां पोखर मौजूद है, लेकिन उसपर मुस्लिम समुदाय के लोगों का कब्जा है।

नियमतः रैयती पोखर की बिक्री भी टुकड़ों में नहीं हो सकती। इसी खाता का प्लॉट संख्या 228 व 230 भी मनारूल शेख के नाम पर चढ़ा हुआ है। प्लॉट संख्या 228 में पांच कट्ठा 13 धुर तथा प्लॉट संख्या 230 में से आठ कट्ठा 11 धुर जमीन मनारूल शेख के नाम पर दर्ज है। उधर, खतियानी रैयत रजनीकांत दास के वंशज इस खाते की जमीन बेचने की बात से साफ इनकार कर रहे हैं।

बरहड़वा अंचल के सिरासिन मौजा (159) का जमाबंदी नंबर 181 रजनीकांत दास के नाम पर खतियान में दर्ज है। इस खाता में कुल 12 बीघा आठ कठ्ठा 14 धूर जमीन है। कुल आठ प्लाट है। इसी खाता के प्लाट संख्या 229 में एक प्राचीन शिव मंदिर है।

आसपास के लोगों की मानें 1982 में इस मंदिर के पुजारी की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद वहां पूजा अर्चना बंद हो गई।

# कोचिंग योजना पर भाजपा ने उठाये सवाल

## की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में कोचिंग योजना को लेकर सियासत गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी ने हेमंत सोरेन सरकार पर आदिवासी छात्रों की शिक्षा योजनाओं में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार करने का गंभीर आरोप लगाया है। पार्टी के प्रवक्ता अजय साह ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार ₹अनुसूचित जनजाति शिक्षण उत्थान कार्यक्रम₹ के नाम पर एक नया घोटाला करने की तैयारी में है।

भाजपा के मुताबिक, ट्राइबल वेलफेयर कमिश्नर द्वारा टेंडर जारी किया गया है, जिसके तहत 300 आदिवासी छात्रों को परीक्षाओं के लिए कोचिंग दिलाने हेतु संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रक्रिया फिलहाल जारी है और टेंडर खोलने की तिथि 11 अगस्त निर्धारित है।

भाजपा प्रवक्ता अजय साह ने इस टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका आरोप है कि टेंडर खुलने से पहले ही सरकार और विभागीय अधिकारियों द्वारा एक खास संस्थान – फिजिक्स वाला – का नाम सार्वजनिक रूप से घोषित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में भी इस संस्थान का नाम स्पष्ट रूप से उल्लेखित है, जो यह संकेत देता है कि टेंडर का परिणाम पहले ही तय किया जा चुका है।

अजय साह ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया एक ₹सुनियोजित लूट₹ का हिस्सा है। उन्होंने याद दिलाया कि इसी तरह शराब घोटाले में भी भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा पहले ही जिन कंपनियों का नाम उजागर किया गया था, उन्हें ही बाद में ठेका दिया गया। अब वही पैटर्न कोचिंग योजना में अपनाया जा रहा है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा, ₹राज्य की शिक्षा व्यवस्था पहले ही सरकार की लापरवाही और कमीशनखोरी की नीति से बर्बाद हो चुकी है। अब आदिवासी छात्रों के भविष्य के साथ क्रूर मजाक किया जा रहा है। कोचिंग के लिए उन्हीं संस्थानों का चयन होना चाहिए, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सक्षम हों, न कि वे जो मंत्रियों और अधिकारियों को कमीशन देने में माहिर हों।₹ भाजपा ने इस पूरे टेंडर प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

## खून की कमी से हुई मौत पर

# राज्यपाल ने रेड क्रास को बताया जिम्मेदार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची ।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि समय पर खून नहीं मिलने से किसी मरीज या व्यक्ति की मौत होती है तो इसके लिए संबंधित अस्पताल के साथ रेडक्रास सोसाइटी भी जिम्मेदार होगी।

यह दोनों की निष्क्रियता और असफलता मानी जाएगी। राज्यपाल की अध्यक्षता में बुधवार को राजभवन में इंडियन रेडक्रास सोसाइटी की राज्य प्रबंध समिति की हुई बैठक में उन्होंने ये बातें कहीं।

राज्यपाल ने रेडक्रास की भूमिका को और अधिक प्रभावी तथा जन-कल्याणकारी बनाने को लेकर कई अहम निर्देश दिए। राज्यपाल ने विशेष रूप से स्वैच्छिक रक्तदान को सामाजिक जनांदोलन का रूप देने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों का नियमित आयोजन किया जाए और इनमें विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड जैसी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, सभी को इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने भी अपने जीवन में 15 से 20 बार रक्तदान किया है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि खून की बबार्दी नहीं होनी चाहिए।

यदि किसी जिला में यह अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाए तो उसे समीपवर्ती जिलों में भेजा जाए। उन्होंने यह भी निदेश दिया कि रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने हेतु व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए । ऐसे रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाए, जिन्होंने 50 बार या उससे अधिक रक्तदान किया है।

# धनबाद से मुंबई चलने वाली ट्रेन की बुकिंग शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद से लोकमान्य तिलक मुंबई के बीच चलने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है। पांच अगस्त से 30 सितंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलेगी। वापसी में सात अगस्त से दो अक्टूबर तक चलने वाली ट्रेन में गुरुवार से बुकिंग शुरू होने की संभावना है।

दूसरी ओर, गोमो व बोकारो होकर चलने वाली दक्षिण भारत की तीन स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ा दिए गए हैं। 03253 पटना-चर्लपल्ली स्पेशल प्रत्येक सोमवार व बुधवार को चार अगस्त से 29 सितंबर तक चलेगी। 07255 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल प्रत्येक बुधवार को छह अगस्त से एक अक्टूबर तक तथा 07256 चर्लपल्लपी-पटना स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को आठ अगस्त से तीन अक्टूबर तक चलेगी।



धनबाद होकर चलने वाली 12323 हावड़ा-बाड़मेर एक्सप्रेस दो अगस्त को 75 मिनट विलंब से चलेगी। गोमो होकर चलने वाली 12815 पुरी-आनंदविहार नंदन कानन एक्सप्रेस तीन अगस्त को 75 मिनट एवं पांच अगस्त को 60 मिनट विलंब से चलेगी। उत्तर मध्य रेल के टुंडला-अलीगढ़ के बीच तीसरी लाइन व यार्ड रिमाडलिंग के कारण ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।


## चोरों का सुराग नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा सदर अस्पताल परिसर स्थित प्री फेब्रिकेटेड वार्ड में चोरों ने एक बार फिर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस बार लाखों रुपये के सामानों की चोरी कर ली गई थी। इस मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली है।

# सरजामदा में चला प्रशासन का बुलडोजर

## अवैध निर्माण को किया जमींदोज




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना के सरजामदा सेंटर चौक से सटे एक एकड़ सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किया गया था। बुधवार को अंचल निरीक्षक बलवंत सिंह के नेतृत्व में पहुंची पुलिस बल ने अवैध निर्माण को जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया।

अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ लोगों की ओर से भारी विरोध किया गया। करीब आधे घंटे तक चले विरोध के बाद भारी संख्या में पहुंची पुलिस बल ने निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

विरोध कर रहे सरजामदा निवासी सूरज महतो, संटू महतो एवं जानकी देवी पर अंचल अधिकारी के लिखित ब्यान पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

अंचल निरीक्षक ने बताया कि सरजामदा मौजा के खाता नंबर 479, प्लाट नंबर 1255 रकबा करीब एक एकड़ सरकारी भूमि से पूर्व में अतिक्रमण हटाया गया था। इसके बावजूद कुछ लोग हाल में उक्त भूमि पर झोपड़ी का निर्माण कर रह रहे थे।

# अनाथ आदिवासी छात्र को स्कूल में ही छात्रा के भाईयों ने धुना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अनगड़ा (रांची)।** मामूली बात को लेकर चिलदाग प्लस टू हाई स्कूल परिसर में एक छात्रा के भाइयों सहित पांच लोगों ने दबंगई दिखाते हुए एक अनाथ आदिवासी छात्र की जमकर पिटाई कर दी। उक्त छात्र को तबतक पीटा गया जबतक की वह बेहोश नहीं हो गया। अनाथ युवक के पिता की मौत हो चुकी है और माता दिहाड़ी मजदूरी करके अपने पुत्र को शिक्षा दिला रही है।

छात्र अनगड़ा का रहने वाला है। घटना के समय स्कूल के शिक्षक तमाशाबीन बने रहे। छात्रा के भाइयों की दबंगई स्कूल में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। इधर स्कूल प्रबंधन ने इस मामले में पीड़ित छात्र को नोटिस थमा दिया है।

स्कूल ने कहा गया कि गुरूवार को वे अपने अभिभावकों के साथ स्कूल आए। छात्रा के अभिभावकों को भी बुलाया गया है। इधर



अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह ने बताया कि इस मामले की कोई जानकारी नही है। जैसे ही मामला संज्ञान में आता है उचित कानूनी कारवाई की जाएगी।

कक्षा दशम के कुछ छात्र बार-बार कहने के बावजूद अपने अपने लंबे बाल कटवाकर नहीं आए थे। इससे नाराज स्कूल प्रबंधन ने वैसे विद्यार्थियों को चिह्नित कर सीनियर छात्रों से बाल कटवाया।

इसी बीच चिलदाग निवासी कक्षा दशम ए की उक्त छात्रा ने आरोप लगाया कि कक्षा दशम बी का एक आदिवासी छात्र ने आपत्तिजनक शब्द कहा है। बस फिर क्या था स्कूल प्रबंधन ने बगैर पक्ष जाने छात्र को जमकर पीटा। इसी बीच स्कूल का मध्यांतर हो गया।

छात्रा के साथ पढ़ने वाले उसके एक अन्य भाई ने मोबाइल से इसकी जानकारी अपने भाइयों को दी। तत्काल छात्रा के भाई, चाचा, पिताजी व एक अन्य संबंधी स्कूल पहुंचे। प्रिंसिपल चेंबर के पास खड़ा छात्र को खींचकर बाहर निकाला व लात-जूतों से जमकर पिटाई शुरू कर दी। तीन-चार बार उठाकर पटका गया। जबतक छात्र बेहोश नही हो गया उसकी पिटाई जारी रही। पिटता छात्र बचाओ बचाओ चिल्लाता रहा लेकिन कोई बचाने नही आया। स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा कि अचानक से छात्रा के भाई व अन्य स्कूल आया और छात्र की जमकर पिटाई शुरू कर दी। जब तक हमलोग कुछ समझ पाते छात्र बेहोश हो चुका था। गुरूवार को इस मामले को लेकर दोनों पक्ष के अभिभावकों को बुलाया गया।

इधर पीड़ित छात्र ने फोन पर बताया कि वह तो छात्रा को जानता तक नहीं है। उसने कुछ भी अपशब्द नहीं बोला। लेकिन मुझे जमकर पीटा गया। कोई बचाने नही आया। पूरे शरीर में काफी अंदरूनी चोट लगी है। पूरा बदन दर्द कर रहा है।

# बिहार में बने घर, झारखंड में लिया योजना का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवरी ।** गिरिडीह के देवरी प्रखंड की कोसोगोंदो दिघी पंचायत अंतर्गत नवादा गांव में सरकारी योजनाओं के नाम पर बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया है।

यहां प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत झारखंड सरकार की ओर से वर्ष 2020-21 में स्वीकृत की गई योजनागत राशि को चार लाभुकों ने फजीर्वाड़ा कर गटक लिया।

इन लाभुकों ने झारखंड के बजाय सीमावर्ती बिहार राज्य में पहले से ही बने अपने घर को योजना के तहत निर्मित दर्शा कर भुगतान हासिल कर लिया। बीडीओ की जांच में इस मामले का खुलासा हुआ।

हालांकि, अभी तक न तो सरकारी राशि की वसूली हुई है ना ही आरोपितों पर कोई ठोस कार्रवाई हो सकी है।

बिहार के चकाई ब्लॉक के कपसा गांव निवासी बांग्टू राम ने मंगलवार को देवरी बीडीओ को दिए गए



आवेदन में बताया कि नवादा गांव के निवासी लीलावती देवी, श्यामसुंदर साव, गीता देवी और हारो साव के नाम से एक-एक यूनिट प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत हुई थी।

इन सभी लाभुकों ने झारखंड के नवादा गांव में घर न बनाकर बिहार के चकाई प्रखंड के घुठिया गांव में पहले से बने अपने घरों को दर्शा कर सरकारी राशि की निकासी कर ली। तत्कालीन बीडीओ की जांच रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई थी कि नवादा गांव में किसी प्रकार का निर्माण नहीं हुआ।

CMYK

## शेल्टन ने टोरंटो ओपन में मन्नारिनो को हराया, हार्डकोर्ट पर रुबलेव की 250वीं जीत



**टोरंटो, एजेंसी।** बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन के अपने पहले मैच में एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी 25वीं जीत दर्ज की। 22 वर्षीय बेन शेल्टन फिलहाल पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर हैं। वह पिछले 10 में से 8 मुकाबले जीत चुके हैं। चौथे वरीय अमेरिकी खिलाड़ी ने एटीपी स्टैट्स के अनुसार अपने पहले सर्व पर 90 प्रतिशत (28 में से 31) अंक जीते और जिन दो ब्रेक प्वॉइंट्स का सामना किया, उन्हें भी बचा लिया। इसके साथ ही उन्होंने फ्रेंच खिलाड़ी के खिलाफ एटीपी स्तर पर तीसरे आमने-सामने के मुकाबले में पहली जीत हासिल की। शेल्टन ने मैच के बाद कहा, आखिरी गेम में थोड़ा तनाव जरूर था, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अंत तक संयमित रहा और ब्रेक प्वॉइंट पर भी सर्व करते हुए मैच को खत्म कर पाया। अब शेल्टन का अगला मुकाबला 25वें वरीय ब्रैंडन नकाशिमा से होगा, जिन्होंने हमवतन खिलाड़ी एथन क्विन को 7-6(6), 6-4 से हराया। टोरंटो में इस फोर्टनाइट के दौरान शेल्टन अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश में हैं। एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में फिलहाल नौवें स्थान पर हैं। इस साल वह निट्टो एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने की ओर बढ़ रहे हैं। इससे पहले, आंद्रे रुबलेव ने ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपने करियर की 250वीं जीत दर्ज की। 27 वर्षीय रुबलेव ने गैस्टन के खिलाफ 19 विनर्स और 17 अनफोर्स्ड एरर्स के साथ मुकाबला समाप्त किया और तीसरे दौर में प्रवेश किया। छठे वरीय रुबलेव ने पिछले साल इसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में फाइनल तक का सफर तय किया, जहां उन्हें एलेक्सी पोपिरिन से हार का सामना करना पड़ा था। इस सीजन का अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश में दोहा ओपन चैंपियन रुबलेव अब 28वें वरीय लोरेंजो सोनेगो से भिड़ेंगे।

## ओलिंपिक 2028 से बाहर हो सकते हैं पाकिस्तान-न्यूजीलैंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में क्रिकेट को तीसरी बार जगह मिली थी। इससे पहले इसे 2010 और 2014 में शामिल किया था। 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में भारतीय क्रिकेट टीम ने गोल्ड जीता था, यह फोटो उसी समय की है।2023 में खेले गए एशियन गेम्स में क्रिकेट को तीसरी बार जगह मिली थी। इससे पहले इसे 2010 और 2014 में शामिल किया था। 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में भारतीय क्रिकेट टीम ने गोल्ड जीता था, यह फोटो उसी समय की है। लॉस एंजिल्स ओलिंपिक 2028 में पूर्व टी-20 वर्ल्ड चैंपियन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की पुरुष टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो सकती हैं। इसका मुख्य कारण इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल द्वारा ओलिंपिक क्वालिफिकेशन के लिए निर्धारित क्षेत्रीय योग्यता प्रणाली है।128 साल बाद 2028 ओलिंपिक में क्रिकेट की वापसी हो रही है, जिसमें मेंस और विमेंस टीमें टी-20 फॉर्मेट में हिस्सा लेंगी। इसमें 6-6 टीमें हिस्सा लेंगी।एशिया, ओशिनिया, यूरोप और अफ्रीका से टॉप-टॉप टीमें होंगी क्वालिफाई ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, ओलिंपिक के लिए क्षेत्रीय योग्यता प्रणाली लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत एशिया, ओशिनिया, यूरोप, और अफ्रीका की टॉप रैंक वाली टीमें क्वालिफाई करेंगी।



# राहुल को मिलेगी कप्तानी, 25 करोड़ रुपये भी मिलेंगे

### भारत-इंग्लैंड सीरीज के बीच आई चौंकाने वाली खबर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केएल राहुल का बल्ला इंग्लैंड में जमकर रन उगल रहा है वो सीरीज में दो शतक लगा चुके हैं और इसी बीच एक ऐसी खबर सामने आई है जो सच में चौंकाने वाली है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केएल राहुल आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स की जगह कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल सकते हैं. ऐसा बताया जा रहा है कि केकेआर की टीम उन्हें हर हाल में ट्रेड के जरिए अपने स्क्वाड में चाहती है. केएल राहुल को दिल्ली कैपिटल्स ने 14 करोड़ रुपये में खरीदा था और उन्होंने 13 पारियों में 539 रन बनाए थे. केएल राहुल को केकेआर इसलिए खरीदने के मूड में दिख रही है क्योंकि उसे एक कप्तान की जरूरत है. पिछले सीजन उसका नेतृत्व अजिंक्य रहाणे ने किया था, टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई और उसका प्रदर्शन खराब रहा लेकिन अब केकेआर बड़े बदलाव के मूड में है. इसलिए वो केएल राहुल को टीम में लाकर उसे कप्तान बनाना चाहती है. मीडिया रिपोर्ट्स तो यहां तक हैं कि केएल राहुल के लिए केकेआर 25 करोड़ रुपये तक खर्च करने को तैयार है.केएल राहुल सिर्फ अच्छे बल्लेबाज ही नहीं, वो कप्तान और विकेटकीपर की भूमिका भी निभा सकते हैं ऐसे में केकेआर उनके लिए इतनी बड़ी रकम देने को भी तैयार बताई जा रही है.केकेआर ने आईपीएल 2025 ऑक्शन से पहले अपने पैरों में कुल्हाड़ी मार ली थी. दरअसल उसने टीम को तीसरा आईपीएल जिताने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर को ही रिटेन नहीं किया नतीजा ये खिलाड़ी पंजाब किंग्स का कप्तान बन गया. अय्यर के जाने से केकेआर को बड़ा नुकसान हुआ. सबसे पहले उसका कप्तान बदला जिसके बाद टीम का खेलने का तरीका भी बदल गया. टीम 14 में से 5 ही मैच जीत पाई. अब आईपीएल 2026 से पहले उसने हेड कोच चंद्रकांत पंडित को भी हटा दिया है. कभी इस टीम की गेंदबाजी यूनिट को मजबूत बनाने वाले भरत अरुण भी लखनऊ का हाथ थाम चुके हैं. अब केकेआर किसी तरह केएल राहुल को टीम में लाकर अपनी टीम का बैलेंस बनाने की तैयारी में है. सवाल ये है कि क्या दिल्ली कैपिटल्स केएल राहुल को रिलीज करेगी, फिलहाल इसका जवाब शायद ना ही होगा.



## चहल ने इंग्लैंड में मचाया कहर, काउंटी चैंपियनशिप में डर्बीशायर के खिलाफ चटकाए 6 विकेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम में वापसी की राह देख रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल ने काउंटी चैम्पियनशप में शानदार गेंदबाजी की. नॉर्थहैम्पटनशायर के लिए खेलते हुए उन्होंने डर्बीशायर के खिलाफ 5 विकेट हॉल किया. ब्लेयर टिकनर का विकेट लेकर उन्होंने पारी में अपना छठा विकेट हासिल किया. उन्होंने इस पारी में सबसे अधिक ओवर (33.2) भी डाले. नॉर्थम्प्टन में खेले जा रहे इस मैच में डर्बीशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. हैरी केम (17) के रूप में युजवेंद्र चहल ने अपना पहला विकेट लिया, उन्होंने केम को एलबीडबल्यू आउट किया. इसके बाद उन्होंने सलामी बल्लेबाज लुइस रीस (39) के रूप में ब ?ा विकेट चटकाया. लुइस कैच आउट हुए. चहल ने बेन एचिसन को आउट कर पारी में 5 विकेट हॉल किया. एचिसन 45 रन बना चुके थे, वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे तब भारतीय स्पिनर ने उन्हें बोल्ड किया. पारी का आखिरी और अपना छठा विकेट चहल ने ब्लेयर टिकनर का लिया. चहल ने पारी में सबसे अधिक 33.2 ओवर डाले, इसमें उन्होंने 3.54 की इकॉनमी से 118 रन दिए. नॉर्थहैम्पटनशायर का इससे पिछला मैच मिडलसेक्स के साथ था, जिसमे चहल को एक भी विकेट नहीं मिला था.

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए अंडर-19 भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 14 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया




अंडर-19 के बीच 21 सितंबर से शुरू होने वाली इस सीरीज में 3 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे। इंग्लैंड दौरे पर भी मिली थी वैभव को जगह वैभव इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत में टेस्ट सीरीज खेल चुके हैं और इंग्लैंड दौरे पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड में उन्होंने 5 वनडे मैचों में 355 रन बनाए, जिसमें एक शतक शामिल था। वैभव ने 52 गेंदों में शतक बनाकर रिकॉर्ड भी अपने नाम किया था। 21 सितंबर को खेला जाएगा पहला वनडे इंडिया अंडर 19 बनाम ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के बीच पहला वनडे मैच रविवार (21 सितंबर) को खेला जाएगा। सीरीज का दूसरा वनडे बुधवार (24 सितंबर) को होगा जबकि तीसरा वनडे मैच 26 सितंबर को खेला जाएगा।

## शौक ने ले ली जान! पाकिस्तान में 2 बार की ओलंपिक चैंपियन जर्मन खिलाड़ी की 18700 फीट से दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बता दें कि डाहलमीयर एक अनुभवी पर्वतारोही थीं। वह जून के अंत से उत्तरी पाकिस्तान क्षेत्र में थीं और पहले ही ग्रेट ट्रांगो टॉवर पर चढ़ चुकी थीं। उनके गिरने



वाले क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से मौसम काफी खराब चल रहा था, जिसमें बारिश, तेज हवाएं और घने बादल थे। बता दें कि पाकिस्तान के लैला पीक पर पर्वत चढ़ना सबसे मुश्किल माना जाता है। इसके टॉप पर अभी तक सिर्फ सात पर्वतारोहियों ने ही सफलतापूर्वक चढ़ाई की है। वहीं डाहलमीयर के करियर की बात करें तो उन्होंने अपने दोनों गोल्ड मेडल साउथ कोरिया के प्योंगचांग में 2018 शीतकालीन ओलंपिक में जीते थे। उन्होंने स्प्रिंट और परस्यूट इवेंट में गोल्ड मेडल जीते थे, जबकि उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल भी जीता था। जर्मन एथलीट ने मई 2019 में संन्यास की घोषणा कर दी थी। लौरा डाहलमीयर का जन्म 22 अगस्त 1993 को हुआ था। वह एक जर्मन बायएथलीट थीं। लौरा डाहलमीयर सबसे सफल बायएथलीट में से एक रही हैं।



## 11334 करोड़ रुपये...काव्या की टीम का दिखेगा जलवा, मालामाल हुआ इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग का दबदबा पूरी दुनिया में है. इस लीग में खेलने के लिए हर खिलाड़ी बेताब रहता है. दुनिया की सबसे महंगी इस लीग में हिस्सा लेने वाली टीमों का दायरा अब धीरे-धीरे बढ़ रहा है. इन टीमों के ओनर अब दूसरे देशों के टी20 लीग में निवेश कर रहे हैं. इससे उन देशों के बोर्ड को भी करोड़ों की कमाई हो रही है. इसी कड़ी में इंग्लैंड की एक लीग में आईपीएल की चार टीमों के ओर ने निवेश किया है. इसकी जानकारी इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने दी है. इस निवेश स ईसीबी को 11334 करोड़ रुपये की कमाई भी हुई है. इस दौरान काव्या मारन की टीम का इंग्लैंड में जलवा दिखाई देगा. इंग्लैंड की लीग 'द हंड्रेड' में आईपीएलके चार टीमों के ओनर ने निवेश किया है. इसकी जानकारी देते हुए ईसीबी ने बताया कि निवेश करने वालों में भारत की जीएमआर (दिल्ली कैपिटल्स के को-ओनर), सन टीवी नेटवर्क लिमिटेड (सनराइजर्स हैदराबाद के ओनर), आरपीएसजी समूह (लखनऊ सुपर जायंट्स के ओनर) और रिलायंस समूह (मुंबई इंडियंस के ओनर) शामिल हैं.

ईसीबी ने बताया कि इससे उन्हें 975 मिलियन पाउंड (करीब 11 हजार 3 सौ 34 करोड़ रुपये) की कमाई हुई है. इंग्लैंड बोर्ड ने बताया कि दो और साझेदारों की बाद में औपचारिक रूप से पुष्टि हो जाएगी. इससे पहले मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के ओनर साउथ अफ्रीका की टी20 लीग की टीमों को खरीद चुके हैं. द हड्रेड लीग में इन सभी को अक्टूबर से संचालन का हक मिल जाएगा.

### काव्या मारन ने इस टीम को खरीदा

इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन की सन टीवी नेटवर्क ने नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स टीम को खरीद लिया है, उन्होंने 100 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की है. इससे पहलेओनर ने साउथ अफ्रीका में खेली जाने वाली टी-20 में भी सनराइजर्स ईस्टर्न कैप की टीम को खरीदा था. इसके अलावा दिल्ली कैपिटल्स टीम के को-ओनर जीएमआर ग्रुप को द हंड्रेड की टीम सदर्न ब्रेव में 49 फीसदी हिस्सेदारी मिली है, वहीं मुंबई इंडियंस के ओनर मुकेश अंबानी की रिलायंस ग्रुप को ओवल इनविंसिबल्स टीम की 49 हिस्सेदारी मिलेगी, जिसको लेकर जल्द ही ऐलान किया जाएगा. द हंड्रेड लीग की शुरुआत 5 अगस्त से लॉर्ड्स के मैदान में होने जा रही है.

# नागपुर लौटीं विश्व महिला शतरंज चैंपियन दिव्या, परिवार और कोच को दिया जीत का श्रेय

**नागपुर, एजेंसी।** फिडे महिला शतरंज विश्व कप 2025 जीतकर दिव्या ने इतिहास रच दिया है। वह यह खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। खिताब जीतने के बाद दिव्या बुधवार रात अपने गृह नगर नागपुर लौटीं, जहां एयरपोर्ट पर उनके परिवार और प्रशंसकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। फिडे महिला शतरंज विश्व कप 2025 चैंपियन दिव्या देशमुख बुधवार को अपने गृह नगर नागपुर लौटीं। नागपुर लौटने पर उन्होंने अपनी बड़ी जीत का श्रेय अपने परिवार और पहले कोच राहुल जोशी को दिया। नागपुर एयरपोर्ट पर पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके परिवार के साथ-साथ प्रशंसक भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। महाराष्ट्र शतरंज संघ के अध्यक्ष परिणय फुके भी इस मौके पर मौजूद रहे।

### खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं दिव्या

19 वर्षीय दिव्या ने सोमवार को महिला विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने जॉर्जिया के बटुमी शहर में खेले गए ऑल-इंडियन फाइनल में अनुभवि कोनेरू हम्पी को टाई-ब्रेकर मुकाबले में हराया।

### मुझे यह स्नेह पाकर बहुत खुशी हुई

दिव्या देशमुख ने नागपुर पहुंचने पर कहा कि मुझे यह स्नेह पाकर बहुत खुशी हुई। यह देखकर अच्छा लग रहा है कि इतनी भीड़ मेरा स्वागत करने के लिए यहां इक्ट्ठा हुई है। मैं बहुत खुश हूं।



### कोच चाहते थे कि मैं ग्रैंड मास्टर बनूं

दिव्या देशमुख ने अपनी जीत का श्रेय अपनी बहन, परिवार के सदस्यों और अपने पहले कोच राहुल जोशी को दिया। उन्होंने कहा, मेरे पहले कोच चाहते थे कि मैं ग्रैंड मास्टर बनूं, मैं इस जीत का श्रेय उन्हें देती हूं।

### दो अगस्त को सीएम फडणवीस और केंद्रीय मंत्री गडकरी करेंगे सम्मानित

किशोरावस्था की चैंपियन दिव्या ने कहा कि ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट में भाग लेने से पहले वह कुछ दिन आराम करेंगी। दिव्या को दो अगस्त को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री व नागपुर सांसद नितिन गडकरी सम्मानित करेंगे।

### दिव्या के परिवार के सदस्यों ने उपलब्धि की सराहना की

दिव्या देशमुख के परिवार के सदस्यों ने उनकी उपलब्धि की सराहना की और कहा कि उन्होंने परिवार, नागपुर, महाराष्ट्र और भारत को गौरवान्वित किया है। इस चैंपियन खिलाड़ी की चाची स्मिता देशमुख ने पत्रकारों से कहा, हम बहुत खुश हैं कि दिव्या ने हमारे परिवार, नागपुर और भारत को गौरवान्वित किया है। भारत ने इतने वर्षों बाद यह महिला शतरंज विश्व कप जीता है। हम भगवान को धन्यवाद देना चाहते हैं। उनके माता-पिता की इतने वर्षों की कड़ी मेहनत आखिरकार रंग लाई है। हमारी खुशी का ठिकाना नहीं है और हमारे खुशी के आंसू रुक नहीं रहे हैं। हम चाहते हैं कि दिव्या भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त करें और भारत को गौरवान्वित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### बर्थडे पार्टी, मोमोज वाले से झगड़ा और खून

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में बुधवार रात फरीदाबाद के एक शख्स की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई, जबकि उसका साथी जख्मी हो गया। मारे गए शख्स का बर्थडे था और एक मोमोज वाले से उसका झगड़ा हो गया था। आरोपी ने अपने दोस्तों के संग मिलकर रॉड और चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। हैरानी की बात है कि हत्या के आरोपियों में एक 13 साल का बच्चा भी शामिल है। 30 जुलाई की रात दिल्ली पुलिस को सूचना मिली की एलबीएस अस्पताल में एक शख्स की लाश लगाई गई है जिसके जिस्म पर चाकू मारे जाने के घाव है। मौके पर पुलिस टीम पहुंची तो पता चला कि मृतक सीएनजी पंप, पेपर मार्केट के पास अचेत मिला था और आजाद मिश्रा नाम का व्यक्ति अस्पताल लेकर पहुंचा। मृतक की पहचान विकास वलेचा निवासी सेक्टर 5 फरीदाबाद के रूप में हुई। 28 साल का विकास नोएडा सेक्टर 5 की एक कंपनी में सेल्स मैनेजर था। उसके साथ जख्मी हुआ सुमित शर्मा भी उसी कंपनी में काम करता है और गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि विकास अन्य सहकर्मियों के साथ अपना बर्थडे मना रहा था। इस दौरान उनकी चर्चा एक मोमोज वाले से झगड़े को लेकर हुई। उसकी पहचान के लिए वे लोग गाजीपुर पेपर मार्केट के पास रात को करीब साढ़े 10 बजे तीन कार से पहुंचे। सीएनजी पंप के पास एक शराब की दुकान पर उन्होंने सलमान को पहचान लिया। सलमान ने उन्हें देखते ही एक रॉड निकाला और अपने दोस्तों आजाद मिश्रा, मोनू मिश्रा और एक नाबालिग को बुलाकर हमला कर दिया।हिंसक झड़प के दौरान विकास को चाकू से गोद दिया गया। सुमित को भी चोटें आई। बाद में विकास ने दम तोड़ दिया। शिकायत के आधार पर गाजीपुर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की जांच करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान 24 साल के सलमान, 31 साल के आजाद कुमार मिश्रा और 28 साल के मोनू मिश्रा के रूप में हुई है। इनके साथ एक 13 साल का लड़का भी था। सभी खोड़ा के रहने वाले हैं। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल रॉड और चाकू को बरामद कर लिया है।

### संजय अरोड़ा हो रहे रिटायर, कौन बनेगा दिल्ली का नया पुलिस कमिश्नर? पांच नामों पर है चर्चा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस में करीब तीन साल पहले तमिलनाडु काडर के अधिकारी संजय अरोड़ा को पुलिस कमिश्नर बनाया गया था। वे 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस बीच अब तक यह साफ नहीं हो सका है कि अगला पुलिस कमिश्नर कौन होगा? इसे लेकर कयासों का दौर जारी है। हालांकि, इस बार पुलिस कमिश्नर कौन होगा से ज्यादा चर्चा इस बात की हो रही है कि इस बार पुलिस की कमान क्या यूनियन टेरिटरी (यूटी) काडर के अधिकारी को मिलेगी या फिर एक बार फिर से बाहरी काडर का अधिकारी राजधानी की पुलिस की कमान संभालेगा? पुलिस मुख्यालय में तो हर यूनिट के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच बस इस बात को लेकर ही चर्चा गरम है। अब तक किसी भी नाम को लेकर कोई भी अधिकारी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं दिखाई दे रहा है। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली पुलिस कमिश्नर की नियुक्ति को लेकर चल रहे ट्रेंड को देखते हुए किसी भी नाम पर आखिरी दिन तक पूर्ण विराम नहीं लग पाया है। कारण साफ है। चाहे वर्तमान कमिश्नर संजय अरोड़ा हों या फिर इसके पहले के कमिश्नर राकेश अस्थाना ही क्यों न हो, इन दोनों ही की नियुक्ति के बारे में अचानक से ही सरकार की तरफ आदेश आया। वह भी एकदम आखिरी समय में। पुलिस महकमे में चल रही चर्चाओं में यूटी काडर के तीन नाम, तो दो नाम बाहरी काडर के लिए जा रहे हैं, लेकिन मुख्यालय में वरिष्ठ पदों पर तैनात ऐसा कोई भी अधिकारी नहीं है, जो पूरे विश्वास के साथ इन पांच नामों में से किसी भी एक नाम को लेकर यह बता सके कि आखिरकार अगला कमिश्नर कौन होगा?

# आपात स्थिति में भी बिना चेतावनी हाईवे पर अचानक ब्रेक लगाना लापरवाही



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि अगर कोई कार चालक बिना किसी चेतावनी के राजमार्ग पर अचानक ब्रेक लगाता है, तो उसे सड़क दुर्घटना की स्थिति में लापरवाही माना जा सकता है।

**शीर्ष अदालत ने सुनाया महत्वपूर्ण फैसला:** जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने मंगलवार को कहा कि किसी चालक द्वारा राजमार्ग के बीच में अचानक वाहन रोकना, चाहे वह व्यक्तिगत आपातस्थिति के कारण ही क्यों न हुआ हो, उचित नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि यह सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए खतरा हो सकता है।

पीठ के लिए फैसला लिखने वाले जस्टिस धूलिया ने कहा, राजमार्ग पर वाहनों की तेज गति अपेक्षित है और यदि कोई चालक अपना वाहन रोकना चाहता है, तो उसकी जिम्मेदारी है कि वह सड़क पर पीछे चल रहे अन्य वाहनों को चेतावनी या संकेत दे।

यह फैसला इंजीनियरिंग के छात्र एस. मोहम्मद हकीम की याचिका पर आया है। सात जनवरी, 2017 को कोयंबटूर में एक सड़क दुर्घटना के बाद उसका बायां पैर काटना पड़ा था। यह घटना तब हुई जब हकीम की मोटरसाइकिल एक कार के पिछले हिस्से से टकरा गई जो अचानक रुक गई थी। इस कारण हकीम सड़क पर गिर गया और पीछे से आ रही एक बस ने उसे टक्कर मार दी। कार चालक ने दावा किया था कि उसकी गर्भवती पत्नी को उल्टी जैसा महसूस हो रहा था इसलिए उसने अचानक ब्रेक लगाए थे। शीर्ष अदालत ने इस स्पष्टीकरण को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि कार चालक द्वारा राजमार्ग के बीच में अचानक कार रोकने के लिए दिया गया स्पष्टीकरण किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। मुआवजा बढ़ाने की हकीम की याचिका स्वीकार करते हुए पीठ ने कहा, हमारे विचार में यह निष्कर्ष सही है कि अपीलकर्ता ने आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त दूरी बनाए रखने में निश्चित रूप से लापरवाही बरती और बिना वैध लाइसेंस के मोटरसाइकिल चलाई। साथ ही, पीठ ने कहा कि इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि दुर्घटना का मूल कारण कार चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाना है। अदालत ने अपीलकर्ता को केवल 20 प्रतिशत की सीमा तक ही लापरवाही के लिए उत्तरदायी ठहराया, जबकि कार चालक और बस चालक को क्रमशः 50 प्रतिशत और 30 प्रतिशत की सीमा तक लापरवाही के लिए उत्तरदायी ठहराया। अदालत ने मुआवजे की कुल राशि 1.14 करोड़ रुपये आंकी, लेकिन अपीलकर्ता की सहभागी लापरवाही के कारण इसे 20 प्रतिशत कम कर दिया जिसका भुगतान दोनों वाहनों की बीमा कंपनियों द्वारा चार सप्ताह के भीतर उसे किया जाना है। इस मामले में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने कार चालक को दोषमुक्त करार दिया था और अपीलकर्ता व बस चालक की लापरवाही को 20:80 के अनुपात में निर्धारित किया। न्यायाधिकरण ने कार से पर्याप्त दूरी नहीं बनाए रखने के लिए अपीलकर्ता को 20 प्रतिशत लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया। हालांकि, मद्रास हाई कोर्ट ने कार चालक व बस चालक को क्रमशः 40 व 30 प्रतिशत की सीमा तक और अपीलकर्ता को 30 प्रतिशत सहभागी लापरवाही के लिए उत्तरदायी ठहराया था।

## दिल्ली में भाई-बहन की करंट लगने से मौत, पिता की भी हालत नाजुक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के बेगमपुर इलाके में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे मोहल्ले को झकझोर कर रख दिया। एक घर में खुले बिजली के तारों ने दो भाई-बहन की जान ले ली, जबकि उनके बुजुर्ग पिता अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं। यह हादसा बुधवार रात उस वक्त हुआ, जब एक छोटी सी लापरवाही ने पूरे परिवार को तबाह कर दिया। पुलिस के मुताबिक, रात करीब 10:56 बजे बेगमपुर थाने में एक फोन कॉल आया। कॉल करने वाले पड़ोसी अभिषेक ने घबराई आवाज में कहा, जल्दी बिजली कटवाइए, तीन लोग करंट से चिपक गए हैं। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, जहां पता चला कि स्थानीय लोगों ने पीड़ितों को रोहिणी के अग्रसेन अस्पताल पहुंचा दिया है। मृतकों की पहचान विवेक (26) और उनकी बहन अंजू (28) के रूप में हुई। विवेक एक वेल्डिंग मजदूर थे, जबकि अंजू की शादी को अभी महज तीन महीने ही हुए थे। उनके पिता कालीचरण (65) गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। डीसीपी रोहिणी राजीव रंजन के अनुसार, यह हादसा उस वक्त हुआ जब विवेक अपने 50 गज के मकान में सीढ़ियों पर चढ़ रहे थे। सीढ़ियों की रेलिंग पर लिपटे खुले बिजली के तारों ने उन्हें करंट का शिकार बना दिया। विवेक की चीख सुनकर उनके पिता कालीचरण दौड़े, लेकिन मदद करने की कोशिश में वे भी करंट की चपेट में आ गए। घर में मौजूद अंजू ने अपने भाई और पिता को बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भी इस हादसे का शिकार हो गईं। पुलिस और नॉर्थ दिल्ली पावर लिमिटेड की शुरुआती जांच में सामने आया कि घर की बिजली व्यवस्था बेहद असुरक्षित थी। खुले तार और लोहे की ग्रिल के साथ लापरवाही भरी वायरिंग इस त्रासदी की वजह बनी। स्थानीय लोगों ने तुरंत तीनों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने विवेक और अंजू को मृत घोषित कर दिया। कालीचरण की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भेज दिया गया है।

# इंदिरा गांधी से प्रेरणा लें, ट्रंप के सामने खड़े हों पीएम मोदी; 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने पर बोली कांग्रेस



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से निर्यात होने वाले सामानों पर 25 फीसदी का टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इंदिरा गांधी से प्रेरणा लेते हुए ट्रंप के सामने खड़े हो जाना चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह कटाक्ष भी किया कि अब ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई एक-दूसरे की तारीफ का कोई मतलब नहीं रह गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने रूस से आयात करने को लेकर भारत से आयातित सभी वस्तुओं पर दंडात्मक उपाय के तौर पर जुर्माना लगाने की भी घोषणा की। यह 25 प्रतिशत शुल्क से अलग होगा। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क और जुर्माना लगा दिया है। उनके और 'हाउडी मोदी' के बीच हुई इस सारी तारीफ़ का कोई मतलब नहीं रह गया है।''

**ट्रंप ने 'ऑपरेशन सिंदूर' रोकने के 30 बार दावे किए:** उन्होंने कहा, ''मोदी जी ने सोचा था कि अगर वह अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत पर किए गए अपमानजनक शब्दों पर चुप रहे तो तो राष्ट्रपति ट्रंप के हाथों भारत को विशेष दर्जा मिलेगा। ज़ाहिर है कि ऐसा नहीं हुआ है। ट्रंप ने 'ऑपरेशन सिंदूर' रोकने के 30 बार दावे किए, पहलगाम हमले का मंसूबा बनाने वाले पाकिस्तानी सेना प्रमुख को विशेष भोज दिया और आईएमएफ तथा विश्व बैंक से पाकिस्तान को वित्तीय पैकेज के लिए अमेरिकी समर्थन दिया।'' रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को इंदिरा गांधी से प्रेरणा लेनी चाहिए और अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने खड़ा होना चाहिए। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर दोनों देशों के बीच जारी बातचीत में कुछ गतिरोध के संकेतों के बाद भारत पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने अपने इस फैसले के पीछे भारत के ऊंचे शुल्क, रूस से 'अधिकांश' सैन्य उपकरणों और ऊर्जा की खरीद के साथ-साथ 'गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं' को कारण बताया। ट्रंप ने कहा कि भारत को एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और जुर्माना देना होगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत के साथ हमारा व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में भारत को अपना 'मित्र' बताया। उन्होंने कहा, भारत हमारा मित्र है, लेकिन हमने पिछले कई वर्षों में उनके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है, क्योंकि उनके शुल्क बहुत अधिक हैं, जो दुनिया में 'सबसे अधिक' हैं। उनके पास 'सबसे कठोर और अप्रिय' गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाएं हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, उन्होंने हमेशा अपने सैन्य उपकरणों का बड़ा हिस्सा रूस से खरीदा है, तथा चीन के साथ रूस के ऊर्जा के सबसे बड़े खरीदार हैं, जबकि हर कोई चाहता है कि रूस यूक्रेन में हत्याएं बंद करे।अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, सब कुछ ठीक नहीं है! इसलिए भारत को एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से खरीद को लेकर 'जुर्माना' भी देना होगा।

## धनखड़ ने क्यों मांगी थी बुलेटप्रूफ कार, सरकार ने सिर्फ इनोवा दे दी? क्या हुआ था

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे चुके जगदीप धनखड़ अपने काफिले के लिए नई बुलेटप्रूफ कार चाहते थे। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि धनखड़ के कार्यालय की तरफ से इस संबंध में केंद्र सरकार को सूचना भी दे दी गई थी, लेकिन बाद में उन्हें बगैर बुलेटप्रूफ गाड़ी प्रदान की गई। धनखड़ ने 22 जुलाई को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का हवाला देकर पद से इस्तीफा दे दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, बीते साल फरवरी में उप राष्ट्रपति सचिवालय की तरफ से तत्कालीन उपराष्ट्रपति धनखड़ के लिए नई बुलेटप्रूफ गाड़ियां मांगी गई थीं। उस दौरान बीएमडब्ल्यू कारों के पुराने होने की बात कही गई थी। इस अनुरोध के बाद केंद्रीय गृहमंत्रालय ने जून में इसकी जांच के लिए एक समिति गठित करने का फैसला किया था। रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर में धनखड़ को एक बगैर बुलेटप्रूफ सुरक्षा वाली इनोवा कार देने का फैसला किया गया। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि उपराष्ट्रपति सचिवालय ने अतिरिक्त सचिव (पुलिस आधुनिकिकरण प्रभाग) को भेजे पत्र में लिखा था, मुझे आपको यह बताने का आदेश मिला है कि भारत के माननीय उपराष्ट्रपति को रोज की आवाजाही के लिए तीन बुलेटप्रूफ हाई सिक्योरिटी बीएमडब्ल्यू कारें मिली हैं। आगे कहा गया, इन तीन वाहनों मे से तीन 6 साल से ज्यादा पुरानी हो गई हैं और तीसरी को लगभग 4 साल और 5 महीने हो गए हैं। उसे भी अगले कुछ महीनों में 5 साल हो जाएंगे। पत्र में कहा गया, यह गया है कि इन तीनों वाहनों बुलेटप्रूफ हाई सिक्योरिटी वाहनों से बदल दिया जाए। तीन वाहनों के जल्द से जल्द बदलने का अनुरोध किया जाता है।

# ट्रंप की पुरानी आदत है पहले तनाव पैदा करना फिर खुद समाधान बताना', बोले पूर्व अमेरिकी अधिकारी



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ शुल्क लगाने की घोषणा कर दी है। हालांकि इसके बाद उनका एक बयान ये भी सामने आया कि वो इस पर भारत से बात कर रहे हैं। वहीं, टैरिफ के फैसले ने दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों में नई बेचैनी पैदा कर दी है। ट्रंप के इस कदम को कुछ अमेरिकी पूर्व अधिकारी एक रणनीतिक दबाव की नीति बता रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि दोनों देशों के बीच बातचीत की गुंजाइश अभी भी मौजूद है और समझदारी से काम लिया जाए तो एक ऐतिहासिक समझौता हो सकता है। आइए जानते हैं कि पूर्व अमेरिका अधिकारियों का क्या कहना है।

रे विकरी ने ट्रंप के टैरिफ फैसले पर कहा कि यह उनका जाना-पहचाना तरीका है। वह पहले एकतरफा दबाव बनाते हैं, फिर उसी समस्या का समाधान पेश कर खुद को विजेता के रूप में पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि अभी घबराने की जरूरत नहीं है। भारत और अमेरिका दोनों के पास समझदार नेतृत्व है जो बातचीत से रास्ता निकाल सकता है।

पूर्व अमेरिकी व्यापार सचिव रे विकरी का कहना है कि रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद उसने भारत और चीन को कम कीमत पर तेल बेचना शुरू किया। इससे भारत को जरूर फायदा हुआ, लेकिन अब भारत को यह सोचना होगा कि एक लोकतांत्रिक राष्ट्र होने के नाते उसका दीर्घकालिक हित किसमें है। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत को अपने ऊर्जा स्रोतों को विविध बनाना चाहिए और वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभानी चाहिए।

विकरी ने यह भी कहा कि ट्रंप के पूरी तरह लेन-देन आधारित रवैये से वैश्विक लोकतांत्रिक नेतृत्व में खालीपन आ गया है। भारत जैसे देश, जो लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखते हैं, उनको इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ज्यादा सक्रियता दिखानी चाहिए। इससे भारत को वैश्विक रणनीतिक भूमिका निभाने में मदद मिलेगी।

पूर्व अमेरिकी असिस्टेंट स्टेट सेक्रेटरी और एशिया ग्रुप की पार्टनर निशा बिस्वाल का कहना है कि कुछ दिन पहले तक संकेत मिल रहे थे कि अमेरिका और भारत के बीच 'फेज वन डील' लगभग तय हो चुकी है। लेकिन अब ट्रंप का नया फैसला बताता है कि वह अंतिम दौर की बातचीत में ज्यादा दबाव बनाकर डील को अपने पक्ष में मोड़ना चाहते हैं। उनका मानना है कि यह ट्रंप की एक पुरानी रणनीति है कि पहले तनाव पैदा करना और फिर समाधान पेश कर जीत का दावा करना।

ट्रंप द्वारा भारत के रूस के साथ रिश्तों की आलोचना को लेकर भी निशा बिस्वाल ने कहा कि यह मतभेद कोई नया नहीं है। अमेरिका हमेशा भारत के पुराने रणनीतिक रिश्तों को समझता रहा है, लेकिन ट्रंप इस बार कम लचीलापन दिखा रहे हैं।

## बांग्लादेश में राजनीतिक सरगर्मी तेज, खालिया जिया ने लिया चुनाव लड़ने का फैसला

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के उपाध्यक्ष अब्दुल अवल मिंटू ने बुधवार को घोषणा की कि बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया आगामी चुनाव लड़ेंगी। फेनी जिले में एक कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष ने कहा, जिले में चुनावों को लेकर कोई चिंता नहीं है। हमारी नेता खालिदा जिया अब स्वस्थ हैं। वह चुनाव लड़ेंगी। फेनी को लेकर कोई चिंता नहीं है।

बीएनपी की जीत का भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा, अगर निष्पक्ष चुनाव हुए, तो फेनी में बीएनपी निश्चित रूप से जीतेगी, क्योंकि इस जिले का चुनावी इतिहास काफी चर्चित रहा है। उन्होंने कहा, देश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए चुनाव पहले भी हो सकते हैं। ऐसा भी संभव है कि जनवरी में हो जाए। कार्यवाहक सरकार से संबंधित एक मामला वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। अगर न्यायालय कार्यवाहक व्यवस्था को बहाल करने की अनुमति देता है, तो यह अंतरिम सरकार कार्यवाहक सरकार के रूप में कार्य करेगी।

संविधान के अनुसार, कार्यवाहक सरकार के तहत 90 दिनों के भीतर चुनाव कराए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि बीएनपी को अंतरिम सरकार और पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान के बीच लंदन में हुई बैठक के दौरान बनी सहमति पर भरोसा है।

## पाकिस्तान ने चीन से लॉन्च किया रिमोट वाला सैटेलाइट, सीपीईसी पर रखेगा आसमान नजर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने चीन की मदद से एक रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट लॉन्च किया है। इसकी लॉन्चिंग भी चीन स्थित शिचांग सैटेलाइट लॉन्चिंग सेंटर से हुई है। पाकिस्तान की स्पेस एंड अपर एटमॉस्फियर रिसर्च कमिशन यानी एसयूपीएआरसीओ ने इसकी जानकारी गुरुवार को दी है। एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि यह सैटेलाइट पाकिस्तान और चीन को सीपीईसी की निगरानी में मदद करेगी। इसके अलावा अंतरिक्ष से ही चीन और पाकिस्तान की कई साझा परियोजनाओं पर नजर रखी जा सकेगी। बता दें कि चीन पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर का एक हिस्सा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से गुजरता है, जो वास्तव में भारत का हिस्सा है। यह सैटेलाइट पीओके पर भी नजर रखेगा और यह भारत के लिए भी एक अलर्ट रहने वाली खबर है। पाकिस्तानी एजेंसी का कहना है कि इस सैटेलाइस से कृषि क्षेत्र की जानकारी जुटाई जा सकेगी। इसके अलावा पर्यावरणीय मसलों का विश्लेषण करने में भी मदद मिलेगी। रणनीतिक महत्व की चीजों पर भी निगरानी रखी जा सकेगी और प्राकृतिक संसधानों का भी प्रबंधन किया जा सकेगा। पाकिस्तानी एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि सैटेलाइट से हमें पता चलेगा कि कहां पर भौगोलिक बाधाएं और उन्हें कैसे दूर किया जा सकता है। एजेंसी का कहना है कि रिमोट से संचालित होने वाला पाकिस्तान का यह दूसरा सैटेलाइट है। इससे पहले पीआरएसएस-1 की लॉन्चिंग की गई थी। उसे 2018 में लॉन्च किया गया था।

# अफ्रीका और सीरिया में बढ़ा इस्लामिक स्टेट और अल-कायदा का खतरा

### संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में खुलासा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी गई एक नई रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया है कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) और अल-कायदा जैसे चरमपंथी संगठनों का खतरा अफ्रीका के कुछ हिस्सों में सबसे ज्यादा है और अब यह खतरा सीरिया में भी तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों आतंकी संगठन सीरिया को भविष्य के लिए एक रणनीतिक केंद्र के रूप में देख रहे हैं जहां से वे बाहरी हमले संचालित कर सकते हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि पश्चिम अफ्रीका में अल-कायदा से जुड़ा समूह जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन (जेएनआईएम) और पूर्वी अफ्रीका में अल-शबाब संगठन लगातार अपने प्रभाव वाले इलाकों का विस्तार कर रहे हैं। इस्लामिक स्टेट के मिडिल ईस्ट में कमजोर पड़ने के बाद अफ्रीका में उनका ध्यान केंद्रित हुआ है।

**सीरिया में फिर सिर उठा रहा आतंक:** सीरिया में बशर अल-असद के सत्ता से हटने के छह महीने बाद भी हालात अस्थिर बने हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वहां दोनों आतंकी संगठनों के खतरे बढ़ते जा रहे हैं। दिसंबर 2023 में दमिश्क पर कब्जे की सैन्य कार्रवाई में 5,000 से ज्यादा विदेशी आतंकियों के शामिल होने की जानकारी सामने आई है।

**यूरोप और अमेरिका पर भी खतरा बरकरार:** विशेषज्ञों ने कहा कि यूरोप और अमेरिका के लिए इस्लामिक स्टेट का खतरा अब भी गंभीर है। अमेरिका में कई आतंकी साजिशें आईएसआईएस से प्रेरित पाई गई हैं, जिनमें सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म्स के जरिए कट्टरपंथ फैलाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, न्यू ऑरलियन्स में एक हमले में 14 लोगों की मौत और मिशिगन में एक सैन्य ठिकाने पर हमले की योजना नाकाम की गई।

**आर्थिक संकट में हैं आतंकी संगठन:** रिपोर्ट में बताया गया है कि आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट को फंडिंग में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनके लड़ाकों की सैलरी 50-70 डॉलर प्रति माह तक घटा दी गई है, जो पहले से कहीं कम है। परिवारों को दी जाने वाली राशि भी अब केवल 35 डॉलर है और वह भी नियमित रूप से नहीं दी जा रही।

**फंडिंग के लिए अपनाए जा रहे नए तरीके:** रिपोर्ट में बताया गया कि ये आतंकी संगठन धन जुटाने के लिए क्षेत्रीय संसाधनों का दोहन, समुदायों पर टैक्स, फिरौती के लिए अपहरण और व्यापारिक नेटवर्क का इस्तेमाल करते हैं। साथ ही अब वे महिला दूतों और हवाला जैसी प्रणालियों के जरिए फंड ट्रांसफर कर रहे हैं ताकि पहचान से बचा जा सके।

**यमन -सोमालिया के बीच खतरनाक गठजोड़:** रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पूर्वी अफ्रीका में अल-शबाब और यमन के हूती विद्रोहियों के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं। दोनों के बीच हथियारों की अदला-बदली और प्रशिक्षण की साझेदारी हो रही है, जिससे क्षेत्र में खतरा और बढ़ गया है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि इन गतिविधियों पर रोक नहीं लगी तो ये संगठन अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए और बड़ा संकट बन सकते हैं।

# बधाई हो बेटी हुई है... बेटियों के जन्म पर खुश हों, उल्लास मनाएं : उपायुक्त





## सदर अस्पताल बोकारो में भव्य कार्यक्रम कर नवजात बेटियों एवं उनके अभिभावकों को दी गई बधाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा के मार्ग दर्शन में समाज कल्याण विभाग द्वारा गुरुवार को बधाई हो बेटी हुई है... कार्यक्रम की शुरुआत सदर अस्पताल स्थित मातृ- शिशु वार्ड में एक भव्य समारोह कर की गई। मौके पर स्वयं उपायुक्त, उनकी धर्मपत्नी डा. प्रतिमा झा, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डा. एन पी सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, पीएमयू की टीम समेत अन्य उपस्थित थे। सबसे पहले उपायुक्त अजय नाथ झा, उनकी धर्मपत्नी डा. प्रतिमा झा, उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार व अन्य के द्वारा नवजात बेटियों के अभिभावकों को क्रमवार उनके घर बेटी होने की उन्हें बधाई दी गई। बेटी के जन्म की इस खुशी को साझा करते हुए सभी पदाधिकारियों ने अभिभावकों को मिठाई खिलाई गई और उनका मुंह मिठा कराया गया। इसके साथ ही प्रसव के पश्चात आवश्यक मेडिकल कीट और बच्चों से संबंधित किट प्रदान किया गया। समारोह को जीवंत और उल्लासपूर्ण बनाने के लिए धीमी ताल पर पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की धुन बजाई गई, जिससे अस्पताल परिसर में एक खुशनुमा, पारिवारिक और उत्सव का माहौल बन गया। अभिभावकों के चेहरे पर खुशी और गर्व का पल साफ झलक रहा था। मौके पर अपने संबोधन में उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि बेटी के जन्म को बोझ नहीं, सौभाग्य समझें। अब समय आ गया है कि हम अपने मानसिकता में बदलाव लाएं और बेटियों के जन्म को खुशी और उल्लास से मनाएं। जब तक समाज में मानसिक स्तर पर बेटियों को लेकर समानता का भाव नहीं आएगा, तब तक असल बदलाव संभव नहीं है। उन्होंने जिलेवासियों को आह्वान किया कि समाज बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सुरक्षा जैसे सभी क्षेत्रों में समान अवसर दें। साथ ही, अपने आस - पास बेटियों के जन्म पर उनके अभिभावकों को बधाई दें, मिठाई खिलाएं।

**बेटियों को आगे बढ़ने की आजादी दें, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना बना रही सशक्त**

उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना जैसे कार्यक्रम महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का ही एक माध्यम है। यह आवश्यक है कि अभिभावक अपनी बेटियों को आगे बढ़ने की पूरी आजादी दें और उनको प्रोत्साहित करें।

**अपने माइंडसेट को बदले - बेटा-बेटी में ना करें भेदभावः डॉ. प्रतिमा**

इस अवसर पर उपस्थित उपायुक्त की धर्मपत्नी डॉ. प्रतिमा ने कहा कि अब वक्त है अपने माइंडसेट को बदलने का। बेटा - बेटी में भेदभाव नहीं होना चाहिए। दोनों को समान शिक्षा, संरक्षण और स्नेह मिलना चाहिए।

**बेटा - बेटी दोनों को मिले समान अवसर- बेटियों को आगे बढ़ाएं: डीडीसी**

मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि समाज तभी प्रगति कर सकता है जब बेटा और बेटी दोनों को बराबरी का मौका मिले। अभिभावक अपनी बेटियों को भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। आज मैंने जो भी हासिल किया है, उसके पीछे मेरे अभिभावकों का बड़ा सोच रहा होगा। उन्होंने बेटों के साथ बेटियों को भी प्यार से आगे बढ़ाने की बात कहीं। वहीं, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता ने बताया कि बधाई हो बेटी हुई है... कार्यक्रम के तहत शहरी व ग्रामीण स्तर पर जन जागरूकता को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब करनी हो समाज की रक्षा, तो बेटी की करो सुरक्षा। मौके पर कई चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, प्रशासनिक पदाधिकारी एवं परिजन उपस्थित थे।

# रोटरी क्लब चास ने मनाया सावन महोत्सव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब चास ने चीरा चास स्थित रोटरी भवन में सावन महोत्सव भव्य रूप से मनाया। महिला सदस्यों ने श्रृंगार करते हुए,पारंपरिक परिधान पहन कर गीत संगीत पर थिरकती नजर आई। महिलाओं ने हाथों में मेंहदी भी रचाई हुई थी। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि सावन उमंग, उल्लास एवं प्रकृति की सजीवता का पर्व है। डिंपल कौर ने कहा कि इससे पर्यावरण के प्रति प्रेम एवं संस्कृति की गहराई को बढ़ावा मिलता है। डॉ परिंदा सिंह ने कहा कि सावन महोत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाता है। डॉ परिंदा ने कहा हम प्रकृति और संस्कृति दोनों से जुड़ जाते हैं।

इस अवसर पर उपस्थित बोकारो फाउंडेशन की अध्यक्ष नीना नारायण ने कहा की सावन महोत्सव से समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। निष्णा रस्तोगी के भक्ति गीत पर नृत्य के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। गोरी है कलाइयां.... और सावन में मोरनी बनके..... गाने पर जब श्वेता, अर्चना, पूनम, पूजा, मनप्रीत ने, चूड़ी जो खनके हाथों में...... गाने पर कल्याणी गुप्ता और छाया जायसवाल ने नृत्य किया तो समा बंध गया। मां और बेटी की जोड़ी के रूप में लावण्या और श्वेता, वैष्णवी और कविता के नृत्य ने सबका मन मोह लिया। गोविंदा स्पेशल गानों पर आरती एवं सिद्धार्थ पारीक की जोड़ी ने धमाल मचा दिया। श्वेता रस्तोगी को सर्वश्रेष्ठ एकल नृत्य के लिए और डॉ परिंदा सिंह सिद्धार्थ सिंह को सर्वश्रेष्ठ युगल नृत्य के लिए चयनित किया गया।

इस अवसर पर पूजा बैद को सावन क्वीन घोषित किया गया। रोटरी क्लब चास की सचिव श्वेता रस्तोगी ने कहा कि सुहागन महिलाओं के लिए सावन का विशेष महत्व है। श्वेता ने कहा कि सावन महोत्सव महिलाओं की कलात्मक प्रतिभा को निखारने का कार्य करता है और इससे उनका तनाव भी कम होता है।

इस अवसर पर ललिता चोपड़ा, पूजा बैद, शैल रस्तोगी, ज्योति अग्रवाल, डॉ पुष्पा, रंभा सिंह,डॉ परिंदा सिंह, माधुरी सिंह,किरण कुमार, कविता मल्लिक, छाया जायसवाल, मनप्रीत कौर, जूली केड़िया,आरती पारख, राखी चौधरी अंजना झांझरिया, बिनोद चोपड़ा, संजय बैद, मनोज चौधरी, बिनय सिंह, डॉ श्रवण कुमार, डॉ सुमन कुमार, हरबंस सिंह, चनप्रीत सिंह,संजय रस्तोगी, मनोज सिंह आदि उपस्थित थे।

# बोकारो स्टील प्लांट से सेवानिवृत कर्मचारियों को दी गई विदाई




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट से जुलाई '2025 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी एवं मुख्य महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण उपस्थित रहे. समारोह के आरम्भ में मुख्य महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण ने मुख्य अतिथि तथा आगंतुकों का स्वागत किया. सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. नन्दा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी और प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मी का संक्षिप्त बायोडाटा प्रस्तुत किया. अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की. उन्होंने सेवा निवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किए. जुलाई '2025 में बोकारो स्टील प्लांट से कुल 09 अधिशासी एवं 29 अनाधिशासी कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं. कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. नन्दा प्रियदर्शिनी के द्वारा किया गया. मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) अमरेंद्र झा एवं मुख्य महाप्रबंधक (पावर फेसिलिटीज) अनिन्दा दास के लिए आयोजित एक अन्य विदाई समारोह में निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री अनीष सेनगुप्ता, बी जी एच प्रभारी डॉ बी बी करुणामय सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे. निदेशक प्रभारी, श्री तिवारी ने श्री अमरेंद्र झा एवं श्री अनिन्दा दास को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की और उपस्थित सभी ने उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं.

# साहित्य से अमरता प्राप्त होती है : राजेंद्र कामत




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9 डी ,बोकारो स्टील सिटी में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने सुलेख प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि साहित्य से व्यक्ति की पहचान होती है । यह गोस्वामी तुलसीदास जी ने सिद्ध करके दिखाया है । जिस विपरीत परिस्थिति में उन्होंने अपनी रचनाओं को मूर्त रूप दिया है। वह अद्वितीय है। आज समाज में उनकी 12 रचनाएं प्रतिष्ठित हैं । जिसमें रामचरितमानस की ख्याति देश ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जग जाहिर है । तुलसी ने राम के माध्यम से मानव जीवन के जीने की पद्धति को समाज के बीच रखा है । जिसमें भाई का भाई से, पुत्र का पिता से, राजा का प्रजा से यहां तक की दुश्मन का दुश्मन से कैसा व्यवहार हो यह सिखाया है ।हम कह सकते हैं कि आज के परिपेक्ष में मानस की उपयोगिता सर्वोपरि है ।इसके माध्यम से हम राम के समान संयमी, विद्वान और ताकतवर बन सकते हैं। अतः सभी को चाहिए कि गोस्वामी रचित रामचरितमानस का अध्ययन आवश्य करें। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य एवं दीदी जी ने भी विभिन्न भाषाओं में जैसे - नंदन पांडे ने खोरठा भाषा में, दिनेश खवास ने बांग्ला भाषा में, रजनी भूट कुमारी मुंडा ने नागपुरी भाषा में एवं पूनम दीदी ने हिंदी भाषा में अपनी बातों को रखा। साथ ही चतुर्थ कक्षा के भैया अभिमन्यु, मयंक गर्ग एवं बहन श्वेता ने तुलसी दास जी के जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यालय की बहनों ने तुलसीदास द्वारा रचित कविताओं को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया । वहीं विद्यालय की आचार्य सरोज पांडे एवं नूतन दीदी ने भी श्री राम स्तुति गाई। कार्यक्रम का संचालन कक्षा नवम के विद्यार्थी अश्विन आनंद, एवं कक्षा अष्टम की बहन श्वेता कुमारी और सानवी ने किया। विद्यालय के सभी विद्यार्थी इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से रोमांचित दिखे और सभी ने संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी के बारे में विस्तार से जाना।

## संक्षिप्त समाचार

### भैया - दीदी काउंटर में आने वाले ग्राहकों का करें सम्मानः उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में पथ विक्रेताओं, श्रमिकों और स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं की आसान पहुँच दिलाने की दिशा में चास स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा में शुरू किए गए भैया-दीदी काउंटर का उपायुक्त अजय नाथ झा ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इस अवसर पर डीसी ने भैयाझ्रदीदी काउंटर का जायजा लेते हुए बैंक अधिकारियों को कई जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए भैया-दीदी काउंटर जैसी पहल अत्यंत प्रभावी साबित होगी। डीसी ने बैंक कर्मियों से कहा कि इस विशेष काउंटर पर आने वाले सभी ग्राहकों के साथ सम्मानजनक और संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैंकिंग परिसर को फ्रेंडली, समावेशी एवं सहज माहौल में तब्दील करने पर जोर दिया। डीसी ने मौके पर उपस्थित एलडीएम आबीद हुसेन को निर्देशित किया कि वह जिले के अन्य बैंकों में भी इसी प्रकार के भैयाझ्रदीदी काउंटर खोले, ताकि पथ विक्रेताओं, श्रमिकों, महिलाओं और कमजोर वर्ग के लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा जा सके। मौके पर बैंक के शाखा प्रबंधक संदीप कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।



### स्थानीय उत्पादों एवं कारीगरों को मंच देने को लेकर आकांक्षा हाट आज

**वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने को लेकर 01 व 02 अगस्त को होगा आयोजन**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नीति आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों के आलोक में वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने अंतर्गत जिले के स्थानीय उत्पादों और कारीगरों को एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराने हेतु 01 अगस्त से 02 अगस्त 2025 तक आकांक्षा हाट का आयोजन जिला परिषद कार्यालय परिसर बोकारो में किया जाएगा। इस दो दिवसीय हाट में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए स्थानीय उत्पादकों, हस्तशिल्पियों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री की जाएगी। इसका उद्देश्य है कि लोकल उत्पादों की पहचान, ब्रांडिंग व विपणन को सशक्त मंच प्रदान किया जा सके, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिले। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन सभी नागरिकों, युवाओं, स्वयं सहायता समूहों, शिक्षण संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों से इस हाट में भागीदारी कर स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने का अपील करता है।

### कलश यात्रा के साथ चार दिवसीय श्री श्री शतचंडी यज्ञ शुरू

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नगर के सेक्टर 2 बी स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में श्रीश्री शतचंडी यज्ञ व मां शीतला एवं मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना को लेकर गुरूवार को कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें काफी संख्या में महिला पीला वस्त्र धारण कर शामिल हुई। सुबह मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा शुरू हुई, जो प्रधान डाक घर होते हुए सेक्टर तीन टू टैंक गार्डेन पहुंची। जहां पंडित द्वारा पूजा अर्चना के बाद सैकड़ों महिलांए कलश में जल भरकर वापस मंदिर परिसर आयी। जिसके बाद चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू हो गया। कलश यात्रा में मुख्य यजमान शारदा गुप्ता, आशा, पवन मिश्रा, अर्जुन बाबा, पवन मिश्रा, उमेश शर्मा, विनोद सिंह, अखिलेश सिंह, रिंकू सिंह, राकेश ओझा, मिथिलेशर्शि संह, राम मूर्ति चौबे,गुड़िया सिंह सहित काफी संख्या में महिलांए शामिल थी। शुक्रवार को प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया जाएगा। शनिवार को प्राण प्रतिष्ठा व 24 घंटे का अखंड कीर्तन होगा। वहीं रविवार को हवन पूणार्हुति व महा प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# कोलियरी कर्मियों ने सांसद को समस्याओं से अवगत कराया

केंदुआ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गोपालीचक कोलयरी के लगभग 40 से 50 मजदूर, फुलचंद यादव ,एटक सचिव ,गोपालिचक कोलियरी, के नेतृत्व में एटक के केंद्रीय अध्यक्ष सह बाघमारा विधायक शरद महतो से भेट कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। सबसे ज्वलंत समस्या आवास शिफ्टिंग को लेकर मजदूरों की हाजरी रोकी गई थी। उस पर सभी मजदूरों ने एक स्वर में विधायक से अपना दुखड़ा सुनाया और उनसे तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की। सारी समस्याओं को विस्तार से विधायक को अवगत कराया गया साथ ही सांसद ढुलू महतो को भी इस समस्या से अवगत कराया गया। उन्होंने भी फोन पर सी एम डी से वार्ता किया । गोपालीचक कोलियरी के एटक सचिव फूलचंद यादव इन समस्याओं से आवगत करते हुए सवाल उठाया। अग्नि प्रभावित और भू धसान के नाम पर अनावश्यक मजदूरों को परेशान करना। लगभग 300 लोगों को कराया जाएगा खाली।जबकि केंदुआ, करकेन्द के बीच में 5 बैंक,2 पेट्रोल पंप, जलान जैसा बड़ा होलसेल मार्केट,राज्य सरकार और बीसीसीएल का चिकित्सालय ,पशु चिकित्सालय,रीति रिवाज मैरेज हॉल,ऑफिसर फ्लैट,और पूरा बाजार आबाद है।यह सब भू धसान से बाहर है और इन सब के बीच में रह रहे मजदूरों का आवास भू धसान क्षेत्र में आता है और जो इंक्रोचर बीसीसीएल का आवास कब्जा कर वही रह रहे हैं वैसे लोग भू धसान से बाहर हैं। इससे साफ प्रतीत होता है कि प्रबंधन दोहरी नीति अपना रहा है।बीसीसीएल कर्मी पर जबरन आवास खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है और उनकी हाजरी रोकी जा रही है वहीं बाहरी लोगों को मुफ्त में घर,पानी,बिजली सब दिया जा रहा है ये कैसा इंसाफ है। सारी जानकारी के बाद विधायक ने डीटी और पीबी क्षेत्र के महा प्रबंधक से टेलीफोनिक बात की और यह सुनिश्चित किए कि अभी तत्काल में कोई भी मजदूर आवास खाली नहीं करेगा और ना ही किसी की हाजरी रुकेगी। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किए कि 15 अगस्त के बाद सीएमडी से इस मुद्दे पर वार्ता कर ठोस निर्णय लिया जाएगा और हमेशा के लिए इस समस्या का निदान किया जाएगा। वार्ता के बाद सभी कोल कर्मियों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी कोल कर्मियों ने प्रबंधक से अनुरोध किया है कि अत्याचार ना करें हम भी आपके परिवार का एक हिस्सा है। विधायक से वार्ता करने वालों में मो मोहिबुद्दीन आलम,दीपक कुमार,शंभू शरण यादव,गोबिंद यादव, शमशेर अली,गिरधारी रविदास,तारक राज,सुधीर राम,टेको महतो,महादेव पासवान,कामेश्वर चमार, नारायण कुमार, और कई अन्य कर्मी वहां मौजूद थे।

# सदर अस्पताल में चिकित्सकों की कमी, मरीज परेशान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सदर अस्पताल में चिकित्सक की कमी के कारण मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है। ऐसा ही मामला एक आज सामने आया । झोपड़ी कॉलोनी में रहने वाले एक मरीज को पड़ोस के लोगों के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। लेकिन चिकित्सकों ने सर्जन से दिखाने की सलाह दी। लेकिन जब मरीज को लाने वाले लोग सर्जन के पास कमरा नंबर दो में गए तो सर्जन मौके पर मौजूद नहीं थे।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर डीसी-एसपी ने पुलिस लाइन मैदान का लिया जायजा

## विभिन्न बिंदुओं पर की चर्चा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वतंत्रता दिवस 2025 के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य समारोह स्थल पर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। डीसी -एसपी ने आयोजन स्थल पर पंडाल निर्माण, मंच व्यवस्था, साउंड सिस्टम, बैठने की सुविधा, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, रंगाई-पुताई, पार्किंग स्थल, बैरिकेडिंग, प्रवेश-निकास मार्ग, शौचालय आदि व्यवस्थाओं के संदर्भ में संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया।

कहा कि जो भी मरम्मत व निर्माण कार्य किए जाने हैं, उसे पूरा करें। मौके पर डीसी ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व गरिमा और सुरक्षा के साथ आयोजित हों, इसके लिए सभी विभागीय समन्वय आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से मार्च-पास्ट, राष्ट्र गान एवं आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने पर जोर दिया।

वहीं, एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश-नियंत्रण, ट्रैफिक प्लान, पुलिस बल की तैनाती, इमरजेंसी रिस्पांस की तैयारी सहित अन्य बिंदुओं पर पुलिस पदाधिकारियों - मेजर को निर्देश दिया। निरीक्षण क्रम में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, नजारत उप समाहर्ता प्रभाष दत्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा पियूष, सीटी डीएसपी आलक रंजन, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल अमृत कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत पुलिस - प्रशासन के अन्य उपस्थित थे।

# तुलसीदास की जयंती पर हनुमान चालीसा सस्वर पाठ प्रतियोगिता आयोजित



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोक नगर धनसार धनबाद में गुरुवार को तुलसी जयंती के शुभ अवसर पर अंतर विद्यालयी हनुमान चालीसा सस्वर गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें धनबाद जिला के 13 विद्यालयों ने भाग लिया। अतिथि परिचय विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने कराया एवं कार्यक्रम की भूमिका रखी ।उन्होंने कहा कि तुलसीदास लोकनायक कवि हैं उनकी रचनाएं आध्यात्मिकता से लोगों को जोड़ती हैं ,इससे मनुष्य के हृदय में मनुष्यता एवं देवत्व का भाव जगता है। विद्यालय के अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमें प्रतिदिन हनुमान चालीसा पढ़ना चाहिए और अच्छी संगति करनी चाहिए ।जिस तरह चंदन के वृक्ष से सर्प लिपटे होते हैं बावजूद इसके चंदन पर सर्प के विष का प्रभाव नहीं पड़ता ,हमें भी इसी तरह का आचरण करना चाहिए। जिन विद्यालयों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया उनमें डीएवी कोयला नगर, सरस्वती विद्या मंदिर भूली, जे एन एम एस डिगावाडीह ,धनबाद पब्लिक स्कूल केजी आश्रम, धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, सिंबोसिस पब्लिक स्कूल, वीणा बाल विकास विद्यालय ,किड्स गार्डन झरिया, डी ए वी अलकुशा, सरस्वती विद्या मंदिर भूली नगर एवं डी ए वी सिंदरी के नाम शामिल है। उक्त विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया एवं सबों का मन मोह लिया। कुछ घंटे तक तो राजकमल का कलावती सभागार पूर्णतया आध्यात्मिक बन गया। प्रथम स्थान सरस्वती विद्या मंदिर भूली नगर के प्रतिभागियों को मिला। विजेता प्रतिभागियों में स्नेहा रानी, स्तुति झा, माही महतो, आरोही सिंह, वर्षा सिंह, श्रुति गोस्वामी, आरुषि सिंह एवं राजकुमार के नाम शामिल है द्वितीय स्थान धनबाद पब्लिक स्कूल के जी आश्रम को प्राप्त हुआ ।इसमें अलंकार चटर्जी, प्राची कुमारी, सुदीप्ता चक्रवर्ती, डोना वाइन, संचित मंडल, अनुश्री नंदन, तन्वी सिंह ,श्रावणी चंदा, सायशा नियोगी के नाम शामिल हैं ।तृतीय स्थान डी ए वी सिंदरी को प्राप्त हुआ जिसमें प्रतिभागियों के नाम स्नेहा कुमारी, शुभम आचार्य, शौरीमा कुमारी, रोशनी कुमारी ,अनुश्री मुखर्जी ,रुद्र घोषाल ,रितेश हालदार तथा अक्षत तिवारी हैं।सांत्वना पुरस्कार धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच को प्राप्त हुआ जिनमें प्रतिभागियों के नाम सृष्टि कुमारी गुप्ता, आयुषी राणा, आयुष कुमार, रुशील पटेल, तनीषा चटर्जी, सत्यम कुमार विश्वकर्मा, शुभ, तेजस कुमार, शान्वी वर्मा एवं आराध्या तिवारी के नाम शामिल हैं।प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के साथ-साथ इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में डॉ श्याम किशोर प्रसाद आरएसपी कॉलेज झरिया तथा प्रोफेसर सुषमा गुप्ता बी एस एस महिला महाविद्यालय के हिंदी के विभागाध्यक्ष उपस्थित थीं ।इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, सचिव संजीव अग्रवाल, समिति सदस्य राजेश रिटोलिया ,प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उपप्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह, प्रभारी कमल नयन, पार्थ सारथी सरकार, हिंदी विभाग के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा एवं हिंदी विभाग के पूजा कुमारी, विजेता पाठक, अर्चना कुमारी,मीना कुमारी रेणु सिन्हा, आशा प्रसाद,एवं रासबिहारी मंडल उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग के वरिष्ठ शिक्षक कल्याण नारायण पाठक ने किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com